सूर्योदय 5:17 सूर्यास्त 7:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13.4 न्यू | 22.5 अधि |
| धर्मशाला | 18.4 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75,527 |
| निफ्टी | 23,622 |
| सोना | 1,48,000 |
| चांदी | 2,42,000 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129 62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 13 जून 2026 | 30 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 165, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### गोविंदपुरी में भीषण आग, तीन की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में देर रात पांच मंजिला रिहायशी इमारत में लगी भीषण आग में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। दो अन्य घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार देर रात करीब 2:24 बजे तुगलकाबाद एक्सटेंशन स्थित इमारत में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पुलिस, दमकल विभाग और कैट्स एंबुलेंस की टीमों ने संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। बचाव अभियान में आठ लोगों को बाहर निकालकर सफदरजंग अस्पताल और एम्स ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। हादसे में एक 22 वर्षीय युवक और दो महिलाओं की मौत हुई है। (अनंत ज्ञान)

### एलन मस्क बने दुनिया के पहले 'ट्रिलियनेयर'

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क अब सिर्फ एक अरबपति नहीं रहे, बल्कि उन्होंने संपत्ति के मामले में एक ऐसा मुकाम हासिल कर लिया है जो अब तक किसी भी व्यक्ति ने नहीं किया था। रॉकेट और सैटेलाइट कंपनी स्पेसएक्स के रिकॉर्ड 75 अरब डॉलर के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग के बाद मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बन गए हैं। मस्क की दौलत का एक बड़ा हिस्सा अब उनकी स्पेस कंपनी स्पेसएक्स से आ रहा है। वीरवार को आए स्पेसएक्स के ऐतिहासिक आईपीओ ने शेयर बाजार से 75 अरब डॉलर जुटाए हैं, जिसने उनके बिजनेस पर निवेशकों के उत्साह को साबित किया है। रॉयटर्स की गणना के अनुसार, शुक्रवार को जब शेयरों की ट्रेडिंग शुरू हुई, तो टेस्ला और उनकी अन्य कंपनियों की हिस्सेदारी को मिलाकर मस्क की कुल संपत्ति 1.1 ट्रिलियन डॉलर (1.1 लाख करोड़ डॉलर) को पार कर गई। (अनंत ज्ञान)



### मैगी के पैकेट में कीड़े मिलने पर नेस्ले को नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने मैगी में कीड़े मिलने की शिकायत के बाद नेस्ले कंपनी को नोटिस भेजा है। सोशल मीडिया पर आई शिकायतों के आधार पर एफएसएसएआई ने कंपनी से जवाब मांगा है और तुरंत एक्शन टेकन रिपोर्ट देने को कहा है। मैगी के जिस बैच को लेकर शिकायत मिली है, एफएसएसएआई ने उसे बाजार से तुरंत हटाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके अलावा, साफ-सफाई से जुड़ी शिकायतों को लेकर फास्ट-फूड चेन केएफसी को भी नोटिस जारी किया गया है। वहीं, खजूर के एक प्रोडक्ट में कीड़े मिलने की शिकायत पर फ्लिपकार्ट इंडिया और ओपन सीक्रेट से भी जवाब तलब किया गया है। एफएसएसएआई का कहना है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और सभी कंपनियों से मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय शूटर जसपाल राणा का निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज शूटर जसपाल राणा का शुक्रवार को निधन हो गया। एक जून को जर्मनी से लौटते समय फ्लाइट में 49 साल के राणा की तबीयत बिगड़ी थी। दिल्ली पहुंचने पर उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनके हार्ट में स्टेंट डाला गया था। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट कालीकेश नारायण सिंह देव ने उनके निधन की पुष्टि की। जसपाल राणा ने कॉमनवेल्थ गेम्स में 9 बार गोल्ड मेडल जीते थे। इनमें लगातार 4 एडिशन के गोल्ड शामिल रहे। राणा पेरिस ओलिंपिक में डबल ओलिंपिक मेडल जीतने वाली शूटर मनु भाकर के कोच भी थे। उन्हें फरवरी 2025 में 25 मीटर पिस्टल के लिए भारतीय जूनियर टीम का हाई परफार्मेंस कोच बनाया गया था। (अनंत ज्ञान)



# एक ग्राहक 200 लीटर ही खरीद पाएगा डीजल

## सरकार ने तय की लिमिट, इंडस्ट्रियल-कमर्शियल उपभोक्ता अब पेट्रोल पंप से नहीं खरीद सकेंगे ईंधन

**एजेंसी, नई दिल्ली**




देश में डीजल की कमी को रोकने और उसकी सही सप्लाई बनाए रखने के लिए सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। नए सरकारी आदेश के मुताबिक अब कोई भी व्यक्ति या गाड़ी मालिक पेट्रोल पंप से एक दिन में 200 लीटर से ज्यादा डीजल नहीं खरीद पाएगा। इसके साथ ही पंपों से डीजल खरीदकर उसे आगे ऊंचे दामों पर बेचने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। ये नियम फिलहाल 90 दिनों के लिए लागू किया गया है। इसके अलावा सरकार ने बड़ी कंपनियों, फैक्ट्रियों और कमर्शियल खरीदारों के आम पेट्रोल पंप से डीजल खरीदने पर भी पाबंदी लगा दी है। (अनंत ज्ञान)

### बड़े खरीदारों पर क्यों लगी पाबंदी?

**आम** पेट्रोल पंप पर डीजल कम दाम में मिलता है, लेकिन फैक्टरियों और बड़ी कंपनियों के लिए मिलने वाला भारी मात्रा का डीजल काफी महंगा है। दोनों के रेट में बहुत ज्यादा अंतर है। इसी वजह से कई बड़ी ट्रांसपोर्ट कंपनियां और फैक्टरियां महंगे डिपो से तेल न लेकर, आम लोगों वाले सस्ते पेट्रोल पंपों से ही सारा डीजल समेट रही थीं। नतीजा यह हुआ कि आम पंपों पर डीजल कम पड़ने लगा और जनता परेशान होने लगी। अब सरकार ने साफ कर दिया है कि इन बड़े खरीदारों को सिर्फ अपने तय डिपो से ही महंगा तेल खरीदना पड़ेगा

### सरकार को क्यों लेना पड़ा यह फैसला?

**दुनियाभर** में चल रहे तनाव के वजह से कच्चे तेल की सप्लाई पर असर पड़ा है। वहीं कीमतों के अंतर की वजह से सरकारी तेल कंपनियों को भी भारी नुकसान हो रहा था। देश में डीजल को स्टॉक करना और कालाबाजारी को रोकने के लिए सरकार को ये सख्त कदम उठाना पड़ा है, जिससे कि हर राज्य और हर इलाके में जरूरत के मुताबिक डीजल हमेशा उपलब्ध रहे।

### आम जनता और आप पर क्या होगा इसका असर?

**इस** फैसले से आम गाड़ी मालिकों, कार-बाइक चालकों और छोटे घरेलू उपभोक्ताओं को बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नहीं है। उनके लिए पेट्रोल और डीजल की सप्लाई पहले की तरह ही सामान्य रूप से चलती रहेगी। बता दें कि ये नियम सिर्फ उन बड़ी गाड़ियों जैसे कि बहुत बड़े ट्रक या खरीदारों पर लागू होगा जो एक बार में 200 लीटर से ज्यादा डीजल लेते हैं। आम जनता के लिए यह फैसला फायदेमंद है क्योंकि इससे पंपों पर तेल की किल्लत नहीं होगी।

### कालाबाजारी रोकने को नई लिमिट लागू


**सरकार** द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के क्या हैं नियम? सरकार द्वारा लगाए गए नए पाबंदी नियमों के अनुसार, इंडस्ट्रियल, कमर्शियल और इंस्टिट्यूशनल यूजर्स अब पेट्रोल पंपों से पेट्रोल-डीजल नहीं खरीद सकते। उन्हें सीधे थोक डीलरों से ही महंगा (बाजार भाव पर) तेल लेना होगा। नए नियम के तहत पेट्रोल पंपों पर डीजल की बिक्री केवल वाहनों के मुख्य ईंधन टैंक या फिर 'पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन' द्वारा प्रमाणित विशेष कंटेनरों में ही की जा सकेगी। पेट्रोल पंप से खरीदे गए इस डीजल को कोई भी इसे आगे मुनाफे के लिए दोबारा नहीं बेच सकता। अगर कोई ऐसा करते हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ 'आवश्यक वस्तु अधिनियम' के तहत सख्त कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। केंद्र ने राज्य सरकारों को जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के निर्देश भी दिए हैं। वही, सरकार ने नए आदेश के तहत बड़े और संदिग्ध खरीदारों पर लगाम लगाने के लिए प्रतिदिन तेल खरीद की लिमिट भी तय कर दी गई है। नए नियमों के मुताबिक, कोई भी संदिग्ध ग्राहक या वाहन एक पेट्रोल पंप से एक दिन में अधिकतम 200 लीटर ही डीजल खरीद सकता है। इससे अधिक तेल एक बार में पेट्रोल पंप से नहीं दिया जाएगा।

# प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में 912 नए पदों को मंजूरी : सीएम सुक्खू

◆ युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के द्वार, स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई रफ्तार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस संदर्भ में कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में विभिन्न श्रेणियां के तहत कुल 912 नए पदों के सृजन को मंजूरी प्रदान की गई है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य आम नागरिकों को बेहतर और समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए 300 चिकित्सा अधिकारी, 250 बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता (एमटीएस), 200 स्टाफ नर्स, 76 ऑपरेशन थिएटर सहायक, 50 लैब तकनीशियन ग्रेड-द्वितीय तथा 36 रेडियोग्राफर पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों, क्षेत्रीय अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में मानव संसाधन की कमी दूर होगी तथा मरीजों को अधिक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो सकेगा।

सीएम सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार को विकास की धुरी मानकर कार्य कर रही है। स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर पदों के सृजन से एक ओर युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। वहीं, दूसरी ओर दूरदराज क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह निर्णय प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# हिमाचल में फ्लैश फ्लड की चेतावनी से बढ़ी चिंता

## कसौली में भारी बारिश, नेरी में 81 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चला तूफान

अनंत ज्ञान


फाइल फोटो

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में मौसम भले ही सुहावना हो गया हो और गर्मी से भी राहत मिली हो, मगर इसके साथ खतरे भी बढ़ गए हैं। मौसम विभाग ने शिमला व सिरमौर के कुछ क्षेत्रों के लिए अगले 24 घंटों के दौरान फ्लैश फ्लड की चेतावनी जारी की है। विभाग ने लोगों से नदी-नालों, खड्डों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने तथा अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। प्रशासन को भी संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान भारी वर्षा, ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने जनजीवन प्रभावित किया। सोलन के कसौली में 105 मिलीमीटर, धर्मपुर में 86.6 मिलीमीटर और पालमपुर में 40 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जबकि हमीरपुर के नेरी में 81 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तूफान चला। चंबा के भरमौर क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ में 20 भेड़-बकरियां बह गईं, जिससे पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। कई स्थानों पर पेड़ गिरने और मलबा आने की घटनाएं भी सामने आई हैं। इसके अलावा बारिश और बर्फबारी के बाद तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। शिमला का अधिकतम तापमान 28 डिग्री, मनाली का 27.5 डिग्री, कुफरी का 22.2 डिग्री और नारकंडा का 20 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### अगले चार दिन राहत नहीं, सतर्कता जरूरी

**मौसम** विभाग के अनुसार प्रदेश में आगामी चार दिनों तक वर्षा की गतिविधियां जारी रह सकती हैं और तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक और गिरावट आने की संभावना है। 13 से 15 जून के बीच कई जिलों में आंधी, तूफान और तेज बारिश की स्थिति बन सकती है। ऐसे में प्रशासन, पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए सबसे बड़ी चुनौती मौसम के साथ आने वाले संभावित खतरों से सुरक्षित रहना होगी।

### झारखंड-ओडिशा पहुंचा मानसून

**एजेंसी, भोपाल/जयपुर।** देश में मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है। शुक्रवार को झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्सों में इसकी एंट्री हो गई। हालांकि, महाराष्ट्र में मानसून की रफ्तार अभी धीमी ही है। अगले 3 दिन में मानसून के छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में एंट्री करने की संभावना है। 4 जून को केरलम में दस्तक देने के बाद मानसून 9 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है। आईएमडी के मुताबिक, गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री-मानसून एक्टिव है। आज मध्य प्रदेश और राजस्थान समेत 22 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। कई जगह 60किमी प्रति घंटे कीरफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। एमपी के श्योपुर जिले में आज आंधी-बारिश में एक ही परिवार के 3 लोगों समेत 4 लोगों की मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

# मणिकर्ण घाटी में गहरी खाई में गिरी पर्यटकों की कार, दो की मौत

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां पर्यटकों से भरी एक कार अनियंत्रित होकर करीब 400 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस दुखद हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक आठ साल की बच्ची सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दुर्घटनाग्रस्त वाहन पंजाब नंबर का बताया जा रहा है, जिसका पंजीकरण संख्या पीबी08एफके8223 है। गाड़ी में सवार सभी लोग कुल्लू-मनाली घूमने के लिए आए हुए थे।

यह हादसा दोपहर के वक्त मणिकर्ण घाटी के सरसाड़ी नामक स्थान पर हुआ। घटना के चश्मदीद और स्थानीय स्वयंसेवी शेरा नेगी ने बताया कि उन्होंने गाड़ी को अचानक संतुलन खोकर खाई में गिरते हुए देखा। इसके तुरंत बाद वे घटनास्थल की ओर दौड़े और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से मृतकों के शवों को खाई से निकालकर मुख्य सड़क तक पहुंचाया, जिन्हें अब पोस्टमार्टम के लिए कुल्लू अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं, घायल महिला का इलाज क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में और अन्य दो घायलों का उपचार भुंतर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल हादसे के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है, और पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

# बिहार : सड़क दुर्घटना में तीन थानाध्यक्षों समेत 4 की मौत

**एजेंसी, पटना**



पटना से प्रशिक्षण लेकर लौट रहे मधेपुरा जिले के तीन थानाध्यक्षों की बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में वीरवार देर रात एक बजे सड़क हादसे में मौत हो गई है।

मृतकों में उदाकिशुनगंज अनुमंडल के रतवारा थाना अध्यक्ष सजन कुमार, अरार थाना अध्यक्ष अमरेंद्र ज्ञानेंद्र तथा मधेपुरा अनुमंडल के बेलारी थाना अध्यक्ष नीरज कुमार शामिल हैं। दुर्घटना में वाहन चालक की भी मौत की सूचना है। बताया जा रहा है कि 10-11 जून यानी दो दिवसीय प्रशिक्षण के उपरांत तीनों थानाध्यक्ष कार से वापस मधेपुरा के लिए रवाना हुए। कार निजी चालक ज्योतिष कुमार चला रहा था। रात एक बजे बेगूसराय जिले के साहेबपुरकमाल के समीप एनएच पर खड़े ट्रक में कार घुस गई। हादसे में तीनों थानाध्यक्ष और कार चालक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही बेगूसराय के एसपी मनीष कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। (अनंत ज्ञान)

# सुप्रीम कोर्ट ने की मीनाक्षी नटराजन की याचिका खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन रद्द किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। अदालत ने कहा कि इस तरह के मामलों में सीधे रिट याचिका पर सुनवाई संभव नहीं है और इसके लिए चुनाव याचिका दायर की जानी चाहिए। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एएस चंदूरकर की बेंच ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 329 के तहत चुनाव प्रक्रिया में अदालतों का हस्तक्षेप सीमित है, इसलिए इस मामले को चुनाव याचिका के जरिए ही आगे बढ़ाया जा सकता है। कोर्ट ने नामांकन रद्द करने के फैसले की वैधता पर कोई टिप्पणी नहीं की और कहा कि याचिकाकर्ता चाहें तो उचित मंच पर इसे चुनौती दे सकती हैं।




यह मामला मध्य प्रदेश की राज्यसभा की एक सीट से जुड़ा है, जहां कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाया था। पर्याप्त संख्या बल होने के बावजूद 9 जून को उनका नामांकन फॉर्म रद्द कर दिया गया था, जिसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। फैसले के बाद मीनाक्षी नटराजन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'पहले वोट चोरी होती थी, इस बार सीट चोरी हुई।' उन्होंने आगे कानूनी विकल्प अपनाने का संकेत भी दिया है। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप का दावा : ईरान के साथ खत्म हुई जंग

## ईरान बोला-अभी हमने नहीं लिया कोई फैसला

**एजेंसी, तेल अवीव/वॉशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के साथ युद्ध खत्म कर दिया है। एक वर्चुअल रैली में ट्रंप ने अपने समर्थकों से यह बात कही। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। ईरान ने ट्रंप के इस दावे को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने कहा कि शांति समझौते पर अभी कोई आखिरी फैसला नहीं लिया गया है।

इससे पहले ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा था कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने नई डील को मंजूरी कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के साथ शांति समझौते पर इसी सप्ताह यूरोप में साइन हो सकता है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी इसमें शामिल होंगे।

अमेरिकी चार्ज डी'अफेयर्स जेसन मीक्स शुक्रवार को करीब 45 मिनट तक विदेश मंत्रालय (एमईए) में रहे। उन्हें ओमान तट के पास भारतीय क्रू वाले कारोबारी जहाजों पर हुए हमलों को लेकर भारत की ओर से तलब किया गया था। सूत्रों के मुताबिक विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी पक्ष के समक्ष भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता जताई और कमर्शियल जहाजों पर हो रही सैन्य कार्रवाइयों पर कड़ा विरोध जताया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय नाविकों की मौत को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि तीन दिनों में तीन जहाजों पर अमेरिकी हमलों में तीन भारतीयों की जान गई, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर अब तक एक शब्द भी नहीं कहा।

वहीं, भारत ने 24 घंटे के भीतर दूसरी बार अमेरिका के कार्यवाहक राजदूत (चार्ज डी'अफेयर्स) जेसन मीक्स को तलब किया है। यह कदम ओमान तट के पास भारतीय नाविकों वाले कारोबारी जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर उठाया गया है। (अनंत ज्ञान)

**अव्यवस्था** स्थानीय लोगों के साथ श्रद्धालु भी पानी की बूंद-बूंद को तरसे, प्रशासन और विभागों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# नयना देवी में जल संकट से हाहाकार, 48 घंटे में सिर्फ एक घंटा सप्लाई

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** यह केवल पेयजल संकट की खबर नहीं है, बल्कि हिमाचल प्रदेश की व्यवस्था पर लगा वह सवाल है, जिसका जवाब सरकार, प्रशासन और संबंधित विभागों को देना ही होगा। उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी में आज हालात ऐसे बन चुके हैं कि स्थानीय लोग और देशभर से आने वाले श्रद्धालु पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। जिस धाम में करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी है, वहां पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव प्रशासनिक संवेदनहीनता की सबसे बड़ी मिसाल बनकर सामने आया है।



आलम यह है कि लोगों को 48 घंटे में केवल एक घंटे के लिए पानी दिया जा रहा है। कई बार वह भी इतना कम कि घरों की टंकियां भरना तो दूर, पीने और दैनिक उपयोग की जरूरतें भी पूरी नहीं हो पातीं। भीषण गर्मी के बीच लोग बूंद-बूंद पानी के लिए जूझ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग और प्रशासन मानो गहरी नींद में सोया हुआ है।

हैरानी की बात यह है कि जहां जनता को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा, वहीं जल शक्ति विभाग उपभोक्ताओं को दोगुने बिल थमाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा। चार महीने बाद लोगों के घरों में 2308 रुपए तक के भारी-भरकम बिल पहुंच रहे हैं। सवाल यह है कि जब पानी ही नहीं दिया जा रहा तो आखिर जनता किस बात का भुगतान करे? क्या विभाग केवल बिल वसूलने के लिए रह गया है और जनता को सुविधा देना उसकी जिम्मेदारी नहीं रही क्या सरकार और प्रशासन ने कभी सोचा है कि देशभर से आने वाले श्रद्धालु अपने राज्यों में लौटकर यहां की व्यवस्थाओं के बारे में क्या संदेश लेकर जाते होंगे? हैरानी इस बात की भी है कि मंदिर ट्रस्ट, प्रशासन, जनप्रतिनिधि और संबंधित विभाग वर्षों से चली आ रही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं खोज पाए हैं।

### क्या कहते हैं एक्यिन पुंडीर

**इस** बारे में जल शक्ति विभाग के डिवीजन जगात खाना में कार्यरत एक्शन एसएस पुंडीर का कहना है कि नैना देवी में जब भी श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती है तो विभाग द्वारा अलग से व्यवस्था की जाती है और इस समय भी 5 लाख लीटर पानी उठाया जा रहा है और साथ लगते गांवों को भी 70 लीटर पर कैपिटा पानी दिया जा रहा है उन्होंने यह भी कहा कि हो सकता है डिस्ट्रीब्यूशन में कुछ समस्या हो तो उसको शीघ्र ही दुरुस्त करने के लिए आज ही एसडीओ को निर्देश दे रहे हैं।

### नागरिकों से बातचीत



**अमित कुमार** ने बताया कि पेयजल संकट अब यहां की नियति बन चुका है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान आज तक नहीं हुआ। श्री नयना देवी में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। जब वे यहां पीने के पानी के लिए भटकते हैं, तो हिमाचल की छवि पर क्या असर पड़ता होगा?



**भारत भूषण** का कहना है कि हर बार गर्मियों में संकट आता है, शोर मचता है, बयान आते हैं और फिर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। यदि श्रद्धालुओं इस शक्तिपीठ में पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं कराया जा सकता, तो फिर विकास के बड़े-बड़े दावों का क्या अर्थ रह जाता है?



**प्रोमिला शर्मा** ने कहा कि अब समय आ गया है कि सरकार और प्रशासन इस समस्या को एक सामान्य शिकायत नहीं बल्कि प्रतिष्ठा और जनहित से जुड़े गंभीर मुद्दे के रूप में ल, क्योंकि नयना देवी की प्यास अब केवल स्थानीय लोगों की नहीं, बल्कि व्यवस्था की जवाबदेही की भी परीक्षा बन चुकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा मंत्री कल मलोग-पुजारली में सुनेंगे समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और आम लोगों से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 14 जून को क्षेत्र के विभिन्न इलाकों के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। अपने दौरे के दौरान वह खेल प्रतियोगिताओं के समापन समारोहों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के साथ-साथ स्थानीय लोगों, युवाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनेंगे। शिक्षा मंत्री के इस दौरे को क्षेत्र में खेल संस्कृति को प्रोत्साहन देने तथा जनसंपर्क को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिक्षा मंत्री दोपहर 12 बजे मलोग (नंदपुर) पहुंचेंगे, जहां युवा स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके बाद वह सायं 4 बजे पुजारली नंबर-4 के टिक्करी गांव पहुंचकर नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित अमन मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट के पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लेंगे। दोनों आयोजनों में वह विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित करेंगे तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे। दौरे के दौरान शिक्षा मंत्री स्थानीय जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं से भी संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं और विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा करेंगे।

### मांगें न मानने पर एचआरटीसी पेंशनर्स में रोष



**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल पथ परिवहन निगम पेंशनर्स कल्याण संगठन इकाई रामपुर एवं रिकांगपिओ की मासिक बैठक शुक्रवार को संगठन इकाई के अध्यक्ष प्रीतम चंद चौहान की अध्यक्षता में एचआरटीसी कार्यशाला रामपुर के परिसर में आयोजित की गई। बैठक में लगभग 40-45 पेंशनर्स ने भाग लिया और बैठक में लंबित समस्याओं को उठाया गया। पैंशनर्स ने मुख्य रूप से पैंशन का स्थायी समाधान करने, जनवरी 2016 से देय सभी प्रकार के वेतन एवं भत्तों का तुरंत भुगतान करने की मांग की। साथ ही 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता का तुरंत भुगतान, लंबित मेडिकल रिवर्समेंट बिलों का निपटान तथा पेंडिंग पड़ी पैंशन का शीघ्र भुगतान करने पर बल दिया गया। बैठक में क्षेत्रीय किस्त के रूप में बकाया 50 हजार रुपये की भी शीघ्र अदायगी की मांग रखी गई। बैठक में अध्यक्ष प्रीतम चंद चौहान के साथ प्रधान वीरभद्र सिंह कॉयथ, उप प्रधान गोपाल शर्मा, महासचिव ओम प्रकाश, कोषाध्यक्ष प्रताप वर्मा सहित सदस्य और उपस्थित रहे।

### विपाशा ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा में किया टॉप

**अनंत ज्ञान, शिमला।** बेंगलुरु स्थित भारत सरकार के प्रतिष्ठित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज (निमहैंस) में मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास विषय में पीएचडी हेतु आयोजित अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा में शिमला की प्रतिभाशाली छात्रा विपाशा श्रीवास्तव ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। पीएचडी करने के लिए उन्हें इंस्टीट्यूट फेलोशिप भी प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि निमहैंस को भारत सरकार से राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा प्राप्त है तथा मानसिक स्वास्थ्य और न्यूरोसाइंसेज के क्षेत्र में यह देश का अग्रणी संस्थान है। विपाशा ने हाल ही में चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग से क्लिनिकल साइकोलॉजी में एम.फिल. उच्च प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित अखिल भारतीय परीक्षा में भी उन्होंने टॉप किया था। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान विषय में बीए (ऑनर्स) तथा दिल्ली विश्वविद्यालय से क्लिनिकल साइकोलॉजी में मास्टर्स की डिग्री प्राप्त की है। उनकी स्कूली शिक्षा शिमला के दयानंद पब्लिक स्कूल तथा लॉरेटो कॉन्वेंट स्कूल में हुई। विपाशा के पिता प्रो. अजय श्रीवास्तव हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त हैं, जबकि उनकी माता मृदुला श्रीवास्तव सतलुज जल विद्युत निगम में डिप्टी जनरल मैनेजर पद से सेवानिवृत्त हुई हैं। परिजनों के अनुसार विपाशा बचपन से ही क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट बनकर समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने का सपना देखती रही हैं। वह रिहैबिलिटेशन काउंसिल आफ इंडिया से मान्यता प्राप्त क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट हैं और वर्तमान में दिल्ली-एनसीआर में कार्यरत हैं।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष में पड़ी महंगाई की मार : विनय कुमार

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी का लगाया आरोप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल को महंगाई, बेरोजगारी और जनविरोधी नीतियों का दौर बताते हुए कहा है कि चुनावों के दौरान देशवासियों से किए गए अधिकांश वादे आज भी अधूरे हैं। भाजपा द्वारा मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रमों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार हुई वृद्धि ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सस्ती रसोई गैस उपलब्ध कराने का वादा पूरा नहीं हुआ और बढ़ती महंगाई ने आम परिवारों की आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ डाला है। विनय कुमार ने कहा कि हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा भी पूरा नहीं हो सका, जिसके कारण बड़ी संख्या में युवा आज भी रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन चुकी है और युवाओं में निराशा का वातावरण है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार रोजगार सृजन के बजाय केवल दावे और प्रचार तक सीमित रही है, जबकि जमीनी स्तर पर युवाओं को अपेक्षित अवसर नहीं मिल पाए हैं।



◆ **रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल के बढ़े दामों से लोग परेशान**

### विदेशी सेब पर आयात शुल्क में कमी से राज्य की बागवानी अर्थव्यवस्था प्रभावित

**विनय** कुमार ने हिमाचल प्रदेश के सेब उत्पादकों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य की बागवानी आधारित अर्थव्यवस्था इस समय कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि सेब उत्पादन हिमाचल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है और हजारों परिवार प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से इस पर निर्भर हैं। ऐसे में विदेशी सेबों पर आयात शुल्क में कमी का असर स्थानीय बागवानों पर पड़ा है। उनका कहना था कि बाजार में सस्ते आयातित सेबों की बढ़ती उपलब्धता के कारण प्रदेश के किसानों और बागवानों को अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विनय कुमार ने कहा कि सेब उत्पादन की लागत लगातार बढ़ रही है। बागवानों को उर्वरक, कीटनाशक, मजदूरी, पैकेजिंग सामग्री और परिवहन पर पहले की तुलना में अधिक खर्च करना पड़ रहा है। इसके बावजूद उन्हें अपनी फसल का लाभकारी मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण बागवानी क्षेत्र में असंतोष बढ़ा है और सेब उत्पादकों की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने मांग की कि सरकार बागवानों के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए तथा ऐसी नीतियां बनाए जो स्थानीय उत्पादकों को प्रतिस्पर्धा में मजबूती प्रदान कर सकें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि केवल बागवानी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न वर्ग भी आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने के बजाय निजीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। उनके अनुसार, लंबे समय से देश के विकास और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कई सार्वजनिक उपक्रमों की स्थिति कमजोर हुई है।

# थरोला व टाऊ-कथांडी में कई भाजपा नेताओं ने थामा 'हाथ'



कांग्रेस में शामिल हुए लोग शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई तहसील की ग्राम पंचायत थरोला तथा टाऊ-कथांडी में कांग्रेस को उस समय मजबूती मिली जब भाजपा के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता प्यारे लाल सहित कुलदीप भीमटा, नरेंद्र भीमटा, देविंदर भीमटा और भागमल भीमटा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। सभी कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से शिष्टाचार भेंट कर उनके नेतृत्व में क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, जनहितकारी नीतियों तथा जनता के प्रति समर्पित कार्यशैली पर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और जनसेवा के उद्देश्य से वे कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर कार्य करेंगे।

◆ **शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस में हुए शामिल**

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता, पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुमान सिंह चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्षा कमलेश ठाकुर तथा वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता लोकेन्द्र पूरटा भी उपस्थित रहे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने सभी नए सदस्यों का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी में उन्हें पूरा सम्मान और जिम्मेदारी दी जाएगी तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।

# रामपुर में लोक कल्याण मेले में दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी



अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** उपमंडल रामपुर में दीनदयाल अन्त्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत टाउन हॉल, नगर परिषद रामपुर के कार्यालय परिसर में लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी ने की। मिशन प्रबंधक देश राज शर्मा व शुभम सेवाल के साथ परिषद क्षेत्र के बैंक कर्मचारियों ने रेहड़ी-फेड़ी तथा छोटे व्यवसाइयों को उनके अधिकारों और उपलब्ध सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैंक कर्मचारियों ने व्यापार हेतु लोन, पीएम स्वनिधि योजना तथा डिजिटल पेमेंट के उपयोग और आवेदन प्रक्रियाओं पर मार्गदर्शन किया। नगर परिषद की सामुदायिक प्रबंधक कामिनी गुप्ता व प्रेमादेवी ने भी उपस्थित लोगों को योजनाओं के महत्व और लाभों के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में लगभग 20 लोग शामिल हुए और सहभागी व्यवसायियों ने योजनाओं से जुड़ने में रुचि दिखाई। जानकारी के लिए कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि ऐसे मेलों से शहरी आजीविका सुदृढ़ होगी तथा छोटे व्यवसायों का वित्तीय समावेशन बढ़ेगा।

# समर फेस्ट में गुरनाम भुल्लर ने बांधा समां

## शिमला के रिज मैदान पर उमड़ा जनसैलाब, दर्शकों ने जमकर लगाए ठुमके





ग्रीष्मोत्सव की चौथी स्टार नाइट में प्रस्तुति देते पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर और गानों पर नाचते दर्शक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 की चौथी सांस्कृतिक संध्या पंजाबी संगीत के लोकप्रिय सितारे गुरनाम भुल्लर के नाम रही। ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित स्टार नाइट में दर्शकों का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा मैदान देर रात तक तालियों, जयकारों और संगीत की गूंज से सराबोर रहा। गुरनाम भुल्लर की मंच पर एंट्री होते ही युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा।

गुरनाम भुल्लर ने अपने सुपरहिट गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके लोकप्रिय पंजाबी गीतों पर युवा, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक समान उत्साह के साथ थिरकते नजर आए। कलाकार की दमदार गायकी और शानदार मंचीय प्रस्तुति ने देर रात तक दर्शकों को अपनी सीटों से उठने नहीं दिया।

मोबाइल फोन की फ्लैशलाइटों से जगमगाते रिज मैदान का दृश्य किसी भव्य संगीत महोत्सव से कम नहीं था। हर गीत के साथ दर्शकों का उत्साह बढ़ता गया और तालियों की गड़गड़ाहट लगातार गूंजती रही। गुरनाम भुल्लर ने भी शिमला की खूबसूरती और यहां के लोगों के स्नेह की खुलकर सराहना की तथा कहा कि हिमाचल में प्रस्तुति देना उनके लिए हमेशा विशेष अनुभव रहता है। इससे पूर्व स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से हिमाचली लोक संस्कृति की समृद्ध परंपरा को मंच पर जीवंत किया। लोकगीतों और लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया तथा प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश की।

समापन समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की संभावना है।

### बारिश के बावजूद चरम पर उत्साह

**मौसम** विभाग की ओर से क्षेत्र में बारिश की संभावना जताई जा रही है और पिछले दिन भी वर्षा ने कुछ समय के लिए कार्यक्रमों को प्रभावित किया था, लेकिन इसके बावजूद आयोजकों और दर्शकों का उत्साह चरम पर है। उम्मीद की जा रही है कि ग्रीष्मोत्सव-2026 का समापन भव्य, यादगार और ऐतिहासिक रहेगा।

# जुब्बल की शिल्पी में दो महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन



भाजपा की सदस्यता ग्रहण करतीं मीना राठौर और संतोष तांटा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिल्ली की निवासी मीना राठौर और संतोष तांटा ने शुक्रवार को कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप की उपस्थिति में दोनों महिलाओं ने भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर भाजपा जुब्बल मंडल अध्यक्षा मीनाक्षी मांटा ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के कारण भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। मीनाक्षी मांटा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्मान और समाज सेवा का अवसर प्रदान करने वाला संगठन है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों नई सदस्याओं के पार्टी में शामिल होने से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# चुनावी नतीजे राज्य में परिवर्तन की आहट : डॉ. बिंदल

## जगत प्रकाश नड्डा का हिमाचल दौरा भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए नई ऊर्जा का स्रोत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा है कि केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री तथा भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का हिमाचल प्रदेश आगमन प्रदेशवासियों के लिए गौरव का विषय है। शिमला में आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नड्डा जब भी अपने गृह प्रदेश आते हैं तो कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा, नई दिशा और संगठन को मजबूती प्रदान करने वाली प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि व्यस्त राष्ट्रीय दायित्वों और महत्वपूर्ण बैठकों के बीच हिमाचल आकर कार्यकर्ताओं से संवाद करना उनके प्रदेश और संगठन के प्रति विशेष लगाव को दर्शाता है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि हाल ही में पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में भाजपा तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मिली सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता का विश्वास लगातार भाजपा के पक्ष में मजबूत हो रहा है और देश विकास तथा सुशासन की राजनीति को समर्थन दे रहा है।

डॉ. बिंदल ने हाल ही में संपन्न पंचायती राज संस्थाओं, नगर निकायों और नगर निगम चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की व्यापक सफलता को प्रदेश की जनता का स्पष्ट जनादेश बताया। उन्होंने कहा कि हजारों की संख्या में भाजपा समर्थित उम्मीदवार विभिन्न स्थानीय निकायों में निर्वाचित हुए हैं, जिससे यह संदेश गया है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार के कार्यों से संतुष्ट नहीं है और बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों के परिणामों ने आगामी राजनीतिक दिशा का संकेत दे दिया है। डॉ. बिंदल ने विश्वास व्यक्त किया कि जिस प्रकार देशभर में भाजपा लगातार अपना जनाधार बढ़ा रही है, उसी प्रकार हिमाचल प्रदेश में भी आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी मजबूत बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। उन्होंने विकसित भारत और विकसित हिमाचल के संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता दोहराते हुए प्रदेशवासियों, बुद्धिजीवियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।



सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल अपने विचार रखते हुए। अनंत ज्ञान

### रोहड़ू की पूजा 17 दिन से लापता बेटे की आंखें ताक रहीं मां की राह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के रोहड़ू उपमंडल के नावर क्षेत्र से 28 वर्षीय पूजा के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। शरोंथा पंचायत के घराला गांव की रहने वाली पूजा 27 मई को तबीयत खराब होने की बात कहकर रोहड़ू अस्पताल के लिए घर से निकली थीं, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटीं। परिवार के अनुसार, सुबह करीब 11 बजे ओल्ड बस स्टैंड रोहड़ू के पास उनकी आखिरी लोकेशन दर्ज हुई थी। दोपहर में पति अमन बाल्टा से फोन पर बातचीत के दौरान उन्होंने मायके जाने की बात कही थी, जिसके बाद उनका मोबाइल फोन बंद हो गया। पिछले 17 दिनों से उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। पूजा के लापता होने से परिवार गहरे सदमे में है, जबकि उनका मासूम बेटा हर दिन अपनी मां के लौटने का इंतजार कर रहा है और बार-बार पूछ रहा है, 'मम्मी कब आएंगी?' पति अमन बाल्टा ने पुलिस चौकी टिक्कर में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है तथा शिमला शहरी विधायक हरीश जनारटा से भी मदद की गुहार लगाई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिमला गौरव सिंह ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और महिला की तलाश के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**उपलब्धि** देश के शीर्ष-100 राज्य स्तरीय विजेताओं में प्रदेश के तीन विद्यालयों ने बनाई जगह

# विकसित भारत बिल्डाथॉन में हिमाचल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** नवाचार, वैज्ञानिक सोच व रचनात्मक प्रतिभा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश के विद्यार्थियों ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट पहचान दर्ज कराई है। विकसित भारत बिल्डाथॉन-2025 में राज्य के तीन विद्यालय देश के शीर्ष-100 राज्य स्तरीय विजेता विद्यालयों में शामिल हुए हैं, जबकि 20 अन्य विद्यालयों ने जिला स्तरीय विजेताओं में स्थान बनाकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इस उल्लेखनीय सफलता पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर तथा समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने विजेता विद्यालयों, विद्यार्थियों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि हिमाचल के विद्यार्थी भविष्य में भी राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते रहेंगे।

बता दें कि शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा अटल नवाचार मिशन, नीति आयोग और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सहयोग से आयोजित विकसित भारत बिल्डाथॉन-2025 देश के सबसे बड़े नवाचार अभियानों में से एक रहा। आत्मनिर्भर भारत का आह्वान, विकसित भारत का निर्माण विषय पर आधारित इस राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया था। प्रतियोगिता में आइडिया व प्रोटोटाइप श्रेणियों के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की चुनौतियों के समाधान प्रस्तुत करने का अवसर मिला।

### यह विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षा विभाग के नवाचारोन्मुख प्रयासों का परिणाम: राजेश शर्मा

**समग्र** शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि विकसित भारत बिल्डाथॉन-2025 में प्रदेश के विद्यालयों की यह शानदार सफलता विद्यार्थियों की प्रतिभा, शिक्षकों के मार्गदर्शन और शिक्षा विभाग के नवाचारोन्मुख प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार क्षमता के बल पर राष्ट्रीय मंच पर हिमाचल का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि प्रदेश के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी तथा उन्हें नए विचारों और अभिनव समाधानों के विकास के लिए प्रोत्साहित करेगी।

परियोजनाओं का मूल्यांकन नवीनता, व्यवहारिक उपयोगिता, सामाजिक प्रभाव, विस्तार की क्षमता और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूपता जैसे महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर किया गया।

देशभर के तीन लाख से अधिक विद्यालयों और पांच करोड़ से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी वाले इस महाअभियान में 2.87 लाख से अधिक परियोजनियां प्राप्त हुईं। जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विशेषज्ञों द्वारा किए गए बहु-स्तरीय मूल्यांकन के बाद श्रेष्ठ परियोजनाओं का चयन किया गया। इस विशाल प्रतिस्पर्धा में हिमाचल के विद्यालयों का उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रदेश की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था और विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रमाण माना जा रहा है।

राज्य स्तरीय विजेताओं में प्रोटोटाइप श्रेणी के अंतर्गत पीएम श्री जीएमजीएसएसएस चंबा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धर्मपुर (जिला सोलन) ने स्थान बनाया है, जबकि आइडिया श्रेणी में जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग (जिला शिमला) ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित की है। इन तीनों विद्यालयों को कुल 60 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। जिला स्तर पर भी हिमाचल प्रदेश के 20 विद्यालयों ने राष्ट्रीय स्तर के शीर्ष-1000 विजेताओं में स्थान बनाकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इनमें शिमला, सोलन, सिरमौर, कांगड़ा, चंबा, बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर, कुल्लू, ऊना, किन्नौर तथा लाहौल-स्पीति जिलों के विद्यालय शामिल हैं। इनमें 12 विद्यालय प्रोटोटाइप और 8 विद्यालय आइडिया श्रेणी में विजेता घोषित किए गए हैं। जिला स्तरीय विजेताओं को कुल 1.52 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

# बादल फटने और बाढ़ आपदा पर रामपुर में 15 को होगी मॉक ड्रिल

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** आपदा प्रबंधन तंत्र की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से 15 जून को रामपुर उपमंडल में एक व्यापक मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। अभ्यास के तहत सतलुज बेसिन क्षेत्र में शाम 6:30 बजे बादल फटने और अचानक आई बाढ़ की काल्पनिक स्थिति तैयार की जाएगी, जिसमें प्रशासन, आपदा प्रबंधन एजेंसियों तथा बचाव दलों की तत्परता का परीक्षण किया जाएगा।

अभ्यास की परिकल्पना के अनुसार सतलुज बेसिन में लगभग 100 मिमी वर्षा होने से भारी तबाही, कई मकानों के बहने तथा 15 से अधिक लोगों के लापता होने और 25 लोगों की मृत्यु जैसी स्थिति मानी जाएगी। इसके बाद एसजेवीएन आपातकालीन संचालन केंद्र द्वारा जिला आपात कालीन संचालन केंद्र तथा एसडीएम रामपुर को रेड अलर्ट जारी किया जाएगा। योजना के अनुसार अलर्ट जारी होने के पांच मिनट के भीतर रामपुर और नोगली क्षेत्र में सायरन एवं सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली सक्रिय की जाएगी। जिला आपातकालीन संचालन केंद्र द्वारा सुन्नी प्रशासन को भी सूचना देकर समन्वय स्थापित किया जाएगा।

मॉक ड्रिल के दौरान रामपुर के निचले इलाकों में मलबा और पानी भरने की स्थिति को दर्शाते हुए संवेदनशील बस्तियों को तत्काल खाली कराने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। साथ ही सुन्नी की ओर बढ़ रही फ्लैश फ्लड की लहर, सुन्नी पुल और बाजार क्षेत्रों पर खतरे तथा नाथपा-झाकड़ी-रामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर यातायात बाधित होने की स्थिति का भी अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास में भारतीय सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल पुलिस, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य एजेंसियों की भागीदारी रहेगी। संभावित बड़ी संख्या में घायलों को देखते हुए सिविल अस्पताल रामपुर और सीएचसी सुन्नी में मेडिकल टीमों को सक्रिय रखने का अभ्यास किया जाएगा।

संचार व्यवस्था बाधित होने की काल्पनिक स्थिति में जिला आपातकालीन संचालन केंद्र द्वारा और सैटेलाइट फोन के माध्यम से संपर्क बनाए रखने की व्यवस्था का भी परीक्षण किया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी वास्तविक खतरे की सूचना देना नहीं, बल्कि आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों की तैयारियों और समन्वय क्षमता को परखना है।

# ब्रेक फेल, डीसी ऑफिस की दीवार से टकराई बस एक पैदल राहगीर सहित यात्रियों को आई हल्की चोटें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो धर्मशाला।** धर्मशाला-पालमपुर मार्ग पर शुक्रवार दोपहर जिलाधीश कार्यालय के पीछे सिविल बाजार क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। धर्मशाला से पालमपुर की ओर जा रही एक निजी बस के ब्रेक फेल होने से चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद बस अनियंत्रित होकर जिलाधीश कार्यालय की दीवार और एक पेड़ से जा टकराई।

हादसे में दीवार को नुकसान पहुंचा, जबकि बस का चालक की ओर वाला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, निजी बस रोजाना की तरह धर्मशाला से पालमपुर के लिए रवाना हुई थी। रास्ते में अचानक चालक के नियंत्रण खो देने के कारण बस डीसी ऑफिस की दीवार से जा टकराई। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए आगे आए। दुर्घटना के दौरान सामने से आ रहे छोटे टेंपो के चालक मनोज कुमार निवासी चरान खड्ड, धर्मशाला के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं, मौके पर पैदल जा रहे आयुष निवासी वाल्मीकि कॉलोनी, धर्मशाला को कमर में चोट लगी है।



डीसी ऑफिस की दीवार से टकराई बस क्षतिग्रस्त। अनंत ज्ञान

बस में सवार करीब 10 से 12 यात्रियों को भी हल्की चोटें आईं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# वनडे मैच के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

## धर्मशाला में भारत-अफगानिस्तान मैच को लेकर 700 पुलिस जवान तैनात, स्टेडियम में 5 गेट से एंट्री

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** धर्मशाला में भारत और अफगानिस्तान के बीच प्रस्तावित एकदिवसीय क्रिकेट मैच को लेकर जिला पुलिस ने व्यापक सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन की तैयारियां पूरी कर ली हैं। पुलिस प्रशासन के अनुसार मैच के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए स्टेडियम के अंदर और बाहर विशेष इंतजाम किए गए हैं।

स्टेडियम परिसर को पांच मुख्य सेक्टरों में विभाजित किया गया है तथा दर्शकों के प्रवेश के लिए पांच प्रमुख द्वार निर्धारित किए गए हैं। गेट नंबर-2, 3, 4 और 5 से दर्शकों की एंट्री करवाई जाएगी। वहीं, टीमों की आवाजाही से लेकर पूरे शहर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए धर्मशाला को आठ ट्रैफिक सेक्टरों में बांटा गया है। एयरपोर्ट से टीमों के होटल और स्टेडियम तक के पूरे रूट पर विशेष निगरानी रहेगी तथा प्रत्येक



सेक्टर में सेक्टर अधिकारी और पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे। पार्किंग व्यवस्था के लिए पुलिस ग्राउंड, आईजी कार्यालय परिसर, डीसी कार्यालय पार्किंग, एसपी कार्यालय क्षेत्र, साइंस कॉम्प्लेक्स और दाड़ी ग्राउंड को मुख्य पार्किंग स्थल बनाया गया है। ट्रैफिक दबाव बढ़ने की स्थिति में कुछ सरकारी स्कूलों और साई स्टेडियम में भी अतिरिक्त पार्किंग की व्यवस्था रखी गई है।

एएसपी बीर बहादुर ने बताया कि मैच के दौरान सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए लगभग 700 पुलिस जवान तैनात रहेंगे, जो स्टेडियम के भीतर और बाहर अपनी सेवाएं देंगे। सभी अधिकारियों और जवानों को ड्यूटी संबंधी ब्रीफिंग भी दे दी गई है। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे अपनी गाड़ियां केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ी करें और सड़क किनारे पार्किंग से बचें, ताकि मैच देखने आने वाले दर्शकों को किसी प्रकार की ट्रैफिक समस्या का सामना न करना पड़े।

# वर्ल्ड कप 2027 की तैयारी के लिए अहम होगा भारत दौरा : अशमतुल्लाह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में होने वाले भारत-अफगानिस्तान मैच से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए हुए अफगान कैप्टन अशमतुल्लाह शहीदी ने कहा कि इस मैदान में 2023 वर्ल्ड कप में बंग्लादेश के खिलाफ मैच खेला था। भारत की स्थितियां स्पिनर के लिए मददगार रहती है, ऐसे में यहां स्पिनरों से उन्हें काफी मदद मिलेगी। कैप्टन ने कहा कि भारत अति मुशिकल टीम है, ऐसे में वर्ल्ड कप 2027 की शुरुआत भारत से हो रही है, जिससे हमें अपने कमियां ओर अच्छाइयां जानने का भी मौका मिलेगा। भारतीय टीम पूर्व के वर्ल्डकप में भी फाईनल में रही थी, ऐसे में अपनी रैंकिंग में भी सुधार का मौका रहेगा। उन्होंने कहा कि हम क्वालिटी क्रिकेट खेलने पर फोकस करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत को चुनौती देने के उनके पूरे प्रयास रहेंगे, जिससे बेहतरीन मुकाबला व क्रिकेट देखने को मिले। साथ ही हम मैचों को जीतने के लिए आत्मविश्वास के साथ खेलने उतरेंगे। घरेलू क्रिकेट के बारे में बात करते हुए कहा कि वनडे में हमने बहुत अधिक परिवर्तन नहीं किये है। इसमें नए खिलाड़ी डर्मेश रसौली शामिल थे, लेकिन उनके पिता के निधन होने पर उन्हें वापिस घर लौटना पड़ा है। उम्मीद है वह दोबारा हमारी टीम के साथ जुड़ेंगे। अशिमतुल्लाह शहीदी ने कहा कि भारत के सभी खिलाड़ी प्रभावशाली है, ऐसे में चलेंज को स्वीकार करते हुए मैच को जीतने के इराद से मैदान में उतरेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्व. पति की स्मृति में स्कूल को दिया वाटर कूलर



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** ग्राम पंचायत नांहलिया की संजीवना देवी ने समाजसेवा की प्रेरणादायक मिसाल पेश करते हुए अपने स्वर्गीय पति सर्वण कुमार की पुण्य स्मृति में राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा को एक वाटर कूलर भेंट किया है। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वाटरकूलर लगने से स्कूल के विद्यार्थियों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों को भी गर्मी के दिनों में शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर अध्यापक राकेश राणा ने बताया कि विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की कमी को दूर करने के लिए दानी सज्जनों से सहयोग मांगा गया था, जिस पर संजीवना देवी ने उदारता दिखाते हुए यह योगदान दिया। उन्होंने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने भी इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए इसे बच्चों और क्षेत्रवासियों के लिए लाभदायक बताया।

### हिमानी शर्मा ने संभाला तहसीलदार का पदभार

**अनंत ज्ञान, प्रागपुर।** हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचएएस) वर्ष 2024 बैच की अधिकारी हिमानी शर्मा ने शुक्रवार को परागपुर में सहायक आयुक्त (राजस्व) एवं तहसीलदार के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वह चौपाल के छौहरा (चड़गांव) विकास खंड में सहायक आयुक्त (विकास) एवं बीडीओ के पद पर कार्यरत थीं। बिलासपुर निवासी हिमानी शर्मा ने पदभार संभालने के बाद कहा कि उनकी प्राथमिकता आम लोगों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिलाना और प्रशासन तथा जनता के बीच की दूरी को कम करना है। उन्होंने राजस्व कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि परागपुर क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाएगा तथा कार्यालयों में आने वाले लोगों को बिना अनावश्यक देरी के सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर उनके परिजन और नायब तहसीलदार परागपुर बलविंदर पठानिया भी उपस्थित रहे।

### पीर बाबा ऑटो यूनियन ने लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से पीर बाबा ऑटो यूनियन, नगरोटा बगवां द्वारा शुक्रवार को मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस दौरान राहगीरों, वाहन चालकों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों को ठंडा व मीठा पानी वितरित किया गया। यूनियन सदस्यों ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों की सेवा करना और उन्हें राहत पहुंचाना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। छबील में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर मीठे पानी का सेवन किया और यूनियन की इस पहल की सराहना की। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि समाज सेवा और मानवता की भलाई के कार्य आगे भी जारी रहेंगे। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल लोगों को राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं।

### बलोटा में रात्रि जागरण व सत्संग आज

**अनंत ज्ञान, धीरा।** श्री अभेद अजून आश्रम बलोटा तहसील धीरा जिला कांगड़ा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रात्रि जागरण, सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन कमेटी के अनुसार आश्रम के पावन स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर शनिवार 13 जून को रात्रि जागरण एवं सत्संग व 14 जून रविवार को सुबह साढ़े 09 बजे संकीर्तन और उसके बाद लंगर प्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

### ढाटी स्कूल में जांचा 71 बच्चों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाटी में शुक्रवार को ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर भवारना के सौजन्य से निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कक्षा छठी से 12वीं तक के कुल 71 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों की टीम ने बच्चों की ऊंचाई, वजन, आंखों, दांतों और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें संतुलित आहार, स्वच्छता और मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने मेडिकल टीम के डॉक्टर वरुण और डॉ. आशा रानी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए। स्कूल प्रबंधन ने बीएमओ भवारना का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी इस तरह के कैंप लगाने का आग्रह किया।

### संगठन विस्तार व जनसंपर्क पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** संगठनात्मक जिला पालमपुर की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष रागिनी रकवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी गई। जिला अध्यक्ष रागिनी रकवाल और सह प्रभारी पंकज जम्वाल ने आगामी रणनीति पर चर्चा करते हुए '12 साल मोदी के बेमिसाल' कार्यक्रम को घर-घर तक पहुंचाने की रूपरेखा तैयार की। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता जैसे विषयों को बूथ स्तर तक ले जाने का संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सह प्रभारी पंकज जम्वाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैजनाथ के पूर्व विधायक मुल्ख राज प्रेमी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य शिला देवी, जिला महामंत्री अभिमन्यु भट्ट सहित कई पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

# धर्मशाला में तंबाकू नियंत्रण अभियान तेज, 16 उल्लंघनकर्ताओं के चालान

अनंत ज्ञान

◆ **सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान और लूज सिगरेट बिक्री पर कार्रवाई**

**ब्यूरो धर्मशाला।** तंबाकू नियंत्रण उपायों को अधिक प्रभावी बनाने और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला तंबाकू नियंत्रण उड़नदस्ता ने नशा मुक्ति विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के सहयोग से धर्मशाला के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष प्रवर्तन अभियान के दूसरे चरण का आयोजन किया। अभियान के दौरान सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) तथा हिमाचल प्रदेश लूज सिगरेट खुदरा विनियमन अधिनियम, 2016 के उल्लंघन के मामलों में 16 व्यक्तियों के चालान किए गए।

प्रवर्तन दलों ने धर्मकोट, मैकलोडगंज, बस स्टैंड के आसपास के क्षेत्रों और सुधेर में सार्वजनिक स्थानों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान तंबाकू नियंत्रण कानूनों के अनुपालन की जांच की गई और विभिन्न प्रकार के उल्लंघन सामने आए। निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना, नाबालिगों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री निषिद्ध होने संबंधी अनिवार्य सूचना-पट्ट प्रदर्शित न करना, हुक्का प्रदर्शित करना तथा खुली (लूज) सिगरेट बेचना जैसी गतिविधियां पाई गईं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मौके पर ही कार्रवाई करते हुए चालान किए गए। यह विशेष अभियान जिला नोडल अधिकारी डॉ. अनुराधा के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान में एएसपी-एसटीएफ रेनू शर्मा, डीएसपी निशा, एएसटीईओ (आबकारी) ऋषिका ठाकुर, औषधि निरीक्षक मीनाक्षी, एसआई-एसटीएफ सुनील पठानिया, एचसी-एसटीएफ विपिन, एलसी-एसटीएफ कनकमाला, कांस्टेबल-एसटीएफ अश्विनी तथा स्वास्थ्य विभाग से सुरेश ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि तंबाकू नियंत्रण कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# नवनिर्वाचित पार्षद 24 घंटे लोगों की सेवा के लिए रहें तत्पर

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर नगर पंचायत के नव निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सादगी एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में एसडीएम शाहपुर गणेश ठाकुर ने नव निर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इनमें वार्ड नंबर-1 से अभिषेक माथुर, वार्ड नंबर-2 से अनुपम, वार्ड नंबर-3 से बविता, वार्ड नंबर-4 से प्रीति परिहार, वार्ड नंबर-5 से राजीव सिंह, वार्ड नंबर-6 से नितिन कौशल तथा वार्ड नंबर-7 से विजय सिंह शामिल रहे।

इस अवसर पर विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सभी नव निर्वाचित पार्षदों एवं उनके परिवारजनों को बधाई देते हुए आह्वान किया कि वे 24 घंटे जनता की सेवा के लिए समर्पित रहें और लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में नगर पंचायत शाहपुर में लगभग 10.43 करोड़ रुपये विभिन्न विकास कार्यों पर व्यय किए गए हैं। शाहपुर का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नागरिक अस्पताल शाहपुर में शीघ्र ही डायलिसिस की 10 मशीनें स्थापित की जाएंगी तथा ब्लड बैंक की सुविधा भी शुरू की जाएगी।

उन्होंने कहा कि आईटीआई शाहपुर के समीप 40 नई दुकानों का निर्माण करवाया जाएगा, जिनमें फोरलेन परियोजना से प्रभावित दुकानदारों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा नगर पंचायत शाहपुर के लिए 50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# रैत-कोहला-बल्ला सड़क पर टायरिंग कार्य जल्द करें शुरू : केवल पठानिया



रैत-कोहला-बल्ला सड़क के निर्माण को लेकर बैठक करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने रैत-कोहला-बल्ला सड़क के निर्माण कार्य में हो रही देरी पर सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को तत्काल टायरिंग कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

शिमला से लौटते ही विधायक ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता और संबंधित ठेकेदार के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर सड़क निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की सुविधा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने निर्देश दिए कि रैत-कोहला-बल्ला सड़क पर टायरिंग का कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करने के भी निर्देश दिए गए।

केवल सिंह पठानिया ने कहा जनता की सुविधा और क्षेत्र का विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क की खराब स्थिति से लोगों को हो रही परेशानी का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कार्य की नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

# महिलाओं को 1500 रुपए जल्द दे सरकार : काजल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और विधायक पवन काजल ने हिमाचल प्रदेश सरकार से महिलाओं को चुनावी वादे के अनुसार प्रतिमाह 1500 रुपये का शीघ्र भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को खोली पंचायत से आए सरस्वती महिला मंडल के साथ चर्चा के दौरान यह बात कही। काजल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में हर महिला को 1500 रुपये देने की घोषणा की थी। इस वादे के चलते पिछले साढ़े तीन साल में प्रत्येक महिला का लगभग 70 हजार रुपये बकाया हो गया है, जिसका भुगतान सरकार को करना चाहिए।

विधायक काजल ने खोली पंचायत में पूर्व भाजपा शासन के दौरान शुरू की गई लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये की पेयजल योजना का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत वाटर स्टोरेज टैंक और गैलरी का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। लगभग 3500 मीटर नई तीन इंच पाइप लाइन बिछाने के लिए टेंडर खुल चुका है। पाइप लाइन बिछते ही खोली के ग्रामीणों को पर्याप्त पीने का पानी उपलब्ध हो जाएगा।

काजल ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार बेरोजगारों को स्थायी रोजगार देने में विफल रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पर्यटक सीजन में कांगड़ा की खस्ताहाल सड़कें प्रदेश सरकार के कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के दावों की पोल खोल रही हैं। उनके अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा सड़क निर्माण के लिए राशि जारी करने के बावजूद, हिमाचल सरकार के अधिकारी धरातल पर कार्य करवाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

# टांडा मेडिकल कॉलेज में एक्स-रे रूम के बाहर पानी रिसाव से मरीज परेशान



अनंत ज्ञान

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के एक्स-रे रूम के बाहर लंबे समय से छत से पानी टपकने की समस्या बनी हुई है, जिससे मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि पानी इकट्ठा करने के लिए परिसर में बड़ा डस्टबिन रखा गया है, जिससे आवागमन भी बाधित हो रहा है। अस्पताल में आए परषोतम चंद, लवली चंद, कुलभाष कुमार, रश्मि देवी, सीमा कुमारी और रमा कुमारी सहित कई लोगों ने प्रशासन से इस समस्या के जल्द समाधान की मांग की है।

उनका कहना है कि यह स्थिति मरीजों के लिए असुविधाजनक है और इसे तुरंत ठीक किया जाना चाहिए। इस मामले पर मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. विवेक बुनियाल ने बताया कि यह समस्या एसी के पानी टपकने के कारण हो रही है और इसे जल्द ही हटाने व सुधारने के प्रयास किए जाएंगे।

# पार्ट टाइम जनगणना आदेशों को देंगे हाई कोर्ट में चुनौती: विजय हीर

अनंत ज्ञान

◆ **जनगणना कार्य स्वीकार, समय की कमी अस्वीकार**

**ब्यूरो धर्मशाला।** जनगणना-2027 के अंतर्गत शिक्षकों को पूरा दिन स्कूल में पढ़ाने के बाद पार्ट टाइम जनगणना करने के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में याचिका दायर होगी। राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर ने यह जानकारी देते हुए कि जिला हमीरपुर में एक ही प्रकार का जनगणना कार्य करने वाले कर्मचारियों को कार्य पूरा करने हेतु असमान समय दिया है। गैर शिक्षक जो काम 8 घंटे में करेंगे,वह शिक्षकों को 2 से 3 घंटे में करना होगा।ऐसा लगातार एक माह होगा। इस मामले में वे जिलाधीश हमीरपुर से 11 जून को मिले थे और पूरा टाइम जनगणना के लिए ज्ञापन दिया था। उन्होंने कहा था कि शीघ्र ही ये काम पूरा होते ही शिक्षक स्कूलों में वापस पढ़ाने चले जाएंगे, मगर जिलाधीश हमीरपुर ने 12 जून को जारी पत्र में जनगणना के लिए समीपी वार्ड देने की बात ही कही है।

हीर ने कहा कि 16 जून से 15 जुलाई 6 तक गृह गणना का कार्य निर्धारित किया गया है। जनगणना में समान कार्य के लिए समान समय की आवश्यकता होती है, लेकिन शिक्षकों को पार्ट टाइम इस कार्य हेतु विवश किया जा रहा है। शिक्षकों को अवकाश वाले 17 जून, 21 जून, 26 जून, 28 जून, 29 जून, 5 जुलाई तथा 12 जुलाई सहित कुल मात्र 7 दिन ही जनगणना कार्य के लिए उपलब्ध होंगे।पूर्णकालिक शिक्षण कार्य के साथ केवल 7 दिनों में जनगणना कार्य पूरा करना एक बड़ी चुनौती है।

कुल्लू में भी ऐसे आदेश जारी हुए थे मगर 11 जून 2026 को जारी स्पष्टीकरण में लिखा है कि जनगणना कार्य केवल विद्यालय अथवा कार्यालय समय के बाद, छुट्टियों या अवकाश के दिनों में करना अनिवार्य नहीं है। कुल्लू प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य एक समयबद्ध एवं पूर्णकालिक दायित्व है और जनगणना ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी सामान्यत: इसी कार्य में संलग्न रहेंगे। हमीरपुर जिला में भी ऐसे ही आदेश अपेक्षित थे मगर कार्यस्थल के समीप जनगणना क्षेत्र आवंटित कर देने मात्र से मूल समस्या का समाधान नहीं होता। समस्या दूरी की नहीं बल्कि समय की है। जब शिक्षक पूरे दिन विद्यालय में अध्यापन करेंगे तो निकटतम क्षेत्र में भी घर-घर जाकर सर्वेक्षण, सत्यापन और डेटा संकलन के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध नहीं हो पाएगा।

# कोरम पूरा न होने से टला फतेहपुर ब्लॉक समिति अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव

अनंत ज्ञान

**रविन्द्र चौधरी, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा के विकास खंड फतेहपुर में ब्लॉक समिति अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए शुक्रवार को बुलाई गई बैठक कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित कर दी गई। चुनाव को लेकर पिछले कई दिनों से राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर थीं तथा विभिन्न दावेदार अपने-अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में लगे हुए थे। हालांकि बैठक के दौरान आवश्यक संख्या में सदस्य उपस्थित न होने से चुनाव प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। विकास खंड फतेहपुर की 27 सदस्यीय ब्लॉक समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आयोजित बैठक में कुल 15 सदस्यों की ही हाजिरी दर्ज हो सकी, जबकि नियमानुसार पहली बैठक में कोरम पूरा करने के लिए 18 सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य थी।

जानकारी के अनुसार एक 16वां ब्लॉक समिति सदस्य भी बैठक स्थल पर पहुंचा था, लेकिन निर्धारित समय दोपहर 12 बजे समाप्त होने के लगभग पांच मिनट बाद पहुंचने के कारण उसकी हाजिरी दर्ज नहीं हो सकी। ऐसे में बैठक में उपस्थित सदस्यों की संख्या आधिकारिक तौर पर 15 ही मानी गई। हालांकि उक्त सदस्य की उपस्थिति दर्ज होने की स्थिति में भी आवश्यक 18 सदस्यों का कोरम पूरा नहीं हो पाता। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पीठासीन अधिकारी एवं एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने बताया कि आवश्यक कोरम पूरा न होने के कारण अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं करवाया जा सका तथा अब इस संबंध में अगली बैठक 17 जून को आयोजित की जाएगी।

## 17 को 14 सदस्यों से पूरा होगा कोरम : एसडीएम

**विश्रुत** भारती ने बताया कि नियमानुसार पहली बैठक में 18 सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक थी, लेकिन केवल 15 सदस्यों की हाजिरी दर्ज हो पाई। ऐसे में चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाना संभव नहीं था।



अब 17 जून को होने वाली अगली बैठक में कोरम के लिए 14 सदस्यों की उपस्थिति पर्याप्त होगी और उसी दिन अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बैठक में विकास खंड अधिकारी सुभाषा अत्री सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। चुनाव स्थगित होने के बाद अब राजनीतिक गतिविधियां और तेज होने की संभावना है तथा विभिन्न दावेदारों और उनके समर्थकों की नजरें 17 जून को होने वाली बैठक पर टिक गई हैं, जहां विकास खंड फतेहपुर के नए नेतृत्व का फैसला होगा।

# संयुक्त कार्यालय के शिलान्यास के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह

**अनंत ज्ञान, प्रागपुर।** युवा विकास मंडल प्रागपुर के संयोजक शिव शाह ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए परागपुर को तहसील व उपमंडल का दर्जा प्रदान करने के लिए उनका विशेष आभार जताया है। शिव शाह ने कहा कि परागपुर का प्रशासनिक स्तर बढ़ाकर मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र को नई पहचान दी है और इसके लिए स्थानीय निवासी उनके सदैव ऋणी रहेंगे। इस दौरान शिव शाह ने मुख्यमंत्री से एक विनम्र आग्रह करते हुए कहा कि परागपुर में बनने जा रहे संयुक्त कार्यालय भवन, जिसमें तहसील, एसडीएम कार्यालय सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विभागों का संचालन किया जाएगा, का शिलान्यास मुख्यमंत्री स्वयं अपने कर कमलों से करें। उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि परागपुर को प्रशासनिक दर्जा दिलाने का श्रेय मुख्यमंत्री को ही जाता है, इसलिए इस भवन की आधारशिला भी उनके द्वारा ही रखी जानी चाहिए। उन्होंने अंत में मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से प्रागपुर को उसका खोया हुआ वैभव पुन: प्राप्त हो रहा है।

# किंडरगार्टन नर्सरी वर्ग में नर्सरी-ए से अनित को चुना मिस्टर अटायर



ग्रीन व्यू स्कूल डाढ़ में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**डाढ़।** ग्रीन व्यू सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डाढ़ में किंडरगार्टन (नर्सरी) तथा +1 कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के एमडी हरबंस लाल कौंडल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत के लिए एलकेजी तथा यूकेजी के बच्चों ने सर्वप्रथम स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। इस फ्रेशर पार्टी में किंडरगार्टन नर्सरी के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनके लिए ड्राइंग एवं बैलून जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से नर्सरी एवं +1 कक्षा के विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों से केक भी कटवाया गया। किंडरगार्टन नर्सरी वर्ग में नर्सरी-ए से अनित को मिस्टर अटायर तथा कासवी को नर्सरी-बी से मिस अटायर चुना गया। नर्सरी-ए से इवान को मिस्टर राइमर तथा नर्सरी-बी सिबनया को मिस राइमर का खिताब प्रदान किया गया। इसी प्रकार नर्सरी-ए से रुद्रांश को मिस्टर फ्रेशर तथा नर्सरी-बी से माहिरा को मिस फ्रेशर चुना गया। अंत में विद्यालय के एमडी एचएल कौंडल ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# एनएच पर पलटा सीमेंट से भरा ट्रक, हाईवे रहा बाधित



अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन के नौंहगी गांव के पास नेशनल हाईवे पर एक सीमेंट से भरा ट्रक पलट गया जिससे हाईवे बाधित रहा। जिस वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खबर मिलते ही एसएचओ इंस्पेक्टर निर्मल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौका पर पहुंच गई। यातायात को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस ने वाहनों को वाया फतेहपुर सहित दूसरी वैकल्पिक सड़कों की ओर डायवर्ट कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कड़कती धूप के बीच ट्रक के चारों टायर फट गए जिसके चलते ट्रक सड़क के बीच पलट कर घूम गया जिससे हाईवे बाधित हो गया। वाहनों का आवागमन बंद हो गया केवल दो पहिए वाहन व छोटी कारें आदि ही बड़ी मुश्किल से क्रास कर रही थीं। समाचार लिखे जाने तक ट्रक अभी सड़क के बीच ही पल्टा पड़ा है। जिसे हटाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ेगी क्योंकि पहले उसमें भरे सीमेंट को निकालना पड़ेगा उसके बाद बड़ी क्रेन के सहायता से ही सड़क से हटाया जा सकता है।

मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि खबर मिलते ही पुलिस मौका पर पहुंच गई। यातायात को वैकल्पिक सड़कों की ओर डायवर्ट कर दिया ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# तीन दिन में हटाएं नालियों पर लगे लोहे के जाले-एंगल : राकेश शर्मा

## हमीरपुर में सफाई व्यवस्था को लेकर सख्ती, अवैध लोहे के ढांचे हटाने का नोटिस जारी

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** नगर निगम हमीरपुर ने शहर में दुकानों के बाहर लगाए लोहे के जाले या एंगल लगाए गए हैं उन्हें हटाने का नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा ने नोटिस जारी कर दिया है। यदि दुकानदार निर्धारित अवधि के भीतर अवरोध नहीं हटाते तो ऐसे दुकानदारों से एंगल या जाले हटाने के लिए आने वाला खर्च वसूल किया जाएगा।

गौर रहे कि नगर निगम हमीरपुर के संज्ञान में आया है कि शहर में अनेक स्थानों पर नालियों के ऊपर दुकानदारों, भवन मालिकों द्वारा स्टील एंगल, लोहे के फ्रेम एवं अन्य अवरोधक संरचनाएं स्थापित की गई हैं, जिसके कारण नालियों की नियमित सफाई एवं रख-रखाव कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। परिणामस्वरूप नालियों में गंदगी एवं कूड़ा-कर्कट जमा होने से जल निकासी प्रभावित हो रही है तथा शहर में अस्वच्छता की स्थिति उत्पन्न हो रही है। अतः नगर निगम हमीरपुर के समस्त दुकानदारों एवं भवन मालिकों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है कि जिन्होंने भी नालियों के ऊपर स्टील एंगल, लोहे के फ्रेम अथवा अन्य प्रकार के स्थायी अवरोध स्थापित किए हैं, वे इस नोटिस के जारी होने के 03 दिनों के भीतर उन्हें स्वयं हटा दें, ताकि नालियों की समुचित सफाई एवं रख-रखाव किया जा सके। यदि निर्धारित अवधि के भीतर उक्त अवरोध नहीं हटाए जाते हैं, तो नगर निगम हमीरपुर द्वारा इन्हें स्वयं हटाने की कार्यवाही की जाएगी।



नालियों के ऊपर डाले लोहे के जाले-एंगल। अनंत ज्ञान

इस कार्यवाही पर होने वाला समस्त व्यय संबंधित दुकानदार-भवन मालिक से वसूल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रचलित नियमों एवं अधिनियमों के अंतर्गत आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई भी अमल में लाई जा सकती है। सभी नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे स्वच्छ एवं स्वस्थ हमीरपुर के निर्माण में नगर निगम का सहयोग करें तथा नालियों की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अपना योगदान दें।

# सुजानपुर बाल आश्रम में भेजे दो छोटे बच्चे, परिजनों की तलाश जारी

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि जिला ऊना में एक महिला द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने के कारण बेसहारा हुए उसके दो छोटे-छोटे बच्चों को फिलहाल बाल आश्रम सुजानपुर में रखा गया है। अगर 60 दिनों के भीतर उनका कोई भी परिजन, अभिभावक या रिश्तेदार इन्हें लेने के लिए सामने नहीं आता है तो इसके बाद जिला बाल संरक्षण इकाई इन दोनों बच्चों को गोद लेने के लिए कानूनी रूप से स्वतंत्र कर देगी।

कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि 9 जून को जिला बाल कल्याण समिति ऊना ने दो बच्चों युवराज (9) और साहिल (7) को बाल आश्रम सुजानपुर को सौंपा था। एफआईआर के अनुसार इन दोनों बच्चों की मां बबली ने आत्महत्या कर ली है। इनके स्वर्गीय पिता का नाम रविंदर कुमार और सौतेले पिता का नाम प्रवीण कुमार है। पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार बबली और प्रवीण कुमार लगभग 15 दिन पहले काम की तलाश में जिला ऊना के गांव झलेड़ा वार्ड नंबर-4 डाकघर रैंसरी में आए थे। दोनों बच्चों के आधार कार्ड के अनुसार इनका मूल निवास स्थान ग्राम धार खुर्द, डाकघर एवं तहसील धार कलां, जिला पठानकोट पंजाब-145001 है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि इन बच्चों का कोई परिजन या रिश्तेदार अगर इन्हें अपने साथ ले जाना चाहता है तो वह सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित बाल आश्रम सुजानपुर में संपर्क कर सकता है। 60 दिन की अवधि के दौरान अगर इन बच्चों का कोई भी परिजन या रिश्तेदार सामने नहीं आता है तो जिला बाल संरक्षण इकाई इन्हें कानूनी रूप से स्वतंत्र कर देगी, ताकि उन्हें गोद लिया जा सके।

# न्यूज ब्रीफ

## मेडिकल लैब टेक्नीशियन का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने मेडिकल लैब टेक्नीशियन ग्रेड-2 (ट्रेनी) के 19 पदों के लिए पोस्ट कोड-25014 के तहत आयोजित भर्ती प्रक्रिया का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग ने कंप्यूटर आधारित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद चयन सूची जारी की। इन पदों में 9 सामान्य भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों, 3 ओबीसी, 5 एससी और 2 एसटी भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए आरक्षित थे। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि भर्ती के लिए कुल 5 पात्र उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 4 ने परीक्षा दी। परीक्षा के आधार पर 2 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद महिमा चौधरी और नेहा का चयन कर लिया गया है। पात्र उम्मीदवारों की कमी के कारण 17 पद रिक्त रह गए। विस्तृत परिणाम आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## लघु रोजगार मेले में 33 उम्मीदवारों का चयन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में वीरवार को लघु रोजगार मेला आयोजित किया गया, जिसमें तीन बड़ी कंपनियों ने पात्र युवाओं के साक्षात्कार लिए। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस लघु रोजगार मेले में साक्षात्कार के लिए कुल 64 उम्मीदवार पहुंचे। इनमें से 33 उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया। उन्होंने बताया कि बद्दी की प्रसिद्ध कंपनी माइलस्टोन गियर्स लिमिटेड ने 20 में से 4 अभ्यर्थियों का चयन किया। एचएमसी-ई डैली प्राइवेट लिमिटेड ने 28 में से 18 और एसआईएस इंडिया लिमिटेड ने 16 में से 11 उम्मीदवारों को सेलेक्ट कर लिया।

## नादौन महाविद्यालय का प्रवेश कार्यक्रम जारी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय, नादौन ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष सहित अन्य कक्षाओं में प्रवेश एवं शैक्षणिक गतिविधियों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार बस्सी ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष के लिए आवेदन पत्र 1 जून से 19 जून 2026 तक जमा होंगे। 13 से 19 जून तक पूर्व-प्रवेश परामर्श आयोजित किया जाएगा। प्रथम मेरिट सूची 20 जून को जारी होगी, जिसके बाद 21 से 23 जून तक शुल्क जमा होगा। द्वितीय सूची 24 जून को आएगी और 25 से 27 जून तक प्रवेश प्रक्रिया चलेगी। 28 से 30 जून तक ओरिएंटेशन कार्यक्रम होगा। अन्य कक्षाओं में रोल-ऑन प्रवेश भी इसी अवधि में संपन्न किए जाएंगे।

## ममता मॉडल पर चल रही सुक्खू सरकारः राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसे ममता बनर्जी की पूर्व सरकार के मॉडल पर चलने वाली सरकार बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार में कानून के शासन की बजाय तानाशाही का माहौल बनाया जा रहा है और विरोधियों को निशाना बनाया जा रहा है। राजेंद्र राणा ने कहा कि विमल नेगी प्रकरण में सीबीआई जांच के दौरान कई अहम तथ्य सामने आ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जांच की मांग क्यों ठुकराई गई और दोषियों को बचाने का प्रयास क्यों हुआ। उन्होंने सरकार पर जनता को झूठे वादों से ठगने, विकास कार्यों में बाधा डालने और आंतरिक कलह में उलझे रहने का आरोप लगाया।

## बिझड़ी-मंडी चौक पर लगाई मीठे पानी की छबील

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** समाज सेवा का जज्बा अगर युवा में हो तो कोई भी कार्य करने में कठिनाई नहीं हो सकती शुक्रवार को बिझड़ी-मंडी चौक के नजदीक युवाओं द्वारा ठंडे पेयजल की छबील लगाकर धार्मिक कार्य का आयोजन किया इस दौरान युवाओं ने हर एक आने जाने वालों के लिए ठंडा पेयजल शरबत हलवा चने का प्रसाद बांट कर बांटकर श्रमदान का आयोजन किया। इस धार्मिक कार्य को सफल बनाने के लिए बिझड़ी बाजार के दुकानदार युवा वर्ग यहां तक की बच्चियों ने भी इसमें अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। इस कार्य को सफल बनाने के लिए और रोहित सोनी सुरेंद्र शर्मा पूर्व वार्ड पंच सहित कई युवाओं ने अपने सहभागिता दर्ज करवाकर कड़ी धूप में भी आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठंडा पेयजल हलवा के साथ-साथ शरबत का भी प्रबंध कर रखा था।

## कपड़े, किताबें और खिलौने करें डोनेट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अगर आपके घर में पुराने कपड़े, किताबें और बच्चों के खिलौने काफी समय से ऐसे ही पड़े हुए हैं और ये अच्छी हालत में हैं तो ये किसी अन्य जरुरतमंद एवं गरीब के काम आ सकते हैं। आम तौर पर सभी साधन संपन्न घरों में ऐसा सामान अक्सर यूं ही पड़ा रहता है और खराब होता रहता है। ऐसे सामान को किसी जरुरतमंद गरीब परिवार तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन और जिला रैडक्रॉस सोसाइटी एक विशेष पहल करने जा रही है। उपायुक्त एवं जिला रैडक्रॉस सोसाइटी की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति या परिवार इस तरह का सामान डोनेट करना चाहता है तो वह इसे 30 जून तक हमीरपुर के बचत भवन के परिसर में स्थित जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के कार्यालय में पहुंचा सकता है।

## शहीद अंकुश की याद में रक्तदान शिविर 16 को

**अनंत ज्ञान, जाहू।** शहीद अंकुश ठाकुर के छठे शहीदी दिवस के अवसर पर 16 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्त दान शिविर शहीद अंकुश ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मनोह के प्रांगण में आयोजित होगा। शहीद की स्मृति में आयोजित इस सेवा कार्य में भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी राकेश कुमार ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। शहीद अंकुश ठाकुर चेरिटेबल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल कुमार ने क्षेत्रवासियों, समाजसेवियों और युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान शिविर में भाग लेकर रक्तदान करें तथा वीर शहीद को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। उनका कहना है कि रक्तदान न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकता है, बल्कि यह शहीद के प्रति सम्मान व्यक्त करने का भी एक श्रेष्ठ माध्यम है।

## बिझड़ी में क्षमता निर्माण शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बाल विकास परियोजना कार्यालय बिझड़ी द्वारा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिझड़ी में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए क्षमता निर्माण शिविर आयोजित किया गया। फर्स्ट एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से चल रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लॉक की 96 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। दो दिवसीय शिविर में 48 कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकों को समर कैंप 2026 'कमाल की तैयारी अभियान' के लिए प्रशिक्षण दिया गया। परियोजना अधिकारी सलीम मोहम्मद ने कहा कि बच्चों का नामांकन, नियमित उपस्थिति और उन्हें विद्यालय के लिए तैयार करना प्राथमिक लक्ष्य है। बच्चों के समग्र विकास के 5 प्रमुख मानकों पर भी प्रशिक्षण दिया गया।

# डीएवी भड़ोली में इंटर हाउस देशभक्ति स्किट स्पर्धा में सुभाष हाउस अव्वल



इंटर हाउस देशभक्ति स्किट प्रतियोगिता के दौरान बच्चे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में कक्षा छठी से नौवीं तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस देशभक्ति स्किट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना, मंचीय अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। सभी हाउस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देशप्रेम, राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। उनकी अभिनय क्षमता और संदेशपूर्ण प्रदर्शन ने दर्शकों एवं निर्णायकों को प्रभावित किया।

प्रतियोगिता में सुभाष हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गांधी हाउस ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां व्यक्तित्व विकास और राष्ट्रीय मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# जाहू में लाखों के गहने और नकदी चोरी, क्षेत्र में दहशत

**अनंत ज्ञान, जाहू।** पुलिस चौकी जाहू के अंतर्गत जाहू गांव में बुधवार रात चोरों ने एक घर में सेंध लगाकर लाखों रुपये के गहने और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर की खिड़की की ग्रिल तोड़कर अंदर घुसे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जाहू निवासी जगदीश लाल चड्ढा के घर से करीब 15 से 20 तोले सोना, लगभग 1 किलोग्राम चांदी तथा 5 लाख रुपये की नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के समय जगदीश लाल चड्ढा, उनकी पत्नी और पोता घर में सो रहे थे। बताया जा रहा है कि चोर मकान के एक कमरे की खिड़की में लगी लोहे की ग्रिल तोड़कर अंदर घुसे। सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तो उन्होंने देखा कि कमरे की खिड़की टूटी हुई है और सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी के ताले और दरवाजे भी टूटे हुए थे। जांच करने पर पता चला कि सोने-चांदी के आभूषण और नकदी गायब हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। इसके अलावा डॉग स्क्वायड की सहायता भी ली गई। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। इस बड़ी चोरी की घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। पुलिस अधिकारी लालमन शर्मा ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज कोई 'जंज घर' नहीं, जब चाहे उसका उद्घाटन कर दें: पुष्पेंद्र वर्मा

अनंत ज्ञान



**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा है कि मेडिकल कॉलेज परिसर कोई 'जंजघर' नहीं है, जिसका उद्घाटन जब चाहे किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज का श्रेय लेने का कोई अधिकार सांसद अनुराग ठाकुर को नहीं है, क्योंकि इसकी स्वीकृति यूपीए सरकार के दौरान तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री गुलाम नबी आजाद के समय में हुई थी।

शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में डॉ. वर्मा ने कहा कि यह परियोजना मार्च 2014 में स्वीकृत हुई थी और इसका नाम डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज रखा गया था। उन्होंने दावा किया कि तत्कालीन विधायक और वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रयासों से यह योजना आगे बढ़ी। उन्होंने कहा कि भवन तैयार होने के बावजूद मेडिकल कॉलेज को तुरंत शुरू नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह केवल इमारत नहीं बल्कि एक पूर्ण चिकित्सा संस्थान है। यहां सीटी स्कैन, एमआरआई, ऑक्सीजन प्लांट, मेडिकल गैस सिस्टम, लैब सुविधाएं, हॉस्टल और डॉक्टर रेजिडेंस जैसी सभी व्यवस्थाओं का पूरा होना जरूरी है।

पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का स्पष्ट निर्देश है कि जब मेडिकल कॉलेज शुरू हो, तो मरीजों को किसी भी जांच या इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। इसी के तहत सभी आधुनिक सुविधाओं का कार्य तेजी से चल रहा है और उम्मीद है कि इस वर्ष दिसंबर तक कॉलेज को पूरा तरह जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर अब तक 413 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। साथ ही हमीरपुर में 100 सीटों वाला नर्सिंग कॉलेज, डेंटल कॉलेज, 9 सुपर स्पेशलिटी सेवाएं और एक बड़ा कैंसर संस्थान भी विकसित किया जा रहा है। वर्मा ने सांसद अनुराग पर आरोप लगाया कि वे आधी-अधूरी जानकारी के आधार पर बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज कोई साधारण भवन नहीं है कि दरवाजे लगते ही उसे चालू कर दिया जाए। यह एक पूर्ण चिकित्सा ढांचा है जिसे पूरी तैयारी के बाद ही शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े बदलाव का गवाह बनेगा और सरकार आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत कर रही है।

# पीओ सेल ने ऊना से उद्घोषित अपराधी को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पीओ सेल हमीरपुर को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। हमीरपुर की टीम ने आरोपी ललित जसवाल निवासी बढ़ह, तहसील गगरेट, जिला ऊना आयु 45 वर्ष को दिनांक 11 जून की रात्रि को गगरेट, जिला ऊना से गिरफ्तार किया है उक्त आरोपी को न्यायालय एसीजेएम नादौन द्वारा दिनांक 24.12.2024 को थाना नादौन में दर्ज धारा 138 एनआई एक्ट के मामले में उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ने बताया कि लगातार प्रयासों एवं गुप्त सूचना के आधार पर पीओ सेल हमीरपुर ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी को दिनांक 12.06.2026 को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला पुलिस हमीरपुर न्यायालय आदेशों की प्रभावी पालना एवं फरार आरोपियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई हेतु प्रतिबद्ध है।

# लावारिस पशुओं के आतंक से दहशत में भरेड़ी के लोग

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत आने वाले भरेड़ी कस्बे में इन दिनों लावारिस पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मुख्य बाजार और चौक-चौराहों पर घूम रहे लावारिस पशु आम लोगों के लिए खतरा बन हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये पशु अब तक एक दर्जन से अधिक लोगों को घायल कर चुके हैं, जिनमें से दो से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। स्थानीय निवासियों के अनुसार वीरवार को भी एक लावारिस पशु ने एक व्यक्ति पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं शुक्रवार को भरेड़ी चौक पर दो लावारिस पशु आपस में भिड़ते हुए दिखाई दिए, जिससे वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई लोगों ने दुकानों और सुरक्षित स्थानों पर जाकर अपनी जान बचाई।

लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में दिनभर लावारिस पशुओं की आवाजाही बनी रहती है, जिससे दुर्घटना होने का खतरा लगातार बना रहता है। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं



और स्कूली बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में इस स्थिति को लेकर भारी रोष है तथा प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की जा रही है।

स्थानीय निवासी यशवंत, विजय, संजय, राजीव, कुलवंत, बबलू, नंदू, कुलवीर, सतीश, अनिल, सक्षम और सुनीता सहित अन्य लोगों ने प्रशासन तथा संबंधित विभाग से मांग की है कि भरेड़ी कस्बे में घूम रहे लावारिस पशुओं को जल्द से जल्द पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके और किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

# आपदा रक्षक ऐप पर तुरंत मिलेगी सभी घटनाओं की सूचना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए जिला स्तर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के माध्यम से विकसित इंसीडेंस रिस्पांस सिस्टम में एक नई सुविधा 'आपदा रक्षक' ऐप के रूप में जोड़ी जा रही है। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) द्वारा विकसित यह ऐप फिलहाल टेस्टिंग चरण में है।

राज्य स्तरीय कार्यशाला के दौरान अधिकारियों को इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। उपायुक्त एवं डीडीएमए अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि यह ऐप एक इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा, जिसके माध्यम से किसी भी आपदा या घटना की सूचना तुरंत दी जा सकेगी। सूचना मिलते ही घटनास्थल की लोकेशन की पहचान कर इंसीडेंस रिस्पांस सिस्टम सक्रिय हो जाएगा। इससे राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी आएगी। आने वाले समय में ऐप में और भी आधुनिक फीचर्स जोड़े जाएंगे ताकि आपदा प्रबंधन और प्रभावी बनाया जा सके।

# जनगणना के लिए तैयार नादौन की 180 प्रगणकों व पर्यवेक्षकों की टीम





अनंत ज्ञान

**नादौन।** भारत सरकार द्वारा करवाई जा रही जनगणना के लिए नादौन उपमण्डल की टीम पूरी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करके तैयार हो गई है। नादौन उपमण्डल के करीब 180 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को गवर्नमेंट कॉलेज नादौन में प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण चार चरणों में पूरा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर एसडीएम नादौन निशांत शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर चार्ज ऑफिसर तहसीलदार नादौन पंकज सोनी,ईओ नगर परिषद नादौन रमन शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम निशांत शर्मा ने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि

जनगणना का कार्य अपने आप में एक बहुत ही महत्वपूर्ण एक्सरसाइज है और इस कार्य के लिए नियुक्त किए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। इसलिए, सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निर्धारित अवधि के भीतर पूरा करें और फील्ड के कार्यों के लिए इस तरह की व्यवस्था बनाएं कि अपने कार्यालय एवं संस्थान के रूटीन के कार्य भी प्रभावित न हों। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य 16 जून से 15 जुलाई तक किया जाएगा।

# व्यापारियों को जीएसटी नियमों के संशोधनों की जानकारी दी



अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** व्यापार मंडल की त्रैमासिक बैठक संपन्न जिसमें आउट रीच कार्यक्रम के तहत जीएसटी विभाग के साथ मीटिंग हुई। शुक्रवार को जीएसटी विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर कुलदीप एवं उनकी टीम के साथ व्यापार मंडल के सदस्यों की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जीएसटी से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। असिस्टेंट कमिश्नर कुलदीप ने व्यापारियों को जीएसटी नियमों में हुए नवीन संशोधनों एवं विभागीय प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने जीएसटी अनुपालन, रिटर्न फाइलिंग, ई-वे बिल, इनपुट टैक्स क्रेडिट तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रावधानों के संबंध में व्यापारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

बैठक के दौरान व्यापार मंडल के सदस्यों ने भी व्यापारियों की समस्याओं एवं सुझावों को विभाग के समक्ष रखा, जिन पर सकारात्मक चर्चा हुई। व्यापार मंडल ने जीएसटी विभाग द्वारा समय-समय पर दिए जा रहे मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए असिस्टेंट कमिश्नर कुलदीप तथा उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। यह बैठक व्यापारियों एवं जीएसटी विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा कर संबंधी जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण रही। जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष सुमित की अध्यक्षता में मीटिंग संपन्न हुई।

# इंटक फेडरेशन के स्टेट कोऑर्डिनेटर बने भगमल गुलेरिया

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ (इंटक फेडरेशन) ने समाजसेवी भगमल गुलेरिया को हिमाचल प्रदेश का स्टेट कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामीनाथ जायसवाल द्वारा जारी आदेशों के तहत तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र में खुशी की लहर है और विभिन्न संगठनों ने उन्हें बधाई दी है। जारी आदेशों में कहा गया है कि उनकी संगठन के प्रति निष्ठा, नेतृत्व क्षमता और श्रमिक हितों के प्रति समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। भगमल गुलेरिया प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों का समन्वय, जिला एवं स्थानीय इकाइयों को मजबूत करना, सदस्यता अभियान चलाने और संगठन के विस्तार का कार्य देखेंगे। नियुक्ति के बाद उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व सहित मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और अन्य नेताओं का आभार जताया तथा श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आश्वासन दिया।

# नन्हे सांस्कृतिक दूत बने हिम अकादमी के विद्यार्थी

## फैंसी ड्रेस गतिविधि में बच्चों ने मंच पर बिखेरे संस्कृति के रंग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर के बाल वाटिका विंग में नन्हें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक समझ का मनमोहक प्रदर्शन करते हुए एक रंगारंग फैंसी ड्रेस गतिविधि में भाग लिया। इस विशेष आयोजन में बच्चों ने ऑस्ट्रिया, मोल्दोवा, मंगोलिया और भारत की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर विभिन्न देशों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया।

नन्हें-मुन्ने विद्यार्थी अपने आकर्षक परिधानों में किसी सांस्कृतिक दूत से कम नहीं लग रहे थे। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि बच्चों ने जिन देशों का प्रतिनिधित्व किया, उनकी स्थानीय भाषाओं में अभिवादन कर सभी को आश्चर्यचकित और आनंदित किया। इस प्रयास ने उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को विश्व की विविध संस्कृतियों और परंपराओं से परिचित होने का अनूठा अवसर





फैंसी ड्रेस गतिविधि में बच्चों ने दिखाया प्रतिभा का रंग। अनंत ज्ञान

प्रदान किया। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में वैश्विक दृष्टिकोण, सांस्कृतिक जागरूकता, आत्मविश्वास तथा अभिव्यक्ति कौशल का विकास करना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक खेलों और सहभागितापूर्ण गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। ज्ञान, रचनात्मकता और आनंद का सुंदर संगम बनी यह गतिविधि बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव सिद्ध हुई। इस अवसर ने न केवल उन्हें विभिन्न देशों की संस्कृति को समझने का अवसर दिया, बल्कि सीखने को रोचक और आनंददायक बनाते हुए उनके व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय प्रशासन ने इस सफल आयोजन के लिए बाल वाटिका के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में वैश्विक नागरिकता की भावना विकसित करने के साथ-साथ उनकी कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास को भी नई ऊंचाइयां प्रदान करती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरु जी की स्मृति में लगाई गई मीठे पानी की छबील

**अनंत ज्ञान, मंडी।** गुरुजी की पावन स्मृति में गुरु संगत मंडी द्वारा सेरी मंच के समीप मीठे पानी की छबील लगाकर श्रद्धा और सेवा भाव का संदेश दिया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं, राहगीरों और स्थानीय लोगों को मीठा शर्बत तथा पकौड़े वितरित किए गए। गुरु संगत से जुड़े वीरेंद्र आर्य ने बताया कि हाल ही में हुए चुनावों में गुरु संगत से जुड़े साथियों की जीत की खुशी में इस सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि गुरुजी के आशीर्वाद और संगत के सहयोग से विजय प्राप्त करने वाले साथियों की सफलता का उत्सव जनसेवा और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने छबील स्थल पर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संगत के सदस्यों ने गुरुजी के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।

### धर्मपुर में कल होगा मां शीतला का जागरण

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** शीतला माता मंदिर धर्मपुर में 14 जून रविवार को विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति की ओर से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक मोहित गर्ग एवं पूनम भारद्वाज मां शीतला के भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। मंदिर समिति के अनुसार जागरण कार्यक्रम शाम 6 बजे से आरंभ होकर पूरी रात्रि चलेगा। कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या एवं माता का गुणगान किया जाएगा। वहीं रात्रि 8:30 बजे ज्योति प्रज्वलन मुख्य आकर्षण रहेगा। श्रद्धालुओं के लिए शाम 6 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाना है, जिसमें प्रसाद ग्रहण करने की व्यवस्था रहेगी। मंदिर समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मां शीतला का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि धार्मिक आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय लोगों का सहयोग भी लिया जा रहा है।

### बैहना में 15 जून को होगा सरानाहुली मेला

**अनंत ज्ञान, बैहना।** आगामी 15 जून को संक्रांति के अवसर पर बैहना गांव स्थित हनुमान मंदिर में पारंपरिक सरानाहुली मेला श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यह मेला वर्षों से स्थानीय लोगों की आस्था और धार्मिक परंपराओं का केंद्र रहा है। जहां मंडी जिला के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों पराशर और कमरूनाग में संक्रांति के अवसर पर दो से तीन दिवसीय मेले आयोजित किए जाते हैं, वहीं बैहना चौक के समीप स्थित हनुमान मंदिर में भी सरानाहुली के दिन एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में क्षेत्र के तीन स्थानीय देवी-देवताओं की विशेष उपस्थिति रहेगी। उनके साथ बजंतरी दल तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी भाग लेकर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करेंगे। मेला कमेटी ने आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंदिर परिसर को पारंपरिक शैली में सजाया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। स्थानीय लोगों में मेले को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है और क्षेत्रवासी इस धार्मिक आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### झमाझम बारिश से बदला मौसम का मिजाज

**अनंत ज्ञान, भौर।** क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर अचानक हुई झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। बीती रात हुई बूंदाबांदी के कारण सुबह मौसम सुहावना बना रहा, जबकि दिन चढ़ने के साथ धूप खिलने से लोगों की सामान्य दिनचर्या शुरू हुई। हालांकि दोपहर करीब एक बजे मौसम ने अचानक करवट ली और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश इतनी तेज थी कि राहगीरों को कुछ समय के लिए सुरक्षित स्थानों पर रुकना पड़ा। वहीं वाहन चालकों को भी सड़क पर सावधानी बरतते हुए धीमी गति से वाहन चलाने पड़े। बारिश के बाद तापमान में लगभग पांच से छह डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट महसूस की गई, जिससे लोगों ने पंखों की रफ्तार कम कर दी या उन्हें बंद कर दिया। मौसम विभाग ने पहले ही बारिश की संभावना को लेकर चेतावनी जारी की थी। यह बारिश उन किसानों के लिए राहत लेकर आई है जो मक्की की बुआई के लिए वर्षा पर निर्भर हैं। किसानों का मानना है कि बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी पहुंचेगी और बुआई कार्य को गति मिलेगी।

### नाचन के चांबी में अस्पताल खोलने की उठी मांग

**अनंत ज्ञान, रमेश भारती, जंगमबाग।** लोअर नाचन विधानसभा क्षेत्र के बड़े हिस्से में समुचित स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में अस्पताल की पर्याप्त व्यवस्था न होने से ग्रामीणों को उपचार के लिए दूरदराज के क्षेत्रों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की अधिक खपत हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय पर उपचार न मिलने से मरीजों और उनके परिजनों को अतिरिक्त मानसिक और आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ता है। ग्राम पंचायत चांबी के अंतर्गत आने वाले कई दुर्गम और ऊंचाई वाले गांवों के लोग आज भी मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के दशकों बाद भी क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था का अभाव चिंता का विषय है। ऐसे में गंभीर मरीजों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं तथा आपातकालीन स्थिति में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों में चमन लाल, राजेंद्र कुमार, जतिन, शेर सिंह, मोहन लाल, हेत राम, पाल, परस राम, हरिराम, सुरेंद्र सिंह, खजाना राम, सुंकू राम, भगत राम और परमानंद सहित अन्य ग्रामीणों ने सांसद कंगना रनौत तथा प्रदेश सरकार से मांग की है कि क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों और जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए शीघ्र चांबी में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से युक्त अस्पताल स्थापित किया जाए।

### मैहणी स्कूल में सपना बनीं एसएमसी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय उत्कृष्ट उच्च विद्यालय मैहणी मंडी में विद्यालय विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार तथा अभिभावकों और विद्यालय के बीच बेहतर समन्वय के उद्देश्य से विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन के लिए बैठक आयोजित की गई। निर्धारित कोरम पूरा होने के बाद सर्वसम्मति से सपना देवी को एसएमसी अध्यक्ष तथा दयावंती देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं पद्मा देवी, प्रमिला कुमारी, ललिता देवी, भुवनेश्वरी, गीरजा देवी, लक्ष्मी देवी, मोहन सिंह, तेज सिंह और देवी सिंह को सदस्य बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी कार्यवाहक मुख्य अध्यापक सुनील कुमार ने की। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि नई समिति विद्यालय के शैक्षणिक, सांस्कृतिक और आधारभूत विकास में सहयोग देगी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सपना देवी ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के हितों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### प्राइमरी स्कूल खोली को बंद करने का विरोध

**अनंत ज्ञान, अनुज वर्धन, चौंतड़ा।** शिक्षा विभाग द्वारा कम नामांकन वाले विद्यालयों को अन्य स्कूलों में मर्ज करने के आदेशों के बीच राजकीय प्राथमिक पाठशाला खोली (चौंतड़ा-प्रथम) को बंद किए जाने का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। इस संबंध में 11 जून को स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) और ग्रामीणों की बैठक विद्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विद्यालय को बंद नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि स्कूल में वर्तमान में छह विद्यार्थियों का नामांकन है। इसके अलावा छह बच्चे प्री-नर्सरी में हैं, जिनका नामांकन अगले शैक्षणिक सत्र में होना है। एसएमसी अध्यक्ष कंचन देवी ने बताया कि विद्यालय नियमानुसार न्यूनतम मानदंड के दायरे में नहीं आता। ग्राम पंचायत ऐहजू के प्रधान बीरबल वर्मा ने कहा कि विद्यालय में आसपास के चार-पांच गांवों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। उन्होंने बताया कि नजदीकी अन्य स्कूलों की दूरी डेढ़ किलोमीटर से अधिक है तथा रास्ता जंगल से होकर गुजरता है, जहां जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। इसके अलावा मार्ग में नाले और खड्डें भी पड़ती हैं, जिससे छोटे बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों और एसएमसी ने हिमाचल प्रदेश सरकार तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से राजकीय प्राथमिक पाठशाला खोली को बंद करने संबंधी अधिसूचना को निरस्त करने की मांग की है।

### चुनावी ड्यूटी वाले कर्मचारी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, महादेव।** हाल ही में संपन्न हुए पंचायतीराज चुनावों में तैनात रहे सरकारी कर्मचारियों जो विकास खंड धनोटू के अंतर्गत आते हैं को एसडीएम सुंदरनगर ने शुक्रवार को सम्मानित किया। विकास खंड धनोटू सहित अन्य विभागों के सरकारी कर्मचारियों जिनमें शिक्षक, अध्यापिका, चौकीदार, मल्टी टास्क वर्कर आदि संख्या में जो लगभग 100 से के निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से चुनाव करवाने के लिए प्रशस्ति चिह्न तथा प्रशस्ति पत्र दिए गए। इस मौके पर विकास खंड धनोटू के खंड विकास अधिकारी मनमोहन शर्मा खासतौर पर उपस्थित थे।

### मलोह स्कूल में यशपाल बने एसएमसी प्रधान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मलोह में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के चुनाव प्रधानाचार्य अंजना गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुए। सर्वसम्मति से यशपाल को समिति का प्रधान तथा शशिकांत को उपप्रधान चुना गया। इसके अलावा समिति के लिए 14 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। इनमें पूनम कुमारी, कमला देवी, रोशन लाल, तारा देवी, रेखा देवी, मीना कुमारी, हेम सिंह, विमला कुमारी, रीना देवी, शीला देवी, देवी, निशा, ललिता देवी और सन्नू देवी शामिल हैं। प्रधानाचार्य अंजना गुप्ता ने नवनिर्वाचित प्रधान, उपप्रधान और सभी सदस्यों को बधाई दी।

### पंजाई स्कूल में नई एसएमसी का गठन

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पंजाई में प्रधानाचार्य ललित कुमार शर्मा की अध्यक्षता में अभिभावक आम सभा (जनरल हाउस) का आयोजन किया गया। बैठक में वर्ष 2026-27 और 2027-28 के दो वर्षीय कार्यकाल के लिए नई स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। निर्वाचित सदस्यों ने सर्वसम्मति से इंद्रीराम को एसएमसी प्रधान तथा सरस्वती देवी को उपप्रधान चुना।

# नौलखा में व्यर्थ बह रहा पेयजल

## जल संकट के बीच विभागीय लापरवाही से लोगों में रोष, जल्द मरम्मत की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** भीषण गर्मी के दौर में जहां लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नौलखा ओवरब्रिज के नीचे पेयजल पाइपलाइन से लगातार पेयजल बहने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि एक तरफ लोगों को घरों में पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा, जबकि दूसरी ओर विभागीय लापरवाही के कारण हजारों लीटर पानी प्रतिदिन व्यर्थ बह रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पानी जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन जाता है। इंसान, पशु-पक्षी और अन्य जीवों के लिए स्वच्छ पेयजल बेहद जरूरी है। ऐसे समय में जल संरक्षण और पानी की एक-एक बूंद को बचाना संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। ग्रामीणों के अनुसार नौलखा ओवरब्रिज के नीचे क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से पानी इस तरह बह रहा है मानो कोई प्राकृतिक झरना बह रहा हो। हैरानी की बात यह है कि अब तक न तो विभागीय अधिकारियों ने इसकी सुध ली और न ही जनप्रतिनिधियों ने इस ओर गंभीरता दिखाई। लोगों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन कई अधिकारी और स्थानीय नेता गुजरते हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया।

लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के कई घरों में पिछले कई दिनों से नाममात्र पानी पहुंच रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि विभागीय कर्मचारियों को केवल कार्यालयों तक सीमित रहने के बजाय जमीनी स्तर पर जाकर पेयजल वितरण व्यवस्था की निगरानी करनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि पाइपलाइन से बह रहा पानी फोरलेन की सर्विस रोड को भी नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो आगे चलकर बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। लोगों ने उपायुक्त मंडी तथा संबंधित जल विभाग से मांग की है कि नौलखा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को तुरंत ठीक किया जाए और व्यर्थ बह रहे पानी को रोककर उसका समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि जल संकट से जूझ रहे लोगों को राहत मिल सके।



नौलखा ओवरब्रिज के नीचे क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपलाइन से लगातार बहता पेयजल। अनंत ज्ञान

## हटनाला बाजार से नाबालिग का अपहरण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संधोल उपमंडल के हटनाला बाजार से एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के कथित अपहरण का मामला सामने आया है। बिहार से प्राप्त जीरो एफआईआर के आधार पर पुलिस थाना संधोल में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एफआईआर संख्या 91/26 दिनांक 11 जून 2026 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) एवं 96 के तहत दर्ज की गई है। यह मामला बिहार के पुलिस थाना मुरलीगंज से स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त जीरो एफआईआर के आधार पर संधोल थाना में पंजीकृत किया गया। शिकायतकर्ता अरुण यादव (44) निवासी तुलसीपुर टोला, चौसा वार्ड नंबर-2, जिला मधेपुरा (बिहार) ने अपनी शिकायत में बताया है कि वह अपने परिवार सहित पिछले करीब 28 वर्षों से हटनाला बाजार, संधोल में रहकर मजदूरी का कार्य कर रहे हैं। शिकायत के अनुसार 7 अप्रैल 2026 की रात करीब 10 बजे एक युवक उनकी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री को कथित रूप से शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपी युवक मनीष कुमार (22), जो हटनाला बाजार में उनके मकान मालिक के घर के समीप रहता था, नाबालिग को लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है तथा नाबालिग और आरोपी की तलाश के लिए पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## एसपीयू स्नातक परीक्षा में रोहित शर्मा ने टॉप टेन में बनाया स्थान



अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट के मेधावी छात्र रोहित शर्मा ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी की स्नातक स्तर की परीक्षा में 9वां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर हार्दिक सम्मान प्रदान किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने रोहित शर्मा को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत भी। उन्होंने रोहित के उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन करते हुए निरंतर प्रगति एवं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। सरकाघाट के लुकाणु गांव के रहने वाले रोहित शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं महाविद्यालय के प्राचार्य सहित अपने शिक्षकों डॉ. शबनम शर्मा, प्रीति, संजीव कुमार, सुनीता पठानिया, रीता देवी एवं मालविंदर सिंह को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन, अटूट प्रेरणा और निस्वार्थ सहयोग ने उनकी शैक्षणिक यात्रा को दिशा और ऊर्जा प्रदान की, जो इस सफलता की नींव बनी। गौरतलब है कि रोहित शर्मा महाविद्यालय के होनहार विद्यार्थी है वह न केवल पढ़ाई में अव्वल है बल्कि अन्य गतिविधियों में भी अग्रणी रहे हैं

## मंडी में 17 को होगा राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजपूत महासभा हिमाचल प्रदेश एवं श्री राजपूत सभा मंडी के संयुक्त तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह 17 जून को सेरी मंच मंडी में प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी राजपूत महासभा के प्रदेशाध्यक्ष ई.के.एस. जम्वाल तथा श्री राजपूत सभा मंडी के प्रधान डॉ. अमर सिंह गुलेरिया ने संयुक्त बयान में दी। उन्होंने बताया कि समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों से राजपूत समाज के प्रतिनिधि, नागरिक तथा सामान्य वर्ग के लोग भाग लेंगे। कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि कार्यक्रम का मुख्य अतिथि राजपूत समाज से जुड़ा कोई प्रतिष्ठित गैर-राजनीतिक व्यक्तित्व होगा। समारोह के दौरान महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष, राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और त्याग पर विचार व्यक्त किए जाएंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## पर्यटक करें यातायात नियमों का पालन : गिरीश

### उत्तराखंड का 15 सदस्यीय दल 15 दिन से हिमाचल का कर रहा भ्रमण

अनंत ज्ञान

**बालक राम, पंडोह।** उत्तराखंड राज्य से हिमाचल भ्रमण पर आए सड़क सुरक्षा जागरूकता दल के प्रमुख गिरीश चमोली ने कहा कि हिमाचल बहुत सुंदर है और यहां के लोगों का दिल पहाड़ों से भी ऊंचा, प्यारा और शांत है। उन्होंने कहा कि 15 सदस्यीय दल पिछले 15 दिनों से हिमाचल भ्रमण पर है तथा शुक्रवार को देहरादून पहुंचकर यात्रा का समापन करेगा। उन्होंने बताया कि पूरी यात्रा के दौरान उन्हें हिमाचल के लोगों का भरपूर प्यार, सम्मान और सहयोग मिला।

यह यात्रा उनके लिए बेहद सुखद और प्रेरणादायक रही। गिरीश चमोली ने कहा कि दल ने 21 स्थानों पर लोगों के बीच जाकर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संदेश दिया, ताकि सड़क पर चलने वाले वाहन चालक और आम लोग सुरक्षित रह सकें। उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट का नियमित उपयोग करने और अच्छी गुणवत्ता का हेलमेट पहनने की अपील की। ट्रैफिक जाम की समस्या पर उन्होंने कहा कि इन दिनों हिमाचल की सड़कों पर जाम एक बड़ी चुनौती बन गया है, जिसका सबसे प्रभावी समाधान वन बाई वन वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित करना है। उन्होंने वाहन चालकों से ओवरटेक न करने, अपनी लेन में चलने और पुलिस के निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने चंद्रताल क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां करीब 85 किलोमीटर तक मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं है, जिससे पर्यटकों में असुरक्षा की भावना रहती है। साथ ही सड़क की स्थिति भी कई स्थानों पर खराब है। उन्होंने सरकार से इन समस्याओं के समाधान की मांग की, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिले और प्रदेश की आर्थिकी मजबूत हो। गिरीश चमोली ने इस यात्रा को सफल बताते हुए कहा कि हिमाचल के लोगों का बड़ा दिल, भोला स्वभाव और मधुर वाणी हर किसी को अपना बना लेती है।



हिमाचल भ्रमण पर आया उत्तराखंड के पर्यटकों का दल। अनंत ज्ञान

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करना अलोकतांत्रिक: अरुण आर्य

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, मंडी।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, हिमाचल प्रदेश के सह-अध्यक्ष अरुण आर्य ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन रद्द किए जाने के मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह मामला केवल एक प्रत्याशी तक सीमित नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की विश्वसनीयता, चुनावी पारदर्शिता और संवैधानिक मूल्यों से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि 'वोट चोरी के बाद अब सीट चोरी' जैसे सवाल जनता के बीच चर्चा का विषय बन रहे हैं, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक संकेत हैं। अरुण आर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार यह आरोप लगाती रही है कि मीनाक्षी नटराजन के साथ अन्याय हुआ है और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच तथा न्यायसंगत समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रणाली होती है तथा यदि किसी उम्मीदवार के नामांकन को लेकर विवाद उत्पन्न होता है तो उसका निपटारा पूरी संवैधानिक गरिमा, कानूनी प्रक्रिया और संस्थागत निष्पक्षता के अनुरूप होना चाहिए। आर्य ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का विश्वास बनाए रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और किसी भी प्रकार का विवाद जनमानस में संशय पैदा करता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता हमेशा लोकतंत्र की रक्षा के लिए सजग रही है और आगे भी संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।



## सीएम साहब! संधोल कॉलेज को न करें बंद

### विद्यार्थियों ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** संधोल कॉलेज में नए प्रवेश बंद किए जाने के निर्णय के विरोध में शुक्रवार को कॉलेज के छात्र-छात्राएं लामबंद हो गए। विद्यार्थियों ने प्रदेश सरकार से कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया बहाल करने और संस्थान को यथावत संचालित रखने की मांग उठाई। इस दौरान छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार संधोल के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को ज्ञापन भी प्रेषित किया। ज्ञापन में छात्रों ने कहा कि संधोल कॉलेज क्षेत्र के दूरदराज ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र है। यहां पढ़ने वाले अधिकांश छात्र-छात्राएं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से संबंध रखते हैं और उनके लिए मंडी अथवा अन्य बड़े शहरों में जाकर पढ़ाई करना संभव नहीं है। विद्यार्थियों का कहना है कि यदि कॉलेज में प्रवेश बंद रहते हैं तो अनेक छात्र-छात्राओं, विशेषकर छात्राओं को अपनी उच्च शिक्षा बीच में ही छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ेगा और इसके लिए सरकार जिम्मेवार होगी।

छात्रों ने प्रदेश सरकार व सीएम से मांग की है कि कॉलेज में प्रवेश बंद करने के निर्णय को तुरंत वापस लिया जाए तथा महाविद्यालय में पर्याप्त स्टाफ और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित रह सके। इनमें बेटियों ने तर्क दिया कि हाल ही की सरकाघाट की घटना के मद्देनजर आज बेटियां सुरक्षित नहीं है, नशा इतना फैल चुका है कि वे सन्धोल से बाहर खुद को असुरक्षित महसूस करती है तथा उनके पारिवारिक आर्थिक हालत ऐसी है कि वे मंडी या कही बाहर जाकर पढ़ाई के बारे में सोच नहीं सकती। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें इसके लिए आंदोलन भी करना पड़े तो वे पीछे नहीं हटेंगी। इस अवसर पर तहसीलदार संधोल प्रिंस धीमान ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि उनका ज्ञापन सरकार तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मांगों और चिंताओं से संबंधित ज्ञापन को नियमानुसार उच्च अधिकारियों एवं प्रदेश सरकार को अग्रेषित किया जाएगा, ताकि इस विषय पर उचित स्तर पर विचार किया जा सके।



## संधोल कॉलेज बंद करने पर स्टूडेंट्स एसोसिएशन तल्ख

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संधोल डिग्री कॉलेज को लेकर अब धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में भी विरोध के स्वर तेज होते जा रहे हैं। सरकाघाट स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार के फैसले का कड़ा विरोध किया है। एसोसिएशन ने कहा कि विडंबना यह है कि पिछले करीब सात वर्षों से क्षेत्र के लोग कॉलेज में पर्याप्त स्टाफ, विज्ञान संकाय (साइंस स्ट्रीम) और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू करने की मांग करते आ रहे थे, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर उच्च शिक्षा सुविधाएं मिल सकें। लेकिन इन मांगों को पूरा करने के बजाय अब कॉलेज के भविष्य पर ही संकट के बादल मंडराने लगे हैं। एसोसिएशन के संस्थापक एवं चेयरपर्सन सिंपल शर्मा ने कहा कि संधोल कॉलेज क्षेत्र के हजारों युवाओं की उच्च शिक्षा का एकमात्र प्रमुख केंद्र है। यहां पढ़ने वाले अधिकांश विद्यार्थी साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं। ऐसे में कॉलेज को कमजोर करने या इसके अस्तित्व पर सवाल खड़ा करने वाला कोई भी फैसला छात्रों के भविष्य के साथ सीधा अन्याय होगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष सौरभ और अन्य सदस्यों ने कहा कि सरकार को कॉलेज बंद करने या इसकी गतिविधियां सीमित करने की बजाय यहां आधारभूत सुविधाएं, पर्याप्त स्टाफ और नए पाठ्यक्रम उपलब्ध करवाने चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि छात्र हितों की अनदेखी जारी रही तो संगठन व्यापक जनआंदोलन शुरू करने से पीछे नहीं हटेगा। छात्र संगठन ने सरकार और स्थानीय विधायक से मांग की है कि संधोल डिग्री कॉलेज को मजबूत किया जाए, रिक्त पद भरे जाएं तथा विज्ञान एवं व्यावसायिक कोर्स शुरू कर क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा के अवसर प्रदान किए जाएं।

**सूरत-ए-हाल**

## स्टाफ तक नहीं किया तैनात, अतिरिक्त चार्ज के सहारे चल रहा काम

# संधोल नपं में दो साल बाद भी नहीं मिलीं शहरी सुविधाएं

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकार ने दो वर्ष पहले संधोल को नगर पंचायत का दर्जा देकर शहरी विकास के बड़े सपने दिखाए थे, लेकिन आज भी हालात ऐसे हैं कि न नगर पंचायत के पास अपना स्टाफ है, न चुने हुए पार्षद और न ही जनता को कोई नई सुविधा मिल पाई है। करोड़ों के विकास के दावों के बीच संधोल की नगर पंचायत फिलहाल केवल सरकारी फाइलों और घोषणाओं तक सिमटी नजर आ रही है।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि नगर पंचायत बनने के बावजूद कूड़ा प्रबंधन, सीवरेज व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, नालियों की सफाई और रास्तों के रखरखाव जैसी मूलभूत सुविधाओं में कोई बदलाव नहीं आया है। हालत यह है कि नगर पंचायत का बोर्ड तो लग गया, लेकिन व्यवस्था आज भी पुरानी पंचायतों के भरोसे ही चल रही है। सबसे हैरानी की बात यह है कि जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र और अन्य प्रशासनिक सेवाएं आज भी पंचायत व्यवस्था के माध्यम से ही संचालित हो रही हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि जब नगर पंचायत को अस्तित्व में आए दो वर्ष हो चुके हैं, तो फिर लोगों को इसका लाभ आखिर कब मिलेगा?

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत गठन के समय विकास की लंबी-चौड़ी घोषणाएं की गई थीं, लेकिन आज तक एक भी बड़ा काम धरातल पर दिखाई नहीं देता। इससे लोगों में सरकार और प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि सरकार ने केवल वाहवाही लूटने के लिए नगर पंचायत का दर्जा दिया, जबकि सुविधाओं और संसाधनों की कोई व्यवस्था नहीं की। हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में संधोल और दतवाड़ को छोड़कर अन्य पंचायतों में प्रतिनिधि चुन लिए गए, लेकिन संधोल नगर पंचायत में अभी तक पार्षदों का मनोनयन तक नहीं हो पाया है। परिणामस्वरूप यहां न पंचायत व्यवस्था पूरी तरह बची और न ही नगर पंचायत व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू हो सकी। लोग खुद को प्रशासनिक असमंजस और विकासहीनता के बीच फंसा हुआ महसूस कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रदेश सरकार और संबंधित विभागों से मांग की है कि नगर पंचायत को तत्काल पूर्ण रूप से कार्यशील बनाया जाए तथा कूड़ा प्रबंधन, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाए। उनका कहना है कि यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो लोगों का इस व्यवस्था से पूरी तरह भरोसा उठ जाएगा। दतवाड पंचायत के पूर्व प्रधान बीर चंद, संधोल पंचायत के पूर्व कुलदीप बिष्ट, संधोल विकास समिति के अध्यक्ष मान सिंह पूर्व बीडीसी कुम कुम, पूर्व बीडीसी अंजना देवी व समाजसेवी प्रेम चंद आदि ने बताया कि इसके गठन के बाद भी क्षेत्र में दो सालों से कोई विकास नही हो पाया।

### स्टाफ की कमी से नहीं चल पा रहा काम : सचिव

**संधोल** नगर पंचायत का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे नगर परिषद सुजानपुर टिहरा के सचिव हर्षित शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत के लिए अभी तक स्थायी स्टाफ उपलब्ध नहीं कराया गया है। जेई और क्लर्क को भी अतिरिक्त चार्ज देकर काम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे ही सरकार आवश्यक स्टाफ उपलब्ध करवाएगी, नगर पंचायत का कार्य सुचारू रूप से शुरू कर दिया जाएगा।

अनंत ज्ञान खास खबर

### ◆ पंचायत के माध्यम से जारी हो रहे प्रमाण पत्र, लोगों में बढ़ता जा रहा आक्रोश

## बीएसएल स्कूल में इस सत्र से आरंभ होगी एनएसएस अर्ध इकाई

**अनंत ज्ञान, जंगमबाग।** शिक्षा एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में गवर्नमेंट बीएसएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की अर्ध इकाई आरंभ होने जा रही है। इस उपलब्धि के पीछे बीबीएमबी प्रशासन तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य मनजीत सिंह का विशेष योगदान रहा है। प्रधानाचार्य मनजीत सिंह ने विद्यालय में एनएसएस की अर्ध इकाई की स्थापना हेतु अथक प्रयास किए, जिसके फलस्वरूप विद्यार्थियों को अब राष्ट्रीय सेवा योजना जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सेवा भावना तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की भावना का विकास होगा। विद्यालय के समस्त अध्यापक वर्ग एवं विद्यार्थियों ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्य मनजीत सिंह तथा बीबीएमबी प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

राष्ट्र की एकता को अगर बनाकर रखा जा सकता है तो उसका माध्यम हिंदी ही हो सकती है। –सुब्रह्मण्यम भारती

## संपादकीय

# गृहिणियों का सम्मान

भारत में सदियों से महिलाओं को परिवार की धुरी माना जाता रहा है, लेकिन विडंबना यह है कि उनके योगदान को अक्सर वह सम्मान नहीं मिला जिसकी वे हकदार हैं। विशेषकर गृहिणियों के कार्य को लंबे समय तक केवल घर की चारदीवारी तक सीमित जिम्मेदारी समझा गया। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी कि 'गृहिणियां केवल घर संभालने वाली महिलाएं नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता हैं', समाज को नई दिशा देने वाली और महिलाओं के योगदान को उचित सम्मान दिलाने वाली ऐतिहासिक टिप्पणी है। यह टिप्पणी उस सोच पर करारा प्रहार है जो महिलाओं के श्रम और योगदान को कमतर आंकती रही है।

आज महिलाएं अंतरिक्ष से लेकर विज्ञान, राजनीति, प्रशासन, खेल और उद्योग जगत तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। इसके बावजूद समाज के एक बड़े हिस्से में यह धारणा अब भी बनी हुई है कि घर के भीतर किया जाने वाला कार्य कोई विशेष महत्व नहीं रखता, जबकि सच्चाई यह है कि एक गृहिणी का कार्य किसी भी पेशेवर नौकरी से कम चुनौतीपूर्ण नहीं होता। वह बिना किसी निर्धारित समय, वेतन या अवकाश के पूरे परिवार की देखभाल करती है। परिवार के प्रत्येक सदस्य की जरूरतों का ध्यान रखना, बच्चों का पालन-पोषण करना, बुजुर्गों की सेवा करना और घर को व्यवस्थित रखना एक अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है।

गृहिणियां वास्तव में बच्चों की पहली शिक्षक होती हैं। किसी भी बच्चे का पहला विद्यालय उसका घर और पहली शिक्षिका उसकी मां होती है। जीवन के प्रारंभिक संस्कार, अनुशासन, नैतिक मूल्य, सामाजिक व्यवहार और मानवीय संवेदनाएं बच्चे को अपनी मां से ही प्राप्त होती हैं। यही कारण है कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी माताओं के हाथों में निहित होता है। यदि आने वाली पीढ़ी संस्कारी, शिक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनती है तो उसमें गृहिणियों की भूमिका सबसे अधिक होती है। वे बच्चों के पालन-पोषण के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व का निर्माण भी करती हैं।

यह भी सत्य है कि पुरुष सामान्यत: परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने का दायित्व निभाते हैं, लेकिन घर को सुचारु रूप से चलाने की पूरी जिम्मेदारी अक्सर महिलाओं के कंधों पर होती है। यदि गृहिणी अपना कार्य न करे तो परिवार की पूरी व्यवस्था चरमरा जाती है। यही कारण है कि घर के भीतर किए जाने वाले कार्यों का आर्थिक मूल्य भले ही सीधे दिखाई न दे, लेकिन उनका सामाजिक और मानवीय मूल्य अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। घरेलू श्रम का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि यदि इन्हीं कार्यों के लिए अलग-अलग लोगों को नियुक्त किया जाए तो उस पर भारी आर्थिक व्यय करना पड़ेगा।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला इसी वास्तविकता को स्वीकार करने वाला है। वर्ष 2001 में हरियाणा में हुई एक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मृत्यु के बाद उसके परिवार को मुआवजे के लिए लगभग 25 साल तक न्यायालयों के चक्कर लगाने पड़े। प्रारंभ में परिवार को बहुत कम मुआवजा मिला, जिसे बाद में बढ़ाया गया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गहराई से समीक्षा करते हुए पाया कि मृतक गृहिणी के योगदान का सही आकलन नहीं किया गया था। अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि गृहिणियों को केवल कमाने वाले सदस्यों पर निर्भर मानना विडंबनापूर्ण है, क्योंकि वे परिवार की संरचना और स्थिरता बनाए रखने में केंद्रीय भूमिका निभाती हैं।


सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू देखभाल और गृह प्रबंधन के मूल्य को मान्यता देते हुए प्रति माह 30 हजार रुपए का अतिरिक्त मुआवजा निर्धारित किया। इतना ही नहीं, हर तीन वर्ष में इसमें 10 प्रतिशत वृद्धि का भी प्रावधान किया गया ताकि समय के साथ इसकी उपयोगिता बनी रहे। इस निर्णय के बाद परिवार को मिलने वाली कुल मुआवजा राशि बढ़कर 62.77 लाख रुपए हो गई। यह फैसला देश की करोड़ों गृहिणियों के सम्मान को नई पहचान देने वाला है। यह निर्णय इस बात की स्वीकारोक्ति है कि घरेलू कार्य भी समाज और अर्थव्यवस्था के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने अन्य पेशेवर कार्य।

समाज को यह समझना होगा कि राष्ट्र निर्माण केवल संसद, कार्यालयों या उद्योगों में नहीं होता। इसकी शुरुआत घर से होती है और इस प्रक्रिया में गृहिणियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। वे ऐसी मानव पूंजी तैयार करती हैं जो आगे चलकर देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति का आधार बनती है। इसलिए उनके कार्य को केवल खाना बनाने या घर की सफाई तक सीमित समझना उनके योगदान का अपमान है। वास्तव में, वे परिवार की प्रबंधक, मार्गदर्शक, संरक्षक और संस्कारों की संवाहक होती हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि महिलाओं को केवल सम्मान के शब्द ही नहीं, बल्कि व्यवहारिक सम्मान भी मिले। परिवारों में निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ाई जाए, घरेलू कार्यों को साझा जिम्मेदारी माना जाए और उनके श्रम का उचित मूल्यांकन किया जाए। पुरुष प्रधान मानसिकता को बदलने की आवश्यकता है ताकि महिलाओं को समान अवसर और बराबरी का स्थान मिल सके। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय और टिप्पणी समाज के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है कि गृहिणियां किसी पर निर्भर नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज की आधारशिला हैं।

## आज की प्रमुख हस्ती

### हिंदी सिनेमा जगत के मशहूर गीतकार

**प्रेम धवन** हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध गीतकार, संगीतकार, नृत्य निर्देशक और अभिनेता थे। उनका जन्म 13 जून 1923 को अंबाला में हुआ। उन्होंने Forman Christian College से स्नातक शिक्षा प्राप्त की, जहां उनके सहपाठी प्रसिद्ध गीतकार Sahir Ludhianvi थे। संगीत की शिक्षा उन्होंने Ravi Shankar तथा नृत्य की शिक्षा Uday Shankar से प्राप्त की।



प्रेम धवन
जन्म : 13 जून, 1923
मृत्यु : 7 मई, 2001

शिक्षा पूर्ण करने के बाद वे 'पीपुल्स थिएटर ग्रुप' से जुड़े और संगीत व नृत्य का गहन प्रशिक्षण लिया। प्रेम धवन ने लगभग 50 फिल्मों में नृत्य निर्देशन किया। फिल्म नया दौर का लोकप्रिय गीत 'उड़े जब-जब जुल्फें तेरी' उनके नृत्य निर्देशन की उत्कृष्ट मिसाल है। लेखिका Ismat Chughtai के माध्यम से उन्हें बॉम्बे टॉकीज में अवसर मिला और फिल्म जिद्दी से गीतकार के रूप में पहचान मिली। लता मंगेशकर द्वारा गाया गया 'चंदा जा रे जा रे' उनका पहला बड़ा हिट गीत था।

प्रेम धवन ने अनेक कालजयी गीत लिखे, जिनमें 'छोड़ो कल की बातें', 'ऐ मेरे प्यारे वतन', 'ऐ वतन ऐ वतन', 'मेरा रंग दे बसंती चोला' और 'चंदा मामा दूर के' विशेष रूप से लोकप्रिय हैं। उनकी लेखन शैली की सबसे बड़ी विशेषता भावनात्मक गहराई थी। वर्ष 1970 में उन्हें Padma Shri से सम्मानित किया। 7 मई 2001 को मुंबई में उनका निधन हो गया, किंतु उनके गीत आज भी भारतीय संगीत प्रेमियों के दिलों में जीवित हैं।



कविता

### सेना मेडल है कोहिनूर हीरा

भीम बसेडू राजपूत, महादेव (मंडी)

**बैल्टधारी** ड्यूटी है जो करता,
रक्षा-सुरक्षा का बारूदी मार्ग अपनाता।
जानी दुश्मन की परवाह न करता,
फिर सरहद की राखी बन जाता।
वह है लाखों में एक हिंद समरवीरा,
साहस जिसका चमके जैसे नगीना।
तभी तो पाता सेना मेडल,
वीरता का अनुपम यह सम्बल।
वतन पर जो मर-मिट जाता,
भारत मां का मान बढ़ाता।
ऐसे रणबांकुरों के लिए हर पल,
कोहिनूर हीरा है सेना मेडल।।

# हिमाचल की नई आर्थिक ताकत बनेंगे 77 ईको-टूरिज्म स्थल

हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य को विश्वस्तरीय ईको-टूरिज्म गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में एक बड़ा और दूरगामी कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने ईको-टूरिज्म नीति-2024 को लागू किया है, जिसके अंतर्गत राज्य के विभिन्न वन वृत्तों में कुल 77 ईको-टूरिज्म स्थलों का विकास किया जा रहा है।



**आरएस बाली (जानू)**
टूरिज्म कैबिनेट मिनिस्टर रैंक
हिमाचल प्रदेश सरकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह नीति पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन और सतत आर्थिक विकास का समन्वय करते हुए हिमाचल के पर्यटन परिदृश्य को एक नया और आधुनिक आयाम प्रदान कर रही है। इस नई नीति के माध्यम से आगामी पांच वर्षों में लगभग 200 करोड़ रुपए के राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद व्यक्त की गई है। इसका प्रमुख उद्देश्य प्रकृति को संरक्षित रखते हुए पर्यटकों को आकर्षित करना, स्थानीय समुदायों को रोजगार के अवसर प्रदान करना और राज्य की अर्थव्यवस्था को हरित विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाना है। हिमाचल प्रदेश की बर्फ से ढकी चोटियां, घने देवदार और चीड़ के वन, नदियां और समृद्ध जैव विविधता सदैव प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों को आकर्षित करती रही हैं। अब सरकार इन प्राकृतिक संसाधनों का सतत और योजनाबद्ध विकास करते हुए ईको-टूरिज्म को बढ़ावा दे रही है। इस नीति के अंतर्गत शिमला, कुल्लू, मंडी, चंबा, धर्मशाला, पालमपुर, सोलन, बिलासपुर, रामपुर, नालागढ़, हमीरपुर, नाहन, डलहौजी, नूरपुर और रिकांगपिओ जैसे प्रमुख क्षेत्रों में ईको-पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है। इन क्षेत्रों का चयन उनकी प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और पर्यटन संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि पर्यटकों को एक समृद्ध और विविध अनुभव प्रदान किया जा सके। शिमला के पॉटर हिल और शोघी, कुल्लू के सोलंगनाला और पार्वती घाटी के कसोल जैसे सात प्रमुख स्थलों पर पहले ही ईको-टूरिज्म ऑपरेटरों की नियुक्ति की जा चुकी है। इन स्थलों पर पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विकास किया गया है और अन्य स्थलों का विकास चरणबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। आने वाले समय में यह क्षेत्र राज्य के प्रमुख ईको-पर्यटन केंद्रों के रूप में उभरने की क्षमता रखते हैं।

ईको-टूरिज्म स्थलों पर पर्यटक ट्रैकिंग, बर्ड वॉचिंग, फॉरेस्ट कैंपिंग, नेचर वॉक, होमस्टे अनुभव और नेचर ट्रेल जैसी पर्यावरण-संवेदनशील गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। इन गतिविधियों का




उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं बल्कि प्रकृति के साथ जुड़ाव और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को भी बढ़ावा देना है। इसके साथ ही स्थानीय संस्कृति और पारंपरिक जीवनशैली से भी पर्यटक परिचित हो सकेंगे। ईको-टूरिज्म को अधिक सुविधाजनक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार ने ऑनलाइन बुकिंग और सूचना सेवाओं की व्यवस्था भी विकसित की है। 100 से अधिक फॉरेस्ट रेस्ट हाउस और कैंपिंग साइट्स की ऑनलाइन बुकिंग हिमाचल प्रदेश ईको-टूरिज्म सोसायटी की वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। इसके अलावा 245 से अधिक ट्रैकिंग रूट्स को उनकी कठिनाई स्तर के अनुसार चिन्हित किया गया है, जिससे पर्यटकों को सुरक्षित और सुव्यवस्थित अनुभव प्राप्त हो सके। साथ ही एक मोबाइल ऐप भी विकसित किया जा रहा है, जिससे सभी सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी। इस परियोजना में स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक वन वृत्त में ईको-टूरिज्म समितियों का गठन किया गया है। अब तक 70 से अधिक नेचर गाइड्स और 135 मल्टी-पर्पज वर्कर्स को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं और वे केवल लाभार्थी ही नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण के सर्,य सहभागी भी बन रहे हैं। ईको-टूरिज्म नीति को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा संशोधित वन संरक्षण अधिनियम-2023 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लागू किया जा रहा है। शिमला, पालमपुर, कुल्लू, मंडी और सिराज जैसे वन मंडलों की कार्ययोजनाओं में ईको-टूरिज्म अध्यायों को पहले ही स्वीकृति दी जा चुकी है, जिससे इस योजना को कानूनी और प्रशासनिक मजबूती भी प्राप्त हुई है।

ईको-टूरिज्म नीति के सकारात्मक प्रभाव भी अब सामने आने लगे हैं। वर्ष 2024 में प्रदेश में 181.24 लाख पर्यटक पहुंचे, जिनमें लगभग 82 हजार विदेशी पर्यटक शामिल रहे। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में 13.24 प्रतिशत अधिक है, जो राज्य में पर्यटन के बढ़ते रुझान को दर्शाता है। पर्यटन राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 7.78 प्रतिशत का योगदान देता है, और यह नई नीति इस योगदान को और अधिक मजबूत बनाने की क्षमता रखती है।

हिमाचल प्रदेश ने ईको-टूरिज्म को आधार बनाकर एक हरित, स्वच्छ और आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। वर्तमान सरकार के अढ़ाई वर्ष के कार्यकाल में ईको-टूरिज्म की मजबूत नींव रखी गई है, जो आने वाले समय में राज्य को न केवल पर्यावरण संरक्षण बल्कि सतत विकास और आर्थिक सुदृढ़ता की दृष्टि से भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# लोक संस्कृति और साहित्य का उत्सव 'शिमला ग्रीष्मोत्सव'

हिमालय की गोद में बसा शिमला अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरों और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। वर्षभर पर्यटकों से गुलजार रहने वाला यह नगर ग्रीष्म ऋतु के आगमन के साथ एक विशेष उल्लास और उत्साह से भर उठता है। इसी उल्लास को उत्सव का रूप प्रदान करता है 'अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव'। यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत, लोक कला, साहित्य और सामाजिक समरसता का जीवंत उत्सव है।



**वसुंधरा धर्माणी**
घुमारवीं, बिलासपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ग्रीष्मोत्सव की शुरुआत शिमला में पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने की उद्देश्य से की गई थी। समय के साथ ही यह आयोजन हिमाचल प्रदेश की पहचान बन गया है। वर्तमान समय में यह उत्सव केवल शिमला तक सीमित नहीं है, बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन चुका है। इस वर्ष आयोजित ग्रीष्मोत्सव ने अपने विविध आयोजनों के माध्यम से यह सिद्ध कर दिया कि संस्कृति केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली एक सशक्त कड़ी भी है।

प्रशासन द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रबंधन और नवीन प्रयासों ने इस उत्सव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। विशेष रूप से तीन दिवसीय साहित्यिक संगोष्ठी इस उत्सव का सबसे आकर्षक और सराहनीय आयोजन रही। साहित्यिक संगोष्ठी के प्रथम दिवस हिंदी भाषा को समर्पित कवि सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न रचनाकारों ने अपनी ओजपूर्ण, भावपूर्ण तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कविताओं का पाठ किया।

दूसरे दिन पहाड़ी बोली की कविताओं ने वातावरण को अपनी मिट्टी की सौंधी सुगंध से भर दिया। हिमाचल की लोक भाषाओं में



रची बसी संवेदनाएं, लोकजीवन की सहजता, प्रकृति के साथ मनुष्य के आत्मीय संबंधों की झलक और समाज में व्याप्त नशे जैसे चिंतनीय विषय पर चिंता भी स्पष्ट दिखाई दी। यह आयोजन केवल कविता पाठ नहीं था, बल्कि अपनी जड़ों और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ने का एक भावनात्मक अवसर भी था। तीसरे दिन आयोजित मुशायरे ने भाषा और साहित्य की विविधता को एक नया आयाम प्रदान किया। शायरों ने प्रेम, मानवीय संवेदना और सामाजिक विषयों तथा जीवन के विभिन्न रंगों को अपने अंदाज में बड़ी खूबसूरती से प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम इस बात का प्रमाण था कि साहित्य की कोई सीमाएं नहीं होती और शब्द हमेशा दिलों को जोड़ने का कार्य करते हैं। ग्रीष्मोत्सव का सबसे मनोहारी और आकर्षक पक्ष महानाटी रहा।

हिमाचल की लोक संस्कृति का प्रतीक महानाटी केवल एक नृत्य नहीं, बल्कि प्रदेश की सामूहिक चेतना, एकता और सांस्कृतिक गौरव का जीवंत स्वरूप है। ग्रीष्मोत्सव में नाटी के दौरान लोगों के चेहरों पर झलकती प्रसन्नता यह दर्शाती है कि अपनी परंपराओं और संस्कृति से जुड़ने का आनंद कितना अनमोल होता है। स्थानीय कलाकारों तथा देशभर से आए ख्याति प्राप्त गायकों की प्रस्तुतियों ने उत्सव को और भी आकर्षक बनाया। लोक और आधुनिक संगीत का सुंदर समन्वय दर्शकों के लिए यादगार अनुभव रहा।

यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक सहभागिता का भी महत्वपूर्ण माध्यम बना। पुष्प प्रदर्शनी, पारंपरिक व्यंजन, बच्चों के कार्यक्रम और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उत्सव में चार चांद लगाए। साथ ही, पर्यटन, होटल व्यवसाय और स्थानीय व्यापार को भी इससे लाभ मिला।

जिला प्रशासन तथा उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप के नेतृत्व में किए गए प्रयास सराहनीय रहे। निस्संदेह, शिमला ग्रीष्मोत्सव हिमाचल की आत्मा का उत्सव है, जो हमारी समृद्ध लोक परंपराओं को संजोने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# जनता का भरोसा बना ताकत, 'वोट नहीं दिल चुराती है मोदी सरकार'

लोकतंत्र में चुनाव केवल वोटों की गणना का माध्यम नहीं होते, बल्कि जनता के विश्वास, अपेक्षाओं और भावनात्मक जुड़ाव की भी अभिव्यक्ति होते हैं। किसी भी सरकार की सबसे बड़ी सफलता केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाना होती है। इसी संदर्भ में समर्थकों के बीच अक्सर यह भावना व्यक्त की जाती है कि 'मोदी सरकार वोट नहीं, दिल चुराती है।'



**शिशु गुप्ता**
राजनीतिक विश्लेषक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पिछले एक दशक में केंद्र सरकार ने कई ऐसे निर्णय और पहलें की हैं, जिन्होंने देश की राजनीति, समाज और वैश्विक पहचान को प्रभावित किया है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने का निर्णय, अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त होना, रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण पर जोर तथा भारत की अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक स्थिति को मजबूत बनाने के प्रयासों को सरकार के समर्थक महत्वपूर्ण उपलब्धियों के रूप में देखते हैं। उनका मानना है कि इन कदमों ने लंबे समय से लंबित मुद्दों को समाधान की दिशा में आगे बढ़ाया और राष्ट्रीय आत्मविश्वास को मजबूत किया। राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने सख्त और निर्णायक रुख अपनाने का प्रयास किया।

सीमापार आतंकवाद के विरुद्ध की गई कार्रवाइयों और रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने की नीतियों ने समर्थकों के बीच यह विश्वास पैदा किया कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्प और क्षमता दोनों रखता है। यही कारण है कि सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हुआ।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की भूमिका पहले की तुलना में अधिक प्रभावशाली दिखाई देने लगी है। वैश्विक मंचों पर भारत की सक्रिय भागीदारी, प्रमुख देशों के साथ बढ़ते संबंध, निवेश आकर्षित करने के प्रयास तथा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भारत की




स्पष्ट उपस्थिति ने देश की वैश्विक छवि को मजबूत किया है। समर्थकों का मानना है कि भारत आज विश्व मंच पर अधिक आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख रहा है और एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभर रहा है।

सरकार ने विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर भी विशेष ध्यान दिया है। गरीबों के लिए आवास, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं, गैस कनेक्शन, बैंकिंग सुविधाओं और डिजिटल सेवाओं के विस्तार जैसे कार्य, मों ने बड़ी संख्या में लोगों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाई है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और डिजिटल तकनीक के उपयोग ने प्रशासनिक प्र्,याओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने में भूमिका निभाई है। इन पहलों के कारण अनेक लाभार्थियों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है।

हालांकि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार का मूल्यांकन केवल लोकप्रियता के आधार पर नहीं किया जा सकता। उसकी नीतियों, निर्णयों और परिणामों की आलोचना तथा समीक्षा भी उतनी ही आवश्यक होती है जितनी उसकी उपलब्धियों की सराहना। रोजगार, महंगाई, कृषि, आर्थिक असमानता और अन्य सामाजिक मुद्दों पर सरकार को समय-समय पर विपक्ष और विभिन्न विशेषज्ञों की आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा है। लोकतंत्र की यही विशेषता है कि इसमें समर्थन और असहमति दोनों को समान महत्व मिलता है। फिर भी लगातार चुनावी सफलताएं यह संकेत देती हैं कि बड़ी संख्या में मतदाता नेतृत्व और उसकी नीतियों पर भरोसा जताते रहे हैं। समर्थकों का मानना है कि यह सफलता केवल राजनीतिक रणनीति का परिणाम नहीं, बल्कि जनता के साथ बने भावनात्मक संबंध और विश्वास का भी प्रतीक है। उनके अनुसार मोदी सरकार ने केवल वोट हासिल नहीं किए, बल्कि लोगों के मन में विश्वास और उम्मीद भी जगाई है। लोकतंत्र में सबसे बड़ी शक्ति न सत्ता होती है और न ही संसाधन, बल्कि जनता का विश्वास होता है। जब किसी नेतृत्व को व्यापक जनसमर्थन और भरोसा प्राप्त होता है, तो वही उसकी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बन जाता है। इसी विश्वास को मोदी सरकार के समर्थक उसकी सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत में सबसे लंबे कार्यकाल के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां जनता द्वारा चुनी गई सरकार देश का नेतृत्व करती है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रधानमंत्री का पद अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। वर्ष 2014 से देश की बागडोर संभाल रहे नरेंद्र मोदी लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहने वाले प्रमुख नेताओं में शामिल हैं। उनके नेतृत्व ने भारत की राजनीति, अर्थव्यवस्था, विदेश नीति और विकास नीतियों पर व्यापक प्रभाव डाला है।



**प्रो. मनोज डोगरा**
राजकीय महाविद्यालय, बड़सर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

नरेंद्र मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को गुजरात के महेसाणा जिले के वडनगर ग्राम में हुआ। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाले मोदी ने सार्वजनिक जीवन में लंबा सफर तय किया। वे पहले गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और बाद में 2014 में भारत के प्रधानमंत्री बने। 2019 और 2024 के आम चुनावों के बाद भी उन्होंने केंद्र सरकार का नेतृत्व जारी रखा, जिससे उनका कार्यकाल भारतीय राजनीति में विशेष महत्व रखता है। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी सरकार ने प्रशासनिक और आर्थिक सुधारों पर विशेष जोर दिया। डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल इंडिया, वित्तीय समावेशन के लिए प्रधानमंत्री जनधन योजना, स्वच्छता के लिए स्वच्छ भारत अभियान तथा विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए मेक इन इंडिया जैसी योजनाएं शुरू की गईं। इन पहलों का उद्देश्य प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाना और नागरिकों तक सरकारी सेवाओं की पहुंच बढ़ाना था।

आधारभूत ढांचे के विकास को भी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किया गया। देशभर में राजमार्गों, रेलवे परियोजनाओं, हवाई अड्डों और बंदरगाहों के विस्तार पर कार्य हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली, पेयजल और आवास जैसी सुविधाओं को बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गईं। सरकार का दावा रहा है कि इन प्रयासों से आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिला। विदेश नीति



के क्षेत्र में नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को सक्रिय कूटनीति के लिए जाना जाता है। उन्होंने विभिन्न देशों के साथ रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी सहयोग को मजबूत करने का प्रयास किया।

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की भूमिका को सुदृढ़ करने, विदेशी निवेश आकर्षित करने तथा भारतीय प्रवासी समुदाय से जुड़ाव बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और छोटे उद्यमियों के लिए अनेक योजनाएं लागू कीं। स्वास्थ्य बीमा, रसोई गैस कनेक्शन, आवास सहायता और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी पहलें व्यापक चर्चा में रहीं। डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन सेवाओं के विस्तार ने सरकारी योजनाओं की पहुंच को और अधिक प्रभावी बनाया। हालांकि, नरेंद्र मोदी का कार्यकाल केवल उपलब्धियों तक सीमित नहीं रहा। आर्थिक नीतियों, रोजगार, कृषि, महंगाई और सामाजिक मुद्दों को लेकर विपक्षी दलों तथा विभिन्न विशेषज्ञों ने समय-समय पर आलोचनाएं और चिंताएं भी व्यक्त की हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसी बहसें शासन और जवाबदेही का महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान सरकार को अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लॉकडाउन, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, टीकाकरण अभियान और आर्थिक सहायता पैकेज जैसे कदम उठाए गए। महामारी प्रबंधन के कुछ पहलुओं की सराहना हुई, जबकि कुछ निर्णयों को लकर आलोचनाए भी सामने आईं। कहा जा सकता है कि लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने भारत के शासन, विकास और वैश्विक छवि पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### रोहित की वापसी पर नजरें, क्या अफगानिस्तान तोड़ पाएगा भारत का अजेय रिकॉर्ड?

# धर्मशाला में आज भिड़ेंगे भारत-अफगानिस्तान






**मैच : दोपहर 1.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** रोहित शर्मा, शुभमन गिल (कप्तान), ईशान किशन, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव और अर्शदीप सिंह।

**अफगानिस्तान:** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), सिदीकुल्लाह अटल, रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, रहमत शाह, मोहम्मद नबी, अजमतुल्लाह उमरजई, राशिद खान, अल्लाह गजनफर, जिया उर रहमान शरीफी और फरीद अहमद मलिक।

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का भारत दौरा 13 जून से शुरू हो रहा है। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज यानी शनिवार को धर्मशाला में खेला जाएगा। इससे पहले खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को पारी और 300 रनों से हराकर इतिहास रचा था। अब भारतीय टीम वनडे सीरीज में भी विजयी शुरुआत करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। इस मुकाबले में रोहित शर्मा एक बार फिर टीम इंडिया की जर्सी में नजर आएंगे, जबकि विराट कोहली चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो चुके हैं। वहीं, प्रिंस यादव, गुरनूर बराड़ और हर्ष दुबे को पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। कप्तान शुभमन गिल, उपकप्तान श्रेयस अय्यर और केएल राहुल से भी बड़ी पारियों की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम धर्मशाला पहुंच चुकी है और मुकाबले की तैयारियों में जुट गई है।

धर्मशाला की पिच पर तेज गेंदबाजों को आमतौर पर अच्छी मदद मिलती है। नई गेंद से गेंदबाज शुरुआती ओवरों में बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। हालांकि, एक बार बल्लेबाज के क्रीज पर जम जाने के बाद रन बनाना अपेक्षाकृत आसान हो जाता है। यही कारण है कि इस मैदान पर बड़े स्कोर भी बने हैं, जबकि कई मजबूत टीमें 200 रन के भीतर भी सिमट चुकी हैं।

धर्मशाला में आखिरी वनडे मुकाबला 2023 वनडे विश्व कप के दौरान ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था। उस हाई-स्कोरिंग मुकाबले में दोनों टीमों ने मिलाकर 771 रन बनाए थे। वहीं, इस मैदान पर सबसे सफल रन चेज 274 रनों का है, जिसे भारत ने 2023 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ हासिल किया था। भारत और अफगानिस्तान के बीच वनडे क्रिकेट में अब तक अफगान टीम जीत दर्ज नहीं कर पाई है। आंकड़ों के लिहाज से भारतीय टीम का पलड़ा पूरी तरह भारी नजर आता है। वहीं, दोनों देशों के बीच खेले गए चार टी20 मुकाबलों में भारत ने तीन मैच जीते हैं, जबकि एक मुकाबला टाई रहा था। (अनंत ज्ञान)

## मैच से पहले भगवान इंद्रुनाग के दरबार पहुंचे अनुराग ठाकुर और एचपीसीए पदाधिकारी



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत और अफगानिस्तान के बीच एक दिवसीय मैच आयोजन से पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर एचपीसीए पदाधिकारियों के साथ भगवान इंद्रुनाग के दरबार पहुंचे। यहां विशेष पूजा-अर्चना एवं प्रार्थना की गई। इस दौरान एचपीसीए के उपाध्यक्ष विजय भंडारी, सचिव मनुज शर्मा, कोषाध्यक्ष विक्रम ठाकुर, सचिव विशाल शर्मा तथा पूर्व सचिव अवनीश परमार सहित कई अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। शनिवार 13 जून को वनडे मैच के सफल आयोजन के लिए प्रार्थना की गई और आशीर्वाद लिया।

गौरतलब है कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में इससे पहले आईपीएल के 3 तथा एक क्वालीफायर मैच का सफल आयोजन हुआ था। अब एक दिवसीय मैच का आयोजन होगा। इसी उपलक्ष्य में एचपीसीए के पदाधिकारी अनुराग ठाकुर के साथ इंद्रनाग जी के दरबार पहुंचे। धर्मशाला के अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होने वाले एक दिवसीय मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है। मौसम का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहेंगे।

वहीं, एचपीसीए सचिव मनुज शर्मा ने कहा कि मैच की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। एसोसिएशन के लिए सौभाग्य का विषय है कि यहां एक के बाद एक कई सफल मैच आयोजित हो रहे हैं। अब एक दिवसीय मैच यहां के आकर्षण का केंद्र होगा।

उधर, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि धर्मशाला के क्रिकेट स्टेडियम की वजह से हिमाचल की ख्याति पूरे विश्व में फैली है। इससे हिमाचल के लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप में रोजगार मिला है तथा हिमाचल के पर्यटन उद्योग को पंख लगे हैं। एचपीसीए के ज़रिए यहां मैचों का सफल आयोजन किया जा रहा है।

### ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन

## सिंधु सेमीफाइनल में

**एजेंसी, सिडनी।** ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सिंधु ने चीनी ताइपे की चेन सू यू को एकतरफा अंदाज में 21-6, 21-9 से हराया। पूरे मुकाबले में सिंधु ने शुरुआत से अंत तक दबदबा बनाए रखा और प्रतिद्वंद्वी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। हाल के महीनों में यह सिंधु की सबसे प्रभावशाली जीतों में से एक रही। अब सेमीफाइनल में सिंधु का मुकाबला जापान की शीर्ष वरीय खिलाड़ी अकाने यामागुची से होगा। दूसरी ओर भारत की युवा खिलाड़ी तान्वी शर्मा का शानदार अभियान क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। यामागुची ने तान्वी को 21-14, 21-14 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। पूर्व विश्व चैंपियन यामागुची ने अपने अनुभव और लगातार सटीक खेल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबले की शुरुआत से नियंत्रण बनाए रखा,लेकिन यामागुची की मजबूत रक्षा और निरंतरता के सामने वह बढ़त नहीं बना सकीं। हालांकि, हार के बावजूद तान्वी का क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना भारतीय बैडमिंटन के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



## स्पोर्ट्स विंडो

### न्यूजीलैंड महिला टीम में डेवोनशायर नेंसी पटेल और इजी शार्प की एंट्री

**एजेंसी, वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 2026-27 सत्र के लिए महिला टीम के 17 सदस्यीय केंद्रीय अनुबंध की घोषणा कर दी है। इस बार फ्लोरा डेवोनशायर, नेंसी पटेल और इजी शार्प को पहली बार केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है, जो टीम में नई पीढ़ी के खिलाड़ियों के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। इन तीनों खिलाड़ियों को अनुभवी सुजी बेट्स, लॉरेन डाउन और लिया ताहुहू की जगह मौका मिला है। लॉरेन डाउन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुकी हैं, जबकि सुजी बेट्स, लिया ताहुहू और सोफी डिवाइन आगामी महिला टी20 विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहेंगी। फ्लोरा डेवोनशायर और इज़ी शार्प को न्यूजीलैंड क्रिकेट के 'सेंट्रल प्लेयर्स ऑफ इंटरेस्ट' कार्यक्रम के तहत तैयार किया गया था। बाएं हाथ की बल्लेबाज ऑलराउंडर फ्लोरा ने मार्च 2025 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था और जल्द ही दो विश्व कप टीमों में जगह बनाई। स्पिन ऑलराउंडर नेंसी पटेल की केंद्रीय अनुबंध सूची में वापसी हुई है। फरवरी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली नेंसी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 14 विकेट लेकर प्रभावित किया है। वहीं इज़ी शार्प ने घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। मुख्य कोच बेन सॉयर ने तीनों खिलाड़ियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि फ्लोरा की बल्लेबाजी में विविधता है, नेंसी बेहद अनुशासित गेंदबाज हैं और इज़ी भविष्य में सोफी डिवाइन जैसी प्रभावशाली भूमिका निभा सकती हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट का यह फैसला टीम में पीढ़ीगत बदलाव की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है, जहां अनुभवी खिलाड़ियों की जगह युवा प्रतिभाओं को तैयार किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### अगले दो हफ्ते हॉकी के नाम, हर दिन दिखेगा भारत का दम




**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी प्रशंसकों के लिए अगले दो सप्ताह बेहद रोमांचक रहने वाले हैं। 14 से 28 जून के बीच भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगी, जिससे प्रशंसकों को लगातार उच्च स्तरीय मुकाबले देखने का मौका मिलेगा। भारतीय पुरुष टीम यूरोप में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 अभियान में उतरेगी, जबकि महिला टीम न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप में अपनी चुनौती पेश करेगी। दोनों टूर्नामेंट इस साल होने वाले विश्व कप और एशियाई खेलों की तैयारियों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। पुरुष टीम अपने अभियान की शुरुआत विश्व नंबर-1 नीदरलैंड के खिलाफ रॉटरडैम में करेगी। इसके बाद उसे मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी से लगातार दो मुकाबले खेलने हैं। वहीं लंदन में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला बहुप्रतीक्षित मुकाबला भी इस दौरे का प्रमुख आकर्षण रहेगा। दूसरी ओर, भारतीय महिला टीम का लक्ष्य नेशंस कप जीतकर अगले सत्र की एफआईएच प्रो लीग में वापसी सुनिश्चित करना होगा। ऑकलैंड में होने वाला यह टूर्नामेंट टीम को विश्व स्तर पर अपनी ताकत साबित करने का बेहतरीन अवसर देगा। पूर्व भारतीय खिलाड़ी रूपिंदर पाल सिंह का मानना है कि आने वाले दिनों में हर मैच का महत्व काफी बड़ा होगा। वहीं पूर्व कप्तान रानी ने कहा कि पुरुष और महिला दोनों टीमों का एक साथ बड़े मंचों पर खेलना भारतीय हॉकी की बढ़ती मजबूती और गहराई को दर्शाता है। भारतीय हॉकी के लिए यह पखवाड़ा न केवल चुनौतीपूर्ण बल्कि भविष्य की तैयारियों को परखने का भी महत्वपूर्ण दौर साबित होगा। (अनंत ज्ञान)

### भारत की खुदरा महंगाई दर मई में 3.93% बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत में महंगाई एक बार फिर धीरे-धीरे पैर पसारने लगी है। सरकार द्वारा शुक्रवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, मई के महीने में देश की खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इससे पिछले महीने, यानी अप्रैल में यह 3.48 प्रतिशत पर थी। हालांकि, राहत की बात यह है कि यह अब भी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के 4 प्रतिशत के तय लक्ष्य से नीचे बनी हुई है। इस बार महंगाई की तुलना पिछले साल के मई महीने से नहीं की जा सकती। इसका कारण यह है कि सरकार ने जनवरी से महंगाई मापने के फॉर्मूले में बदलाव कर दिया है। अब इसके लिए साल 2024 को आधार वर्ष माना गया है, जो पहले 2012 हुआ करता था। नया फॉर्मूला साल 2023-24 में देश के परिवारों द्वारा किए गए खर्च के सर्वे पर आधारित है। (अनंत ज्ञान)

## फीफा विश्व कप उद्घाटन मैच में मेक्सिको ने द. अफ्रीका को 2-0 से हराया

**एजेंसी, मेक्सिको सिटी**




फीफा विश्व कप 2026 के उद्घाटन मुकाबले में मेक्सिको ने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। एस्टादियो एज्टेका में खेले गए मुकाबले में मेक्सिको ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। मैच का पहला गोल नौवें मिनट में जूलियन क्विनोनेस ने किया। दक्षिण अफ्रीका की रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाते हुए उन्होंने विश्व कप 2026 का पहला गोल दागकर इतिहास रच दिया।

दूसरे हाफ में दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें बढ़ गईं। 49वें मिनट में याया सिथोले को ब्रायन गुटिरेज़ को गोल करने से रोकने के प्रयास में सीधे लाल कार्ड दिखाया गया। इसके बाद मेक्सिको ने संख्यात्मक बढ़त का फायदा उठाते हुए 67वें मिनट में राउल जिमेनेज के गोल से बढ़त 2-0 कर दी। मैच के अंतिम चरण में दक्षिण अफ्रीका को एक और झटका लगा, जब थेम्बा ज्वाने को भी लाल कार्ड दिखाया गया। टीम नौ खिलाड़ियों के साथ मुकाबला खत्म करने पर मजबूर हुई। वहीं, इंजरी टाइम में मेक्सिको के सेसर मोंटेस को भी लाल कार्ड मिला। मेक्सिको ने इस जीत के साथ अपने विश्व कप अभियान का शानदार आगाज किया और घरेलू मैदान पर खिताबी दावेदारी का मजबूत संकेत दिया। (अनंत ज्ञान)

### द. कोरिया ने चेक गणराज्य को 2-1 से हराया

**एजेंसी, ग्वाडलाहारा।** फीफा विश्व कप-2026 के मुकाबले में दक्षिण कोरिया ने शानदार वापसी करते हुए चेक गणराज्य को 2-1 से हराकर जीत दर्ज की। ग्वाडलाहारा स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह खेले गए इस मुकाबले में ह्वांग इन-बोम एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायता देकर जीत के नायक बने। पहले हाफ में दोनों टीमें अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सकीं और दर्शकों ने निराशा भी जताई। गोलरहित पहले हाफ के बाद मुकाबले में जान दूसरे हिस्से में आई। 59वें मिनट में चेक गणराज्य ने बढ़त बनाई। कप्तान लादिस्लाव क्रेज़ी ने पेनल्टी क्षेत्र में मिले लंबे थ्रो को हेडर के जरिए गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, दक्षिण कोरिया ने जल्द ही वापसी की। 67वें मिनट में ह्वांग इन-बोम ने शानदार व्यक्तिगत कौशल का प्रदर्शन करते हुए दो रक्षकों को छकाया और शानदार गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद 80वें मिनट में ह्वांग ने दाएं छोर से बेहतरीन क्रॉस दिया, जिस पर ओ ह्योन-ग्यू ने गोल कर दक्षिण कोरिया को निर्णायक बढ़त दिला दी। स्टार फॉरवर्ड सोन ह्युंग-मिन की अगुवाई में दक्षिण कोरिया ने पूरे मैच में गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और चेक टीम पर लगातार दबाव बनाया। फीफा रैंकिंग में 25वें स्थान पर मौजूद कोरिया ने 38वीं रैंकिंग वाली चेक टीम की तुलना में अधिक मौके बनाए और अंततः जीत हासिल की। यह चेक गणराज्य का 2006 के बाद पहला विश्व कप मुकाबला था, लेकिन टीम वापसी नहीं कर सकी। (अनंत ज्ञान)

## नए कोच के साथ 60 साल का सूखा खत्म करने उतरेगा इंग्लैंड

**एजेंसी, लंदन**

फीफा विश्व कप-2026 में इंग्लैंड एक बार फिर उस ट्रॉफी की तलाश में उतरेगा, जिसका इंतजार उसे 1966 के बाद से है। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से सजी टीम इस बार नए कोच थॉमस ट्यूशेल के नेतृत्व में खिताब जीतने का सपना लेकर मैदान में उतरेगी। इंग्लैंड अपने अभियान की शुरुआत 18 जून को क्रोएशिया के खिलाफ मुकाबले से करेगा। ट्यूशेल की नियुक्ति भले ही शुरुआत में चर्चा का विषय रही हो, लेकिन उनके मार्गदर्शन में टीम ने विश्व कप क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड ने सभी आठ मुकाबले जीते और पूरे अभियान में एक भी गोल नहीं खाया।

कप्तान हैरी केन एक बार फिर टीम की सबसे बड़ी उम्मीद होंगे। अगर हैरी केन अपनी लय बरकरार रखते हैं और ट्यूशेल की रणनीति मैदान पर सफल होती है, तो इंग्लैंड 60 साल पुराने इंतजार को खत्म करने का मजबूत दावेदार बन सकता है। (अनंत ज्ञान)

## ओमान हमले के बाद केंद्र सरकार अलर्ट नाविकों के लिए जारी की हेल्पलाइन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ओमान तट के पास तेल टैंकर 'एमटी सेटेबेलो' पर हुए मिसाइल हमले के बाद केंद्र सरकार ने भारतीय नाविकों और उनके परिवारों की सहायता के लिए 24 घंटे सक्रिय हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। जहाज पर सवार 24 भारतीय नागरिकों में से तीन नाविकों की इस हमले में मौत हो गई, जबकि अन्य सभी को सुरक्षित बचा लिया।

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय की ओर से जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर व्हाट्सएप कॉल (एमएमडीएसी): +91 8657549760, वैकल्पिक नंबर: +912222613606, +91 8657549752, शिकायत निवारण चैनल (घरेलू टोल-फ्री): 1800-889-7768, अंतरराष्ट्रीय टोल-फ्री नंबर: +1-888-988-0256 और शिकायत निवारण व्हाट्सएप कॉल: +91 8655856830 हैं।

मंत्रालय ने कहा कि जहाजरानी महानिदेशालय (डीजीएस) होर्मुज जलडमरूमध्य, ओमान की खाड़ी और आसपास के संवेदनशील समुद्री क्षेत्रों की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रहा है। यह हमला 10 जून को ओमान के सोहर तट से करीब 20 समुद्री मील उत्तर-पूर्व में हुआ था। पलाउ ध्वज वाले इस तेल टैंकर पर कुल 28 चालक दल के सदस्य सवार थे। घटना के बाद डीजीएस ने संघर्ष प्रभावित समुद्री क्षेत्रों से गुजरने वाले जहाजों पर कार्यरत भारतीय नाविकों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जहाज संचालकों और शिपिंग कंपनियों से सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने और किसी भी आपात स्थिति की तत्काल सूचना देने को कहा गया है। सरकार ने कहा है कि वह इस चुनौतीपूर्ण समय में भारतीय नाविकों और उनके परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। (अनंत ज्ञान)

## छत्तीसगढ़ में आकाशीय बिजली गिरने से 3 की मौत, 5 घायल

**एजेंसी, कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के अंतागढ़ ब्लॉक में शुक्रवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक उपसरपंच सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए है। घायलों में एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। कांकेर जिले के अंतागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कलगांव में आज मनरेगा में काम करने के दौरान हुई बारिश से बचने के लिए ग्रामीण पेड़ के नीचे आ गए थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक उप-सरपंच सहित तीन लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए है। घायलों में एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में संतोष पटेल, प्रकाश पटेल, मनराज पटेल (उपसरपंच) सभी कलगांव के निवासी है। सभी के शव को पोस्टमार्टम लिए भेज दिया गया है।

अंतागढ़ पुलिस के अनुसर ग्राम कलगांव में मनरेगा के तहत तालाब गहरी करण का कार्य किया जा रहा था। सभी ग्रामीण काम में लगे हुए थे। यहां पर करीब 70 ग्रामीण काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक मौसम बदला और तेज आंधी के साथ बारिश होने लगी, बारिश से बचने के लिए सभी मजदूर पास के पेड़ के नीचे आ गए। तभी आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आठ लोग आ गए। (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार पधर जिला मंडी हि.प्र.।**
चम्पा देवी पुत्री शुकरू गांव गडवाहन डाकघर कुफरी तहसील पधर जिला मण्डी ।
केस नंबर 712382 दिनांक 19-05-2026
...*प्रार्थी*
बनाम आम जनता
...*प्रत्यार्थी*
**विषय - दरखास्त जेर धारा 13(3) जन्म व मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969**
आवेदक चम्पा देवी पुत्री शुकरू गांव गडवाहन डाकघर कुफरी तहसील पधर जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र गुजारा है कि प्रार्थी का नाम चम्पा देवी व जन्म दिनांक 01-07-1966 को हुआ है, जिसका इन्द्राज ग्राम पंचायत कुफरी, तहसील पधर, जिला मण्डी (हि0प्र0) में अज्ञानतावंश दर्ज नहीं करवाया है। अतः इस इश्तहार द्वारा आम व खास को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उक्त प्रार्थी की जन्म तिथि पंचायत रिकार्ड में दर्ज करने बारे कोई एतराज हो तो वह दिनांक 19-06-2026 को या इससे पूर्व अदालत में हाजिर होकर अपना एतराज पेश कर सकता है, अन्यथा कोई एतराज प्राप्त ना होने की सूरत में सम्वन्धित सचिव, ग्राम पंचायत कुफरी, को उक्त प्रार्थी के जन्म तिथि दर्ज करने बारे आदेश जारी कर दिये जायेंगे। आज दिनांक 23-05-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार पधर, जिला मंडी, हि.प्र.**

**ब अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ।**
किस्म मुकदमा --- तकसीम हुकमन
मु0 नम्बर 146/NT/2024
तहसील परागपुर
तारिख पेशी 14.07.2026
**मुस्तरी मुनादी अखवारी इश्तेहार**
**बान अनुबान : नीम चन्द**
**बनाम सविता देवी एवं आदि**
**समन बनाम प्रतिवादी गण:-** (1) सविता देवी पुत्री विशन लाल (2) रघुबीर सिंह पुत्र बन्ता राम (3) सुभाष चन्द पुत्र बन्ता राम (4) इन्दरा देवी पुत्र बन्ता राम (5) केवल कृष्ण पुत्र बिधि चन्द (6) सत्या देवी विध्वा बिधि चन्द (7) आर्यन पुत्र संजय कुमार (8) कुमारी नताशा पुत्री संजय कुमार (9) अंजना कुमारी विध्वा संजय कुमार (10) अमर चन्द पुत्र वुटू (12) चमन लाल पुत्र रखा राम (18) व्यासा देवी विध्वा जगत राम (19) अमर चन्द पुत्र जगत राम (20) सरवण कुमार पुत्र जगत राम (21) जगीर कुमार पुत्र जगत राम (22) अर्जुन कुमार पुत्र जगत राम (23) वकील सिंह पुत्र उधम सिंह (24) राकेश कुमार पुत्र चमन लाल, सभी वासीगण मोहाल गरली मौजा गरली तहसील परागपुर जिला कांगड़ा हि 0 प्र.
**विषय:- भूमि तकसीम खाता न. 248 खतौनी न. 281 ता 283 खसरा किता-8 रकवा 00-34-20 है. स्थित वाकया महाल सकराला मौजा गरली तहसील प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 मुताविक जमाबंदी साल 2021-22**
उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादीगण को कई बार सम्मन जारी किये गये । परन्तु उनकी तामील नियमानुसार ना हो पा रही है। जिस कारण मुकदमें की कार्यवाही में विलम्ब हो रहा है और आगे नहीं बड़ पा रही है । अतः अब इस मुस्तरी मुनादी अखवारी इश्तेहार द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि वह अगली पेशी दिनांक पेशी 14.07.2026 को असालतन या वकालतन इस न्यायालय में हाजिर आकर अपना उजर/एतराज पेश कर सकते हैं। उपरोक्त वर्णित तिथि को ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लायी जाएगी तथा उपरोक्त तकसीम का अंतिम आदेश वादी के पक्ष में कर दिया जायेगा । आज दिनांक 11-6-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत में जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ।**

**अनंत Classifieds**

**नाम दुरूस्ती**

**मैं, पिंगला देवी,** पत्नी श्री राकेश कुमार, निवासी ग्राम चरका, डाकघर देओरी, तहसील आनी, जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश, यह सत्यतापूर्वक घोषित करती हूँ कि मेरी पुत्री का नाम उसके आधार कार्ड में गलतवश 'अबंतिका (Abantika)' अंकित हो गया है। जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र तथा अन्य सभी संबंधित दस्तावेजों में उसका नाम 'अवन्तिका (Avantika)' दर्ज है। अत: मेरी पुत्री का सही नाम 'अवन्तिका (Avantika)' है। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं, हेत राम** (56) पुत्र चुहड़ा राम निवासी गांव डडोल डाकघर मैरामसीत तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश पिन-175036 आधार नंबर- 587105884988 घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम लेख राम गलत दर्ज हो गया है। मेरा वास्तविक और सही नाम हेत राम है। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम दुरूस्ती**

**मैं, अंकुश सिंह** पुत्र श्री कुलदीप सिंह, निवासी गांव लडोली, तहसील अंब, जिला ऊना (हि.प्र.), घोषणा करता हूं कि मेरे पासपोर्ट संख्या R5516929, दिनांक 14.11.2017 में मेरा नाम अंकुश दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम अंकुश सिंह है। अंकुश सिंह व अंकुश एक ही व्यक्ति का नाम है। सभी संबंधित नोट करें।

## बैठक — अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर गृह मंत्रालय सख्त

# शाह बोले-अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा में आधुनिक तकनीक का होगा व्यापक उपयोग

**एजेंसी, नई दिल्ली**




केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। गृह मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को यात्रा के शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख, सीआरपीएफ के महानिदेशक तथा गृह मंत्रालय, सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, मार्गों की निगरानी, आपदा प्रबंधन, चिकित्सा सुविधाओं, यातायात प्रबंधन और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की स्थिति की समीक्षा की गई।

गृह मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को यात्रा के शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।सूत्रों के अनुसार बैठक में सुरक्षा परिदृश्य, तीर्थयात्रियों की सुविधा तथा संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बनाए रखने जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सरकार का लक्ष्य है कि देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित और निर्बाध यात्रा का अनुभव मिल सके। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष आयोजित होने वाली अमरनाथ यात्रा में देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं, जिसके मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

**MUNICIPAL CORPORATION HAMIRPUR DISTRICT HAMIRPUR (HP)**
**No. MCH/Quotation/Consultancy FRA/2026-27-3178** **DATED: 10.6.2026**

**SHORT TERM NOTICE INVITING QUOTATION**

Sealed quotation are hereby invited from concerned agencies / registered contractors of the following items so as to reach in the office of Municipal Corporation on dated 19-6-2026 up to 11:00 AM & shall be opened in presence of quotationers / their authorised representatives at 11:30 AM in the same day. Undersigned reserve the right to reject the quotations without any reason.

**NAME OF WORK: Hiring of Consultancy Services for FRA cases under Municipal Corporation Hamirpur**

**DETAILE OF SCHEDULE OF QUANTITY**

| Sr. No. | Description of items | Unit | Rates |
|---|---|---|---|
| 1. | Preparation of complete FRA cases, collection and compilation of requisite documents, preparation of proposals, maps, reports, online/offline submissions, compliance of observations/deficiencies, liaison and coordination with concerned departments and all allied activities required till submission of complete cases before the competent authority in Municipal Corporation Hamirpur | Per Project | |

**Eligibility Criteria:** ❖ The consultancy firm/agency/individual should possess experience in preparation of FRA cases and consultancy services for Government Departments/Urban Local Bodies/Public Sector Organizations. ❖ GST registration, PAN and other relevant registration documents must be enclosed. ❖ Experience certificates/work order of a similar nature shall also be attached.

**Terms & Conditions: 1.** The quotation should be submitted in a sealed envelope. **2.** Rates shall be quoted clearly inclusive of all taxes and other applicable charges. **3.** Municipal Corporation Hamirpur reserves the right to accept or reject any or all quotations without assigning any reason thereof. **4.** The selected consultant shall complete the assigned work within the stipulated time period fixed by the Corporation. **5.** Payment shall be released as per approved terms and satisfactory completion of assigned work.

***Commissioner***
***Municipal Corporation Hamirpur District Hamirpur (HP)***

# कुल्लू-मनाली व लाहौल-स्पीति में पर्यटन सीजन पर बारिश का साया

## पीक सीजन में भी बारिश बनी बाधा, मनाली में पर्यटन गतिविधियों पर पड़ रहा असर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** मनाली और लाहौल स्पीति में इन दिनों पर्यटन सीजन पीक पर है। हर रोज़ हजारों की संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां लगातार हो रही बारिश से पर्यटन कारोबार पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। यदि मौसम लंबे समय तक खराब रहता है, तो पर्यटक अपनी यात्राएं रद्द कर सकते हैं, जिससे होटल, रेस्टोरेंट, टैक्सी संचालकों और स्थानीय व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

पर्यटन सीजन के दौरान अच्छी संख्या में पर्यटकों के आगमन की उम्मीद रहती है, लेकिन लगातार बारिश से पर्यटन गतिविधियां प्रभावित होने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय व्यवसायी भी मौसम साफ होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं ताकि पर्यटन सीजन पटरी पर बना रहे। लगातार खराब मौसम और बारिश के कारण होटलों में ही ठहरने को मजबूर होना पड़ रहा है। मई और जून का महीना ही प्रमुख पर्यटन सीजन होता है। इन्हीं दो महीने में पर्यटन कारोबारी साल भर का खर्चा निकालते हैं। अगर लगातार हो रही बारिश से पर्यटन कारोबार प्रभावित हुआ तो हजारों लोगों का रोजगार छिन सकता है और लोगों की आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ सकता है।



मनाली में मौसम ने बिगाड़ा पर्यटन का मजा। अनंत ज्ञान

◆ **लगातार बारिश से होटल व टैक्सी कारोबारी चिंतित**

स्थानीय निवासी अमर सिंह, प्रेम प्रकाश, दलीप और संजय ने बताया कि अभी तक पर्यटन सीजन ठीक चल रहा है लेकिन जिस तरह का मौसम बना है उस से हम सभी चिंतित हैं। हालांकि इन दिनों मनाली का मौसम बहुत ही खुशनुमा होता था और पर्यटक भी मौसम का आनंद लेते थे मगर इस साल जून के दूसरे सप्ताह से बारिश का दौर शुरू हो गया है। लगातार हो रही बारिश से पर्यटन सीजन पर असर पड़ सकता है।

# मेगा मॉक ड्रिल को लेकर अलर्ट मोड में सभी विभाग

## लाहौल-स्पीति में आपदा से निपटने की तैयारियां मजबूत, एजेंसियों के बीच समन्वय पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, लाहौल-स्पीति।** आगामी मेगा मॉक ड्रिल की तैयारियों और आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय टेबल टॉप बैठक में प्रदेश के सभी जिलों ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। बैठक में फ्लैश फ्लड, भूस्खलन, बाढ़, ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (GLOF) और वनाग्नि जैसी संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने जिले में आपदा प्रबंधन की तैयारियों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू और बाढ़ जैसी स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, मजबूत संचार व्यवस्था, प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य और विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए व्यापक योजनाएं तैयार की गई हैं। उपायुक्त ने विशेष रूप से घेपन झील से संभावित GLOF की स्थिति का उल्लेख करते हुए बताया कि ऐसी आपदा की स्थिति में बाढ़ का पानी लगभग 20 मिनट के भीतर सिस्सू क्षेत्र तक पहुंच सकता है। इससे निपटने के लिए समय पर चेतावनी प्रणाली, सुरक्षित निकासी योजना और राहत दलों की त्वरित तैनाती की व्यवस्था की गई है।

इसके अलावा शाकस नाला क्षेत्र में संभावित फ्लैश फ्लड और उससे उत्पन्न भूस्खलन, सड़क



मेगा मॉक ड्रिल को लेकर टेबल टॉप बैठक की अध्यक्षता करतीं डीसी किरण भड़ाना। अनंत ज्ञान

◆ **मेगा मॉक ड्रिल को लेकर बैठक में फ्लैश फ्लड और भूस्खलन पर किया मंथन**

अवरोध एवं अन्य प्रभावों के लिए भी अलग-अलग परिदृश्य तैयार किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों की जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं।

उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन, सेना, ITBP, NDRF और अन्य एजेंसियों के सहयोग से आपदा प्रबंधन तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 15 जून 2026 को होने वाली मेगा मॉक ड्रिल का उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की जांच करना और आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली की प्रभावशीलता का आकलन करना है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा आपदा प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लाहौल-स्पीति में प्रवासी मजदूरों के बच्चों की शिक्षा को लेकर प्रशासन की पहल, 45 बच्चों का नामांकन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, लाहौल-स्पीति।** उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना के सक्षम मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा प्रवासी मजदूरों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम रंगवे निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र दिले राम जो कि राजकीय केंद्र प्राथमिक स्कूल रंगवे में केंद्रीय मुख्य अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत प्रवासी मजदूरों के बच्चों को महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है।



राजेंद्र कुमार ने स्थानीय स्कूल प्रबंधन समितियों (एसएमसी) के समन्वय से सरकारी केंद्र प्राथमिक पाठशाला लोट के 16 बच्चों, लपशक विद्यालय के 3 बच्चों तथा तोजिंग विद्यालय के 2 बच्चों सहित कुल 25 बच्चों को स्टेशनरी, अध्ययन सामग्री,स्कूल बैग,ट्रैक सूट एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक वस्तुएं उपलब्ध करवा रहे हैं। उनके इस सराहनीय योगदान से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिल रही है।

उपायुक्त किरण भड़ाना ने राजेंद्र कुमार के इस सामाजिक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन प्रत्येक बच्चे को बुनियादी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाज के जागरूक नागरिकों की सहभागिता से ऐसे प्रयास और अधिक प्रभावी बनते हैं तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) संजय डोगरा तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी हीरा

◆ **उपायुक्त के मार्गदर्शन में शिक्षा से जुड़ रहे प्रवासी मजदूरों के बच्चे**

नंद ,जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्षा शशि किरण, सदस्य हीरा लाल प्रवासी मजदूरों के बच्चों के नामांकन एवं उनके शैक्षणिक अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। इन्होंने अब तक प्रशासन के सहयोग से अब तक लाहौल उपमंडल में 45प्रवासी बच्चों का विभिन्न विद्यालयों में सफलतापूर्वक नामांकन करवाया जा चुका है ।

उपायुक्त ने जिले के सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं से बच्चों की शिक्षा के लिए आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे।

## कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में शैक्षणिक वर्ष के लिए वार्षिक अलंकरण समारोह का आयोजन

# इवान, शनवी बने जूनियर विंग हाउस वाइस कैप्टन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में शैक्षणिक वर्ष 2026 के लिए वार्षिक अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को उनके दायित्वों की औपचारिक जिम्मेदारी सौंपी गई और उन्हें बैज पहनाकर सम्मानित किया गया।

समारोह की शुरुआत विशिष्ट अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों के स्वागत के साथ हुई। इस मौके पर प्रबंध निदेशक सुरेश कुमार, प्रशासक रीतू सुरेश कुमार, अकादमिक प्रमुख (सीनियर विंग) मान सिंह तथा अकादमिक प्रमुख (जूनियर विंग) मोनिशा शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से किया गया, जिसके बाद स्कूल गीत की प्रस्तुति ने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। प्रबंध निदेशक सुरेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि



कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में अलंकरण समारोह में छात्र परिषद व हाउस नेतृत्व का गठन किया। अनंत ज्ञान

सच्चा नेतृत्व अनुयायी नहीं बनाता, बल्कि नए नेताओं को तैयार करता है। इसके बाद कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने 'शिक्षा' विषय पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। मार्च पास्ट के बाद हेड ब्वॉय और हेड गर्ल के नेतृत्व में नवगठित छात्र परिषद का औपचारिक परिचय कराया गया और चयनित विद्यार्थियों को बैज पहनाकर जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

इसी अवसर पर स्कूल प्रशासन द्वारा हाउस नेतृत्व नियुक्तियां (2026-27) भी घोषित की गईं, जिनमें विभिन्न हाउस के कैप्टन और वाइस कैप्टन शामिल हैं। हाउस वाइस कैप्टन (जूनियर विंग) में इग्निस हाउसः मास्टर इवान, वेंटस हाउसः शनवी सिंह, एक्वा हाउसः आराध्या शर्मा व टेरा हाउसः सुदिति पुरोहित को चुना गया। हाउस वाइस कैप्टन (सीनियर विंग) में इग्निस हाउसः मास्टर श्रेयश, वेंटस हाउसः मिस मान्या, एक्वा हाउसः मिस प्रियंकाव टेरा हाउसः मास्टर प्रद्युम्न को चुना गया। हाउस कैप्टन (जूनियर विंग) में इग्निस हाउसः मास्टर भास्कर, वेंटस हाउसः मिस कैरवी, एक्वा हाउसः मिस रिजुल व टेरा हाउसः मास्टर ध्रुव को चुना गया। हाउस कैप्टन (सीनियर विंग) में इग्निस हाउसः मिस सर्गम, वेंटस हाउसः मिस श्रेयसी व एक्वा हाउसः मिस अक्षिता को चुना गया। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# तंबाकू उत्पादकों की बिक्री व उपयोग के खिलाफ निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** तंबाकू उत्पादकों की बिक्री एवं उपयोग के खिलाफ गठित फ्लाइंग स्क्वाड कोटपा ने शुक्रवार को खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनीता शर्मा के नेतृत्व में गांव थुरल, चूला , बैरघाट में निरीक्षण अभियान चलाया अभियान के दौरान विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया गया । खुले में एवं बिना वैध लाइसेंस के तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई । निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आठ दुकानदारों के चालान किए गए । संबंधित दुकानदारों को भविष्य में इस अपराध से दूर रहने की कड़ी चेतावनी दी गई । इस अवसर पर थुरल अस्पताल से बीएमओ. के साथ जीवन लाल हेल्थ सुपरवाइजर तथा पुलिस विभाग से ओंकार सिंह, तहसील कार्यालय थुरल से विनय कुमार शामिल रहे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनीता ने सभी दुकानदारों व लोगों को कोटपा एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# भारतीय स्की एंड स्नो बोर्ड को मिली अंतरराष्ट्रीय मान्यता, 145 देशों की बैठक में हुआ फैसला



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** भारतीय स्की एंड स्नो बोर्ड को इंटरनेशनल स्की एंड स्नोबोर्ड फेडरेशन से आधिकारिक मान्यता मिल गई है। लंबे समय से चल रही खींचतान और अनिश्चितता के बाद इस फैसले ने भारतीय शीतकालीन खेलों के लिए बड़ा बदलाव ला दिया है। इससे देश के स्की खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और बेहतर अवसर मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

145 देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की गई। जैसे ही भारतीय बोर्ड को मान्यता दी गई, पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। इस निर्णय को भारत के लिए एक बड़ी खेल उपलब्धि माना जा रहा है, जिससे देश की भागीदारी वैश्विक मंच पर और मजबूत हुई है।

भारतीय स्की एंड स्नो बोर्ड के अध्यक्ष रूप चंद नेगी ने इंटरनेशनल फेडरेशन के पूर्व और वर्तमान अध्यक्षों सहित सभी सहयोगी संगठनों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय खिलाड़ियों की मेहनत और संगठन की एकजुटता का परिणाम है।

मान्यता मिलने के बाद अब देशभर के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, अधिक प्रतियोगिताओं और निष्पक्ष चयन प्रणाली का लाभ मिलेगा। बोर्ड का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक प्रतिभाओं को आगे लाकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर दिया जाए।

# शाहपुर कॉलेज में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा शाहपुर कॉलेज मैदान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ भाजपा नेता एवं कांगड़ा फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चौहान ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर पहले मैच का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कांगड़ा प्राइवेट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता रविंद्र दत्त शर्मा व फुटबॉल एसोसिएशन की कार्यकारिणी सदस्य एवं भाजपा नेता जीवन कौंडल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राकेश चौहान ने कहा कि शाहपुर के खेल मैदानों में युवाओं की बढ़ती भागीदारी उत्साहजनक है। फुटबॉल और क्रिकेट जैसी खेल गतिविधियां युवाओं को नशे से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर सामाजिक संगठनों की पहल भी आवश्यक है। उन्होंने एबीवीपी की इकाई अध्यक्ष सुषमा की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन ने छात्र हित और खेलों को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय कार्य किए हैं।

# सीएम सुक्खू की जनकल्याणकारी सोच से सुलह को मिली बड़ी सौगात : संजय चौहान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह क्षेत्र में तहसील कल्याण कार्यालय की स्थापना होने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने सुलह क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा कर एक बड़ी सौगात दी है। चौहान ने कहा कि तहसील कल्याण कार्यालय की सेवाएं स्थायी भवन के निर्माण तक वैकल्पिक भवन से तत्काल प्रभाव से शुरू कर दी गई हैं, जिससे लोगों को बिना किसी देरी के लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय के खुलने से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों सहित विभिन्न वर्गों को सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब दूर-दराज के कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि आज सुलह क्षेत्र के हजारों लोगों को सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण योजनाओं की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो रही हैं। इससे लोगों के समय और धन दोनों की बचत होगी तथा सरकारी सेवाओं तक उनकी पहुंच और अधिक आसान बनेगी। संजय चौहान ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने और अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी सुलह क्षेत्र को विकास की नई सौगातें मिलती रहेंगी।

उन्होंने कहा कि तहसील कल्याण कार्यालय का स्थायी भवन बनाने की प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू की जाएगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। क्षेत्रवासियों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार का धन्यवाद व्यक्त किया है।

# कांगड़ा में पूर्व सैनिक कोटे से 9 जेबीटी शिक्षकों की नियुक्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, कांगड़ा ने पूर्व सैनिक श्रेणी के तहत जूनियर बेसिक टीचर (जेबीटी) बैचवाइज भर्ती में चयनित 9 अभ्यर्थियों की ट्रेनी आधार पर नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। ये जानकारी देते हुए जिला उपशिक्षा अधिकारी अश्वनी भट्ट ने बताया कि नियुक्ति हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग की स्वीकृति और दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 17,820 प्रतिमाह के निश्चित मानदेय पर ट्रेनी जेबीटी के रूप में नियुक्त किया गया है। सभी अभ्यर्थियों को आदेश जारी होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर अपने-अपने संबंधित ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में जॉइनिंग न करने पर नियुक्ति प्रस्ताव स्वतः निरस्त माना जाएगा। नियुक्त किए गए अभ्यर्थियों में अमित शर्मा (लम्बागांव), अंकुश शर्मा (कोटला), बलबीर सिंह (नगरोटा बगवां), विकास चौधरी (कांगड़ा), गुप्त सिंह (रैत-शाहपुर), संजय कुमार (रक्कड़), विजय राणा (चढयि़ार), प्रदीप कुमार (डाडासीबा) तथा मलकियत सिंह (लम्बागांव) शामिल हैं। आदेशों के अनुसार जॉइनिंग से पहले चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित शपथ-पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, आरक्षण प्रमाण पत्र (जहां लागू हो), शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता के दस्तावेज तथा अन्य आवश्यक अभिलेख जमा करने होंगे। किसी भी दस्तावेज के फर्जी पाए जाने पर नियुक्ति तत्काल रद्द करने और कानूनी कार्रवाई करने का प्रावधान भी रखा गया है।

## गुस्सा — राजा रघुबीर सिंह स्टेडियम खाली न होने से व्यापारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# स्टेडियम में अब भी सजी दुकानें, व्यापारियों में रोष

अनंत ज्ञान

**आनी।** जिला स्तरीय आनी मेला इस वर्ष प्रशासन की देखरेख में 8 से 11 मई तक आयोजित किया गया था। मेले के समापन को एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आनी कस्बे के मध्य स्थित राजा रघुबीर सिंह स्टेडियम में लगी अस्थायी दुकानें और डोम अभी तक नहीं हटाए गए हैं। इस स्थिति को लेकर आनी कस्बे के करीब 400 छोटे-बड़े व्यापारियों में रोष व्याप्त है।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि मेला आयोजन से पूर्व एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट की अध्यक्षता में आयोजित मेला कमेटी की पहली बैठक में व्यापारियों ने स्पष्ट रूप से मांग उठाई थी कि मेले के बाद दुकानें और डोम हटाने की अंतिम तिथि पहले से निर्धारित की जाए। बैठक में मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं कार्यकारी बीडीओ, पंचायत निरीक्षक जोगेंद्र शर्मा, एसईबीपीओ विनोद कटोच, मेला कमेटी एवं ग्राम पंचायत आनी के सचिव विशु, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा व्यापार मंडल आनी के पदाधिकारी उपस्थित थे।



आनी मेला समाप्त हुए एक माह से अधिक, फिर भी स्टेडियम में सजी हैं दुकानें। अनंत ज्ञान

व्यापारियों के अनुसार, हर वर्ष मेले के बाद अस्थायी दुकानें कई-कई महीनों तक लगी रहती हैं, जिससे स्थानीय कारोबार प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि स्थानीय व्यापारी वर्षभर किराया अदा करते हैं और प्रशासनिक आयोजनों में भी आर्थिक एवं अन्य सहयोग देते हैं, लेकिन मेले के बाद लंबे समय तक बाहरी दुकानों के बने रहने से उनके व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ता है। बैठक में मेला कमेटी ने निर्णय लिया था कि 30 मई तक सभी दुकानें और डोम हर हाल में हटा दिए जाएंगे। हालांकि निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद व्यापारियों ने प्रशासन से पुनः गुहार लगाई, जिस पर 7 जून तक हटाने का आश्वासन दिया गया। लेकिन 12 जून तक भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

उधर स्थानीय व्यापारियों ने व्यापार मंडल आनी के प्रधान विनोद चंदेल से हस्तक्षेप की मांग की है। विनोद चंदेल ने बताया कि वे इस विषय को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल के साथ एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट से मुलाकात करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बुधवार शाम तक राजा रघुबीर सिंह स्टेडियम को खाली नहीं कराया गया तो व्यापारी विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

पंचायत निरीक्षक आनी जोगेंद्र शर्मा ने बताया कि दुकानें 12 जून तक हटाने का प्रयास किया जा रहा है तथा यह कमेटी बीडीओ कार्यालय के अधीन कार्य करती है। वहीं बीडीओ आनी विवेक कुमार ने कहा कि उक्त निर्णय उनके कार्यभार संभालने से पूर्व लिया गया था और वे इस विषय पर पंचायत निरीक्षक से चर्चा करेंगे। इस संबंध में एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट ने कहा कि विकास खंड कार्यालय के अधिकारियों एवं मेला कमेटी को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं और जल्द ही उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पतलीकूहल आईटीआई में महिंद्रा एंड महिंद्रा की कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव, 45 प्रशिक्षुओं का चयन



पतलीकूहल आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 45 प्रशिक्षुओं का चयन किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), पतलीकूहल में महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, स्वराज डिवीजन, मोहाली (पंजाब) द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस भर्ती अभियान का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था। प्लेसमेंट ड्राइव में पतलीकूहल, करगा, उदयपुर, शमशी सहित विभिन्न संस्थानों के अलग-अलग ट्रेडों के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया के बाद 45 प्रशिक्षुओं का चयन महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्वराज डिवीजन मोहाली के लिए किया गया, जबकि चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर भी वितरित किए गए।

चयनित प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण अवधि के दौरान 18,580 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा। इसके अलावा कंपनी की ओर से नियमानुसार अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। आईटीआई पतलीकूहल के प्रधानाचार्य ई. अर्पित आनंद ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्लेसमेंट गतिविधियां प्रशिक्षुओं को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में अहम भूमिका निभाती हैं। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रभारी भगवंत चौहान ने कंपनी अधिकारियों का आभार जताते हुए भविष्य में भी ऐसे रोजगारोन्मुख कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

# सोलन शहर में गहराया पेयजल संकट,लोग परेशान

## सोलन सहित कई क्षेत्रों में पाइपलाइन फटने से आई दिक्कत पेयजल व्यवस्था पर बड़ा असर

अनंत ज्ञान



फाइल फोटो

**आर मोहन चौहान, सोलन।** शहर में पेयजल संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। अश्वनी खड्ड पेयजल योजना की पाइपलाइन फटने के कारण यह योजना पिछले दो दिनों से बंद पड़ी है, जिससे शहर की जलापूर्ति व्यवस्था पर बड़ा असर पड़ा है। शुक्रवार को सोलन शहर को केवल गिरी पेयजल योजना से ही 49 लाख 72 हजार लीटर पानी प्राप्त हो सका, जबकि जल भंडारण टैंकों में मात्र 9 लाख लीटर पानी शेष बचा है।

कम जल उपलब्धता के चलते नगर निगम और जल शक्ति विभाग के सामने विभिन्न क्षेत्रों में पानी का समान वितरण सुनिश्चित करना बड़ी चुनौती बन गया है। विभाग के अनुसार उपलब्ध पानी के आधार पर शुक्रवार को चंबाघाट, पीपल, एचआरटीसी कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, बसाल तथा गरीबों वाली क्षेत्र में जलापूर्ति किए जाने की संभावना है। वहीं वार्ड नंबर-6 के निवासियों के लिए शुक्रवार को भी पानी मिलने की उम्मीद बेहद कम बताई जा रही है।

अश्वनी योजना के बंद होने से शहर के कई इलाकों में पानी की किल्लत और बढ़ने की आशंका है। पिछले कई दिनों से मांग के मुकाबले कम पानी मिलने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से ऊंचाई वाले और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं पर इसका अधिक प्रभाव पड़ सकता है।

जल शक्ति विभाग की ओर से क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दुरुस्त करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द से जल्द मरम्मत कार्य पूरा कर अश्वनी खड्ड योजना को बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि शहरवासियों को राहत मिल सके।

विभाग और नगर निगम द्वारा उपलब्ध जल स्रोतों से अधिकतम पानी जुटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए पानी का उपयोग बेहद सावधानी और संयम के साथ करें तथा अनावश्यक बर्बादी से बचें।

अधिकारियों का कहना है कि संकट की इस घड़ी में पानी की हर बूंद कीमती है और सभी नागरिकों के सहयोग से ही उपलब्ध जल का समान वितरण सुनिश्चित किया जा सकता है। शहरवासियों को उम्मीद है कि मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद आने वाले दिनों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति सामान्य हो सकेगी। अश्वनी खड्ड पेयजल योजना के बंद होने से शहर में पानी की मांग और आपूर्ति के बीच अंतर लगातार बढ़ता जा रहा है। कई क्षेत्रों में लोगों को सुबह-शाम पानी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से नियमित आपूर्ति बाधित होने के कारण घरेलू कार्यों के साथ-साथ दैनिक दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। स्कूल, कार्यालय और छोटे व्यवसायों पर भी इसका अप्रत्यक्ष असर देखा जा रहा है।

वहीं, जल शक्ति विभाग के तकनीकी दल द्वारा पाइपलाइन की मरम्मत कार्य में तेजी लाई गई है, लेकिन पहाड़ी क्षेत्र और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण कार्य में बाधाएं आ रही हैं। विभाग ने उम्मीद जताई है कि मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा कर जलापूर्ति को सामान्य किया जाएगा। नगर निगम ने भी वैकल्पिक जल स्रोतों से आपूर्ति बढ़ाने की कोशिश शुरू कर दी है, ताकि संकट की स्थिति को कुछ हद तक कम किया जा सके।

नगर निगम ने प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से अतिरिक्त जल आपूर्ति की व्यवस्था करने पर भी विचार शुरू कर दिया है, ताकि सबसे अधिक प्रभावित वार्डों में लोगों को राहत मिल सके। विभागीय अधिकारियों के अनुसार स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और मरम्मत कार्य पूरा होते ही अश्वनी खड्ड योजना को प्राथमिकता के आधार पर बहाल किया जाएगा। नगर निगम और जल शक्ति विभाग द्वारा वैकल्पिक जल स्रोतों से पानी की आपूर्ति बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सोलन की ऐरन ने मॉडलिंग में बिखेरा जलवा,बनी मिस टीन हिमाचल

अनंत ज्ञान



**सोलन।** एमआरए डीएवी की प्रतिभाशाली 15 वर्षीय छात्रा ऐरन ने मॉडलिंग की दुनिया में शानदार शुरुआत करते हुए अपनी पहली बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में हमीरपुर में आयोजित एक प्रतिष्ठित ब्यूटी एवं टैलेंट प्रतियोगिता में ऐरन ने मिस टीन, बेस्ट स्टेट कॉस्ट्यूम और मिस सोशल आइकॉन के खिताब अपने नाम कर सोलन और अपने मूल क्षेत्र जुब्बल का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के बाद वीरवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में ऐरन ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेना उनके लिए बेहद यादगार अनुभव रहा।

उन्होंने बताया कि यह आयोजन ब्लॉसम इवेंट बाय बैबन, मिस यूनिवर्स हिमाचल ऑर्गेनाइजेशन, मिस टीन और मिस हिमाचल ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त बैनर तले आयोजित किया गया था। ऐरन ने कहा कि उनकी केटेगरी में कुल 10 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन, आत्मविश्वास और प्रस्तुति के दम पर निर्णायकों को प्रभावित करते हुए मिस टीन का खिताब हासिल किया।

इसके साथ ही उन्हें बेस्ट स्टेट कॉस्ट्यूम और मिस सोशल आइकॉन के सम्मान से भी नवाजा गया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता की विशेष बात यह रही कि इसमें हिमाचली संस्कृति और परंपराओं को विशेष महत्व दिया गया। प्रतियोगिता के दो राउंड पूरी तरह से हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित थे, जिनमें प्रतिभागियों को अपनी संस्कृति और परंपराओं को मंच पर प्रस्तुत करना था। ऐरन मूल रूप से शिमला जिले के जुब्बल क्षेत्र की रहने वाली हैं और वर्तमान में सोलन स्थित एमआरए डीएवी स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा हैं।

उन्होंने बताया कि इससे पहले वह मिस सोलन प्रतियोगिता में भी भाग लेना चाहती थीं, लेकिन उम्र कम होने के कारण उन्हें अवसर नहीं मिल पाया था। उसकी इस उपलब्धि से विद्यालय और परिवार में खुशी का माहौल है। एरन की इस सफलता से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी अपनी प्रतिभा निखारने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने भविष्य में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करने और मॉडलिंग के क्षेत्र में नई पहचान बनाने का लक्ष्य रखा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बस में सफर कर रहे युवक से 5.48 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एसआईयू टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर मुकाम शमलेच के समीप एक हरियाणा रोडवेज की बस को चैक करने पर सीट नंबर 40 पर बैठे एक युवक के कब्जा से 5.48 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद किया गया आरोपी की पहचान अनिश कुमार पुत्र गुलाब सिंह निवासी गाँव दलगांव डाकखाना कुटाडा, तहसील रोहडू जिला शिमला उम्र 34 वर्ष के रूप में हुई मौके पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पुलिस थाना सदर सोलन में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मामला पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जायेगा गिरफ्तार आरोपी के पूर्व के अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है मामले में आगामी जांच जारी है।

### अदालत से भगोड़ा घोषित अपराधी लुधियाना स किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला पुलिस द्वारा गठित पी.ओ. सैल की टीम द्वारा भगोड़े अपराधियों की तलाश के दौरान एक भगोड़े आरोपी सुखजिंदर सिंह पुत्र हरिचरण निवासी गाँव कोटला भड़ी डाकखाना समराला तहसील व जिला लुधियाना पंजाब उम्र 47 वर्ष को खरड पंजाब से गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना अर्की में अभियोग संख्या 56/2026, 11 जून -द्य2026, धारा 209,269 बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में पुलिस थाना अर्की में धोखाधड़ी से संबंधी अभियोग संख्या 55/2018, दिनांक 13-06-2018, धारा 471,468 भा.दं.सं. के तहत दर्ज किया गया था। उक्त आरोपी द्वारा एचडी एफ सी ईआरजीओ जनरल इन्शुरन्स कंपनी की झूठी इन्शुरन्स तैयार करके एमएसीटी कोर्ट सोलन में पेश कि थी तथा जाली दस्तावेज तैयार करके इन्शोरेंस कंपनी से मुआवजा लेने कि कोशिश की थी उक्त मामले के अन्वेषण के दौरान आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया था तथा उसके विरुद्ध आरोपपत्र तैयार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। मामले के विचारण (ट्रायल) के दौरान माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी सुखजिंदर सिंह को बार-बार न्यायालय में उपस्थित होने के आदेश दिए गए, परंतु इसके बावजूद वह न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ।

### समाधान समारोह के तहत विशेष अदालत की जा रही आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोलन के सचिव प्रशांत सिंह नेगी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 'समाधान समारोह-2026' के तहत लंबित मामलों का निपटारा आपसी सहमति, संवाद और मध्यस्थता से किया जा रहा है। यह अभियान भारत का सर्वोच्च न्यायालय में चल रहा है, जिसमें 21 अप्रैल 2026 से बैठकें शुरू हुईं और 21-23 अगस्त 2026 को लोक अदालतों के साथ समापन होगा। राज्य, जिला और तालुका स्तर पर मध्यस्थता केंद्र सक्रिय हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 बढ़ाई गई है। इच्छुक पक्षकार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### सैनिकों के लिए पंजीकृत सदस्यता प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पूर्व सैनिकों के लिए पंजीकृत सदस्यता प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में जिला सैनिक भूतपूर्व कोऑपरेटिव परिवहन सभा दाड़लाघाट कार्यालय द्वारा निर्णय लागू करते हुए प्रतीक्षारत सदस्यता के लिए आवेदन करने वाले पूर्व सैनिकों को निर्धारित शर्तों के अधीन पंजीकृत सदस्यता प्रदान करने की प्रक्रिया आरंभ की गई है। जिला सैनिक भूतपूर्व परिवहन सभा दाड़लाघाट के प्रधान मनसा राम भट्टी ने बताया कि जिला सोलन के जिन पूर्व सैनिकों ने प्रतीक्षारत सदस्यता के तहत आवेदन-पत्र जमा किए हैं, उन्हें सदस्यता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा ऐसे पूर्व सैनिक जिन्होंने अब तक आवेदन जमा नहीं करवाया है, उन्हें भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सदस्यता लेने का अवसर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सदस्यता शुल्क की जानकारी सभा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है तथा निर्धारित राशि जमा करवाने के बाद सदस्यता प्रक्रिया पूर्ण होगी। हालांकि सदस्यता मिलने के बाद वाहन संचालन की अनुमति तभी दी जाएगी, जब सभा को अंबुजा सीमेंट अथवा अल्ट्राटेक कंपनी से परिवहन कार्य में वृद्धि या नया कार्य प्राप्त होगा। सभा के अनुसार यह निर्णय साधारण अधिवेशन के प्रस्ताव संख्या 05 (1) दिनांक 22 फरवरी के तहत लिया गया है। सभा पदाधिकारियों ने सभी संबंधित पूर्व सैनिकों से समय पर सदस्यता संबंधी औपचारिकताएं पूर्ण करने का आग्रह किया है।

### राजगढ़ के हैलोनीपुल के पास कार दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोग घायल

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हैलोनीपुल मार्ग पर थान देवता मंदिर के समीप एक कार नंबर एच 16ए-3769 अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। दुर्घटना के समय वाहन में तीन लोग सवार थे। हादसे में तीनों व्यक्ति घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों और राहत दल की सहायता से बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में से एक व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सोलन रेफर कर दिया गया है। वहीं अन्य दो घायलों का उपचार राजगढ़ अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल स्थिर और खतरे से बाहर बताई जा रही है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर अचानक मोड़ और फिसलन के कारण वाहन नियंत्रण से बाहर हो गया। पुलिस ने वाहन को खाई से निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घायलों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और आगे की कार्रवाई जारी है। प्रशासन ने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। दुर्घटना स्थल पर चेतावनी संकेत लगाने और गड्ढों की मरम्मत की मांग उठी है। स्थानीय लोगों ने नियमित गश्त और सुधार कार्य की आवश्यकता पर जोर दिया है।

## संगड़ाह में 6.95 ग्राम चिट्टे के साथ एक गिरफ्तार, 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

अनंत ज्ञान



**नाहन।** जिला सिरमौर के संगड़ाह थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 6.95 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10 जून 2026 को डिटेक्शन सेल, नाहन की टीम गश्त के दौरान संगड़ाह बाजार में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी व्यक्ति काफी समय से संगड़ाह-अंधेरी और आसपास के क्षेत्रों में चिट्टा/हेरोइन की तस्करी करता है तथा उस दिन भी रेस्ट हाउस संगड़ाह के समीप नशा बेचने की फिराक में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 6.95 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

आरोपी व्यक्ति की पहचान गोविंद ठाकुर, निवासी गांव एवं डाकघर अंधेरी, तहसील संगड़ाह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत पुलिस थाना संगड़ाह में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

## 26 वर्ष उपरांत भी कारगिल शहीद भीम सिंह के नाम पर की गई घोषणाएं रही अधूरी

**बीआर चौहान, राजगढ़।** क्षेत्र में कारगिल शहीद लांस नायक भीम सिंह ठाकुर की स्मृति से जुड़ी घोषणाएँ आज तक पूरी न होने पर परिजनों और स्थानीय लोगों में नाराजगी है। शहीद के सम्मान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हाब्बन और हाब्बन-शिवपुर-चंदोल सड़क का नामकरण करने की घोषणा 11 जून 2001 को की गई थी, लेकिन 26 वर्ष बीत जाने के बाद भी यह अधूरी है। परिजनों ने अपने खर्च पर शहीद की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धांजलि दी थी। 2000 में देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए भीम सिंह ठाकुर की शहादत को लोग आज भी गर्व से याद करते हैं। क्षेत्रवासियों ने सरकार से शीघ्र नामकरण और सम्मान की मांग की है। लोगों ने इस मुद्दे को शीघ्र हल करने की मांग दोहराई है। शहीद को उचित सम्मान मिलना चाहिए।

## भगवान शिव का नाम लेने से मनुष्य के जीवन में आते हैं सकारात्मक परिवर्तन: आचार्य हरि

अनंत ज्ञान


बाड़ूबाड़ा देव प्रांगण में प्रवचन सुनते लोग। अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** पंचायत दाड़लाघाट स्थित श्री बाड़ूबाड़ा देव प्रांगण में आयोजित शिव महापुराण कथा के पांचवें दिवस कथावाचक आचार्य हरि महाराज ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को प्रभु स्मरण, संस्कार और पारिवारिक मूल्यों का संदेश दिया। कथा के दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक कथा श्रवण किया।

अपने प्रवचन में आचार्य हरि महाराज ने कहा कि शिव कथाएं बताती हैं कि अनजाने में अथवा सच्चे मन से भगवान शिव का नाम लेने से भी मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। उन्होंने कहा कि जिसने भी भगवान शिव की आराधना की, उसका कल्याण हुआ। भगवान शिव कल्याणकारी हैं तथा उनकी भक्ति मनुष्य को आत्मिक शांति और जीवन में सही दिशा प्रदान करती है। कथा के दौरान आचार्य हरि जी महाराज ने शिव परिवार की महिमा का वर्णन करते हुए भगवान कार्तिकेय और भगवान गणेश का प्रेरणादायक प्रसंग सुनाया।

उन्होंने बताया कि एक बार भगवान शिव और माता पार्वती ने अपने दोनों पुत्रों के समक्ष एक दिव्य फल रखकर कहा कि जो पहले संपूर्ण ब्रह्मांड की परिक्रमा करके लौटेगा, वही इस फल का अधिकारी होगा। भगवान कार्तिकेय अपने वाहन मयूर पर बैठकर ब्रह्मांड की परिक्रमा के लिए निकल पड़े, जबकि भगवान गणेश ने शांत भाव से भगवान शिव और माता पार्वती की परिक्रमा कर उन्हें प्रणाम किया।

## कर्नल शांडिल ने कहा-प्रदेश सरकार प्राथमिकता से करेगी क्यारी-खिन्ना सड़क का निर्माण

अनंत ज्ञान



**कंडाघाट।** हिमाचल प्रदेश सरकार कंडाघाट उपमंडल के तहत आने वाली ग्राम पंचायत बांजनी की क्यारी - खिन्ना सड़क का निर्माण प्रदेश सरकार प्राथमिकता के आधार पर करेगी। इस सड़क को पास करवाकर इस पर बस चलाई जाएगी। यह बात प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ कर्नल धनीराम शांडिल ने पूर्व पंचायत प्रधान प्रेम कुमार की अध्यक्षता में मिले प्रतिनिधि मंडल को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि इस सड़क में अधिकतर वन क्षेत्र आता हैं। इस वन भूमि पर सड़क बनाने के लिए फॉरेस्ट कंजर्वेशन एक्ट के तहत वन अनुमति का अधिकतर काम पूरा हो चूका हैं। शेष अनुमति औपचारिकता शीघ्र पुरी करवाई जा रही हैं। इस साथ सड़क का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण और पास करने में देरी का कारण वन अनुमति में देरी लगना रहा हैं। अब इस काम को पूरा करके लोगों को सड़क सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यह सड़क विधायक प्राथमिकता में रखी गई हैं और प्रधान मंत्री सड़क योजना में शामिल की हैं।

कर्नल शांडिल ने बताया कि शेष वन औपचारिकता पुरी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। शीघ्र ही इसकी रिव्यू बैठक उनके कार्यालय में तय की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल ने पंचायत में कई जगह पेयजल समस्या और पंचायत क्षेत्र की अन्य सड़कों बारे कैबिनेट मंत्री से चर्चा की। उन्होंने इन समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में सिंचाई एवं ग्राम विकास सभा के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर, ग्राम विकास सभा खिन्ना के प्रकाश शांडिल अमर सिंह ठाकुर, समाज सेवी राकेश कुमार सहित कई लोग शामिल रहे। मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत बांजनी के तहत क्यारी-खिन्ना सड़क का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाएगा।

## दाड़लाघाट महाविद्यालय ने बीए तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में गाड़े झंडे

अनंत ज्ञान



**दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट ने बीए तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। महाविद्यालय की छात्रा चंदन ने 8.80 सीजीपीए प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विशेष उपलब्धि के रूप में चंदन ने राजनीति शास्त्र विषय में 100 में से 93 अंक प्राप्त किए।

वहीं नीलम ने राजनीति शास्त्र में सर्वाधिक 97 अंक हासिल कर विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के परिणाम में नीलम ने दूसरा, अंकिता ने तीसरा तथा रीना ने चौथा स्थान प्राप्त किया। राजनीति शास्त्र विभाग के परिणाम भी उल्लेखनीय रहे, जहां 23 विद्यार्थियों में से चार विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विभागाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन का परिणाम है। अन्य विषयों में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हिंदी विषय में दिव्या ठाकुर ने सर्वाधिक 92 अंक प्राप्त किए, जबकि इतिहास विषय में हर्षा ने 96 अंक हासिल किए। समाजशास्त्र और अर्थशास्त्र विषय में अंकिता ने क्रमशः 88 और 87 अंक प्राप्त किए।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि दर्शाती है कि महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा सभी प्राध्यापक पूरी निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थी महाविद्यालय के एकेडमिक स्टार ग्रुप का हिस्सा रहे, जो विद्यार्थियों को बेहतर परीक्षा तैयारी और उत्कृष्ट परिणामों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह परिणाम महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत व समर्पण को भी दर्शाता है।

## शपथ से पहले ही एक्शन में आए नए पार्षद पानी और सफाई व्यवस्था का लिया जायजा


वार्डों में कार्यों का जायजा लेते नए पार्षद। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों ने शपथ ग्रहण से पहले ही अपने-अपने वार्डों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है।

शहर में बढ़ती पेयजल संकट और कूड़ा प्रबंधन की चुनौतियों को देखते हुए वार्ड-12 और वार्ड-4 के पार्षदों ने संबंधित क्षेत्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों के साथ चर्चा कर आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। वार्ड-12 की नवनियुक्त पार्षद प्रियंका अग्रवाल ने सन्नी साइड क्षेत्र में सफाई कर्मियों के साथ बैठक कर स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने वार्ड के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया, जहां कई स्थानों पर सुधार की आवश्यकता महसूस की गई। निरीक्षण के दौरान कुछ क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की जरूरत सामने आई, जबकि कई डस्टबिन क्षतिग्रस्त पाए गए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

## खूनी झड़प के मामले में अदालत ने आरोपियों को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

अनंत ज्ञान



**नाहन।** अदालत ने गुरुवार को शहर के बड़ा चौक बाजार में दो सगे भाईयों के बीच खुनी झड़प के मामले दो आरोपियों को 5 दिन के पुलिस रिमांड में रखने के आदेश दिए। पुलिस ने आरोपियों को आज अदालत ने पेश किया था।

जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि आरोपियों को 15 जून तक डिमांड मिला है। इसके बाद फिर अदालत में पेश किया जायेगा। गौरतलब है कि बीते दिन बाजार बड़ा चौक में खूनी संघर्ष हुआ था जिसमें राम प्रकाश पुत्र स्व0 श्री रत्न लाल निवासी रतन भवन रानी ताल त0 नाहन के ऊपर उसके छोटे भाई दुर्गेश व इसके स्व0 भाई राज कुमार की पत्नी नीलम दोनों ने काम को रुकवाने के लिए आये व बहसबाजी की। इसी बीच दुर्गेश ने जूस की दुकान से नारियल काटने वाले तेज धार वाले दराट को उठाकर तथा नीलम ने आगे घेरकर दुर्गेश ने पिछे से इसकी गर्दन पर दराट से दो वार किए। इस हमले में उसका दाहिने हाथ का अंगुठा तेज धार दराट से कट गया और अंगूठा अलग होकर रास्ते में गिर गया था।

घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई और घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अब रिमांड के दौरान घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जाएगी तथा वारदात में प्रयुक्त हथियार और अन्य साक्ष्यों को लेकर पूछताछ की जाएगी। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## चायल में सिद्ध बाबा मेला कल से

अनंत ज्ञान



**कंडाघाट।** सिद्ध बाबा चायल मेला इस वर्ष 14 से 16 जून 2026 तक बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय इस धार्मिक मेले को लेकर पूरे क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर हैं और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

नवनियुक्त ग्राम पंचायत प्रधान व प्रधान मेला कमेटी पंकज ठाकुर सचिव योगेंद्र वर्मा और नवनियुक्त पंचायत उप प्रधान वह मेला कमेटी उप प्रधानरिकंज गुप्ता कोषाध्यक्ष नवीन कुमार,व मदन शर्मा सुरेश ठाकुर, बाबूराम वर्मा ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि चायल में प्रसिद्ध सिद्ध बाबा चायल मेला इस वर्ष 14 से 16 जून 2026 तक बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय इस धार्मिक मेले को लेकर पूरे क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर हैं और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

मेले का शुभारंभ 14 जून को सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ होगा। इस अवसर पर पटियाला राजवंश की महारानी प्रनीत कौर, युवराज रणिंद्र सिंह, टीका साहब यदु इंदर सिंह और पूर्व सांसद विमला कश्यप सूद विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। सोमवार 15 जून को मेले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि 16 जून को समापन समारोह में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद सुरेश कश्यप करेंगे।

मेले के दौरान विशेष पूजा-अर्चना, हवन और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय लोगों के अनुसार सिद्ध बाबा को क्षेत्र का रक्षक देवता माना जाता है और यहां मांगी गई हर मुराद पूरी होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना जिला की बॉक्सिंग टीम शिमला रवाना



**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** जिला ऊना की बॉक्सिंग टीम 14 से 16 जून 2026 तक जिला शिमला के ज्यूरी तहसील रामपुर क्षेत्र में आयोजित होने वाली हिमाचल प्रदेश सब-जूनियर बालक एवं बालिका राज्य बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना हो गई है। प्रतियोगिता में जिला ऊना के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला ऊना बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में तैयार की गई टीम में लगभग 15 बालक एवं बालिका खिलाड़ी शामिल हैं, जो विभिन्न भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। खिलाड़ी पिछले कई सप्ताह से कड़ी मेहनत और नियमित प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं। टीम के खिलाड़ियों में राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने का उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता के लिए रवाना हुई टीम के साथ राजेश कुमार और सरोज शर्मा कोच के रूप में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। वहीं आर्यन कुमार और प्रतीक टीम मैनेजर की भूमिका निभाते हुए खिलाड़ियों की व्यवस्थाओं और समन्वय की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### वार्ड पंच वंदना ने स्वयं की वाटर कूलर की सफाई

**अनंत ज्ञान, घनारी।** जहां एक ओर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि औपचारिक रूप से शपथ ग्रहण का इंतजार कर रहे हैं, वहीं कुछ जनप्रतिनिधि ऐसे भी हैं जो जनसेवा के कार्यों से अलग पहचान बना रहे हैं और समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। गगरेट उपमंडल की ग्राम पंचायत घनारी में ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला, जहां वार्ड नंबर-4 की नवनिर्वाचित वार्ड पंच वंदना कुमारी ने जनहित और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पंजाब नेशनल बैंक घनारी परिसर में स्थापित वाटर कूलर की स्वयं सफाई की। भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच बैंक में आने वाले सैकड़ों लोगों की प्यास बुझाने के लिए बीडीसी सदस्य द्वारा यह वॉटर कूलर स्थापित किया गया है। लोगों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके, इसके लिए वंदना कुमारी ने किसी कर्मचारी या अन्य व्यक्ति की प्रतीक्षा किए बिना स्वयं आगे बढ़कर वॉटर कूलर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।



### श्रीमद्भागवत कथा से भक्तिमय हुआ अंबेहड़

**अनंत ज्ञान, मुबारकपुर।** डेरा बाबा रुद्रानंद जी अंबेहड़ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चलते पूरा क्षेत्र इन दिनों भक्तिमय वातावरण से सराबोर है। क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु डेरे में पहुंचकर अरविंद धूने के समक्ष शीश नवाने के साथ स्वामी हेमानंद जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। कथा के सफल आयोजन के लिए डेरा प्रबंधक अजय शर्मा, मोहिंदर जसवाल, सतपाल शास्त्री तथा अन्य टीम सदस्य व्यवस्थाओं का सुचारु संचालन कर श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। शुक्रवार को कथा के चौथे दिन वृंदावन से पधारे राष्ट्रीय संत परम श्रद्धेय श्री गौरदास जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने राजा परीक्षित को प्राप्त श्राप का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि यह श्राप भी भगवान की कृपा का ही स्वरूप था। भगवान ने गर्भ में परीक्षित जी की रक्षा अवश्य की, किंतु ब्रह्मास्त्र की महिमा अक्षुण्ण रखने के लिए उनकी आयु 100 वर्ष के स्थान पर 35 वर्ष निर्धारित हुई।

# 'आपदा रक्षक' ऐप से अधिक प्रभावी होगा आपदा प्रबंधन

## 15 जून को होने वाली मॉक ड्रिल में होगा नई तकनीक का लाइव परीक्षण

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला ऊना में आपदा प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को और अधिक सशक्त एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीएसडीएमए) द्वारा विकसित 'आपदा रक्षक' मोबाइल एप्लीकेशन एवं डैशबोर्ड के सफल संचालन को लेकर जिला मुख्यालय ऊना में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

प्रदेश सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निदेशक एवं विशेष सचिव (राजस्व एवं आपदा प्रबंधन) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यशाला में जिला के विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों, आपदा प्रबंधन समन्वयकों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि 15 जून को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय मॉक ड्रिल के दौरान इस नई प्रणाली की कार्यक्षमता का लाइव परीक्षण किया जाएगा। मॉक ड्रिल के दौरान उत्पन्न सभी काल्पनिक आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों की रिपोर्टिंग इसी मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से की जाएगी, ताकि रियल टाइम रिपोर्टिंग सिस्टम एवं डैशबोर्ड की सटीकता, दक्षता और उपयोगिता का व्यापक मूल्यांकन किया जा सके। जिला प्रशासन का मानना है कि इस तकनीकी नवाचार से आपदा प्रबंधन व्यवस्था अधिक मजबूत, तेज और समन्वित बनेगी। आपात स्थितियों में प्रतिक्रिया समय कम होगा, विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा तथा जन-धन की हानि को न्यूनतम करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के समन्वयक और विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी अब मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे। वे अपने-अपने विभागों एवं उपमंडलों के कर्मचारियों को ऐप और डैशबोर्ड के प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।



**रियल टाइम रिपोर्टिंग से मिलेगी त्वरित सहायता**

**जिला** प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि 'आपदा रक्षक' मोबाइल ऐप के माध्यम से किसी भी आपदा अथवा आपातकालीन घटना की भू-टैग रिपोर्टिंग की जा सकेगी। प्राप्त जानकारी को उपग्रह चित्रों पर मैप किया जाएगा, जिससे संकट की स्थिति में त्वरित निर्णय लेने और राहत एवं बचाव कार्यों को शीघ्र शुरू करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि डैशबोर्ड में 'पर्यटक निगरानी मॉड्यूल' भी शामिल किया गया है, जो जिले एवं प्रदेश में पर्यटकों की गतिविधियों तथा उनसे संबंधित घटनाओं की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करेगा।

# ऊना के वार्ड 5 में कुत्तों के हमले में 8 वर्षीय बच्ची गंभीर घायल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर-5 में आवारा कुत्तों के हमले से एक 8 वर्षीय मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि स्थानीय लोगों ने शहर में बढ़ते आवारा कुत्तों के आतंक पर गहरी चिंता जताई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह एक प्रवासी परिवार की बच्ची अपने घर के समीप मौजूद थी। इसी दौरान वहां घूम रहे आधा दर्जन से अधिक आवारा कुत्तों ने अचानक उस पर हमला कर दिया। कुत्तों के झुंड ने बच्ची को घेर लिया और उसके शरीर के कई हिस्सों पर काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और सुबह सैर कर रहे नागरिक तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लोगों ने डंडों और अन्य साधनों की मदद से कुत्तों को भगाया तथा बच्ची को उनके चंगुल से सुरक्षित बाहर निकाला। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते लोग मौके पर नहीं पहुंचते तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। घायल बच्ची को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। फिलहाल बच्ची की स्थिति पर चिकित्सकीय निगरानी रखी जा रही है। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि शहर में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। लोगों ने नगर निगम से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग करते हुए आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनकी संख्या नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की है।

इस संबंध में नगर निगम ऊना के आयुक्त पृथीपाल सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही निगम की टीम को मौके पर भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि शहर में घूम रहे आवारा कुत्तों को चिन्हित कर उन्हें पकड़ने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने नागरिकों से भी सतर्क रहने तथा ऐसी किसी भी घटना की सूचना तुरंत नगर निगम को देने की अपील की है।

## महाराणा प्रताप कॉलेज की नितिका ने बीएससी थर्ड में प्राप्त किया 7वां स्थान



अनंत ज्ञान

**अंब।** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब की छात्रा सुश्री नितिका ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की नई मिसाल पेश करते हुए बीएससी तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाओं में हिमाचल प्रदेश की मेरिट सूची में सातवां स्थान हासिल करके महाविद्यालय अम्ब का नाम रोशन किया है । यह उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है । सुश्री नितिका ने शैक्षणिक क्षेत्र में 9.16 सीजीपीए प्राप्त करके पूरे प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से शुक्रवार को नितिका को उनके पिता नरेश कुमार के साथ आमंत्रित करके सम्मानित किया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दर्शन कुमार ने कहा कि नीतिका शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं और इस बार भी उन्होंने अपने बेहतरीन प्रयास से इस सफलता को प्राप्त किया है जो कि भविष्य में कई विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक होगा। इस अवसर पर नितिका को 6100 रुपए की नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

## मिड-डे मील वर्कर्स 22 को भरेंगे हुंकार

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को बड़ूही में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 22 जून को शिमला में आयोजित होने वाली रैली में क्षेत्र के सभी मिड-डे मील वर्कर्स बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि शिमला हाईकोर्ट के फैसले आने के बावजूद राज्य सरकार द्वारा मिड डे मील वर्कर्स को 12 महीने का वेतन देने के मामले में उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर मामले को लंबित रखने का प्रयास किया जा रहा है। यूनियन नेताओं का आरोप है कि सरकारें न्यायालय के निर्णयों को लागू करने में गंभीरता नहीं दिखा रही हैं। यूनियन ने घोषणा की कि अपनी मांगों के समर्थन में 22 जून को मिड डे मील वर्कर्स स्कूलों में भोजन नहीं बनाएंगे और शिमला रैली में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

# बिजली कटौती से टक्कावासी परेशान

## लोग बोले- ओवरलोडिंग है बिजली कटौती का मुख्य कारण

अनंत ज्ञान

**ऊना।** बिजली विभाग और सरकार की ओर से विद्युत आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन टक्का गांव के लोगों को बार-बार होने वाली बिजली कटौती से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से सब-स्टेशन बनने के बावजूद क्षेत्र में आए दिन किसी न किसी प्रकार के फॉल्ट के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। ग्रामीणों के अनुसार पहले टक्का गांव को झलेड़ा फीडर से बिजली आपूर्ति दी जाती थी, लेकिन अब इसे टक्का फीडर से जोड़ा गया है। करीब 10 दिन पहले भी टक्का फीडर में ट्राली फॉल्ट आने से बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई थी। वहीं मंगलवार शाम को एक बार फिर फॉल्ट आने के कारण करीब तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रही, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

◆ **बिजली विभाग व सरकार से फीडर और ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने की मांग**

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बिजली कटौती का मुख्य कारण ओवरलोडिंग और बिजली लाइनों के आसपास पेड़ों की समय पर कटिंग न होना है। विशेष रूप से एलटी (लो टेंशन) लाइन में सबसे अधिक समस्या सामने आ रही है, जिसके चलते बार-बार फॉल्ट उत्पन्न हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि बिजली लाइनों के आसपास पेड़ों की शीघ्र कटिंग करवाई जाए ताकि फॉल्ट की समस्या कम हो सके और लोगों को बार-बार की बिजली कटौती से राहत मिल सके।

इसके अलावा गांव में स्थापित 63 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर को बदलकर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की भी मांग उठाई गई है, जिससे बढ़ते विद्युत भार को आसानी से संभाला जा सके और बिजली आपूर्ति अधिक सुचारु हो सके। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि विभाग उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करेगा ताकि क्षेत्र के लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके।

# अमेरिकी बमबारी पर भड़की सीपीआई ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

अनंत ज्ञान

◆ **मारे गए भारतीयों के लिए 50 करोड़ मुआवजा और परिजनों को नौकरी की मांग**



**ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) हिमाचल प्रदेश ने अमेरिका द्वारा भारतीय जहाजों पर की गई बमबारी और उसमें तीन भारतीय नौजवानों की मौत की कड़ी निंदा की है। पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व विधायक केके कौशल ने बिलासपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि यह हमला न केवल मानवता के खिलाफ है, बल्कि भारत की विदेश नीति की भी बड़ी विफलता को उजागर करता है।

उन्होंने कहा कि एक जहाज पर हुए हमले के बाद लगी आग में 12 भारतीय नाविक भी फंसे हुए थे, जिनके जीवित होने संबंधी अभी तक कोई स्पष्ट सूचना नहीं मिली है। कौशल ने कहा कि इस घटना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई है।

उन्होंने केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अमेरिका अपने एक नागरिक की मौत का बदला लेने के लिए सैन्य ताकत का प्रयोग करता है, जबकि भारत सरकार केवल संयुक्त राष्ट्र में औपचारिक विरोध दर्ज करवाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेती है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान भी ट्रंप द्वारा हस्तक्षेप और युद्ध रुकवाने का दावा भारत की कमजोर कूटनीतिक स्थिति को दर्शाता है।

सीपीआई नेता ने मांग की कि अमेरिकी हमले में मारे गए तीन भारतीयों के परिवारों को अमेरिका की ओर से कम से कम 50-50 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए। साथ ही केंद्र सरकार प्रत्येक प्रभावित परिवार को 10 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करे।

## कांगड़ी-बल्ही सड़क मार्ग 20 जून तक यातायात के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला दंडाधिकारी व डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के तहत आदेश जारी करते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत कोट से कांगड़ी बाया बल्ही सड़क आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते आगामी 20 जून तक बंद करने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि इस सड़क मार्ग पर अन्य वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है। इसी प्रकार लोक निर्माण मंडल घुमारवीं के अंतर्गत गाहर से केट सड़क मार्ग को आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते आगामी 5 जुलाई तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद किया गया है। जारी आदेश में गाहर से केट सड़क मार्ग का उपयोग करने वाले वाहनों को बाया दधोल से जरोड़ा सड़क मार्ग का उपयोग करने को कहा गया है। उन्होंने जारी आदेशों में बताया कि इन सड़क मार्गों की मरम्मत कार्य के दौरान केवल एंबुलेंस, स्कूल बसों, वीआईपी वाहनों तथा अन्य आपातकालीन सेवा वाहनों की आवाजाही की अनुमति रहेगी।

# कोलडैम झील में पर्यटन और वाटर स्पोर्ट्स की अपार संभावनाएं : धर्माणी

अनंत ज्ञान



परियोजना का निरीक्षण करते मंत्री राजेश धर्माणी।

**ब्यूरो, बिलासपुर।** तकनीकी शिक्षा, नगर एवं ग्राम नियोजन तथा आवास मंत्री राजेश धर्माणी ने शुक्रवार को एनटीपीसी कोलडैम हाइड्रो पावर परियोजना का दौरा कर पावर हाउस का निरीक्षण किया और परियोजना की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मोटर बोट के माध्यम से कोलडैम झील का अवलोकन भी किया। एनटीपीसी प्रबंधन के साथ आयोजित बैठक में धर्माणी ने कहा कि कोलडैम झील वाटर स्पोर्ट्स और पर्यटन विकास के लिए अत्यंत उपयुक्त है। उन्होंने एनटीपीसी और जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने पर जोर दिया।

◆ **मंत्री ने किया एनटीपीसी कोलडैम हाइड्रो पावर परियोजना का दौरा**

उन्होंने कहा कि बिलासपुर फोरलेन परियोजनाओं से जुड़ा होने के कारण यहां होम-स्टे गतिविधियों के विस्तार की बड़ी संभावनाएं हैं। इसके लिए तकनीकी विश्वविद्यालय, पर्यटन विभाग और एनटीपीसी के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार किए जाने चाहिए। मंत्री ने कहा कि 800 मेगावाट की कोलडैम परियोजना प्रदेश और देश दोनों के लिए लाभदायक साबित हुई है तथा इससे स्थानीय विकास और रोजगार को बढ़ावा मिला है। उन्होंने लाडा और सीएसआर के तहत किए जा रहे विकास कार्यों तथा बालिका सशक्तिकरण एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की भी सराहना की। इस अवसर पर एनटीपीसी कोलडैम परियोजना के परियोजना निदेशक शेषागिरी राव सत्तिराजू ने मंत्री का स्वागत करते हुए परियोजना की विस्तृत जानकारी दी।

## खतरनाक पेड़ों से हादसे का खतरा: बालक राम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश वैटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष तथा शहीद नंतराम वेलफेयर मेला एवं दंगल समिति के अध्यक्ष कैप्टन (सेवानिवृत्त) बालक राम शर्मा ने प्रशासन से कोठीपुरा क्षेत्र के चंगर-पलासनी स्थित बाड़ी शिव मंदिर परिसर और समीपवर्ती मैदान में खड़े खतरनाक पेड़ों को जल्द कटवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समिति यहां वर्षों से दंगल एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है। दंगल आयोजन से पूर्व समिति सदस्यों ने निरीक्षण के दौरान कुछ पेड़ों को अत्यंत जर्जर और खतरनाक स्थिति में पाया, जिनसे कभी भी हादसा हो सकता है। कैप्टन शर्मा ने कहा कि समिति तथा स्थानीय ग्रामीणों की ओर से प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि किसी अप्रिय घटना से पहले इन पेड़ों को हटाने के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि जन-धन की हानि से बचा जा सके।

## टीईटी परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** टीईटी परीक्षाओं के शांतिपूर्ण संचालन के लिए 13, 14 और 21 जून को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र बिलासपुर एवं कंदरौर परीक्षा केंद्रों के आसपास बीएनएसएस की धारा 163 लागू रहेगी। इस दौरान रैली, जुलूस, नारेबाजी, लाउडस्पीकर, निर्माण कार्य तथा हथियारों के साथ आने-जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

## एसडीएम करवाएंगे पंचायत समिति अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार ने जिला की सभी पंचायत समितियों में नव-निर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव संपन्न करवाने के लिए संबंधित एसडीएम को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। वे निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ भी दिलवाएंगे।

## पीएम स्वनिधि योजना 2.0 लोक कल्याण मेला 30 तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर परिषद बिलासपुर द्वारा 30 जून तक प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 के तहत लोक कल्याण मेले आयोजित किए जा रहे हैं। पथ विक्रेताओं को ऋण, क्रेडिट कार्ड, डिजिटल लेन-देन, सब्सिडी तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ प्रदान किए जाएंगे।

## जनगणना के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाने का विरोध

**अनंत ज्ञान दधोल।** हिमाचल प्रदेश पदोन्नत स्कूल प्रवक्ता संघ ने चंबा, हमीरपुर और कुल्लू में विद्यालय समय के बाद शिक्षकों की जनगणना ड्यूटी लगाने के आदेशों का विरोध किया है। संघ ने इसे अव्यावहारिक बताते हुए आदेश वापस लेने और शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से राहत देने की मांग की है।

## श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया

**अनंत ज्ञान घुमारवीं।** घुमारवीं के बछड़ी गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कथा व्यास पंडित संजय शास्त्री ने सेवा, सुमिरन और संतोष को जीवन की सच्ची उन्नति का आधार बताया।

## छत सहकारी समिति में निदेशक मंडल के लिए प्रशिक्षण शिविर

**अनंत ज्ञान घुमारवीं।** छत सहकारी समिति में निदेशक मंडल सदस्यों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। विशेषज्ञों ने सहकारिता अधिनियम, नियमों और उपविधियों की जानकारी देते हुए पारदर्शिता और प्रभावी प्रबंधन पर बल दिया।

## 15 से पहले पूरा करें स्वयं-गणना का काम : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार ने जनगणना 2027 के तहत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को 15 जून से पहले स्वयं-गणना पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनगणना को विकास योजनाओं और नीति निर्धारण का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए जनसहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया।

## जन सेवा नारायण सेवा समिति की आमसभा 14 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जन सेवा नारायण सेवा समिति गेहड़वी की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु आमसभा का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सचिव की ओर से सभी सदस्यों, पदाधिकारियों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों को सूचित किया जाता है कि नई कार्यकारिणी का गठन 14 जून रविवार को प्रातः 11 बजे, श्री नृसिंह मंदिर जज्जर/कल्याड़े में संपन्न होगा। इस अवसर पर पिछले कार्यकाल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा, आय-व्यय का ब्यौरा रखा जाएगा तथा सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाएगा। क्षेत्र के विकास व सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने हेतु सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। अतः सभी संबंधित सदस्यों व क्षेत्रवासियों से अनुरोध है कि वे समय पर पहुंचकर इस सामाजिक कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# भराड़ी में कैंसर जांच और स्वास्थ्य शिविर, 550 लोगों ने उठाया लाभ




अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** बिलासपुर से 38 किलोमीटर दूर भराड़ी क्षेत्र में चेतना संस्था और ह्यूमैनिटी फर्स्ट के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क कैंसर जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लगभग 550 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग और चेतना संस्था के सचिव हरीश नड्डा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और समय पर बीमारी की पहचान के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने नेत्र रोग, चर्म रोग, शिशु रोग, ईएनटी, हड्डी रोग और दंत रोगों की निशुल्क जांच की और मरीजों को आवश्यक परामर्श भी दिया।

कार्यक्रम के दौरान 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित बांसुरी वादक राजकुमार ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री नवीन शर्मा, मंडल अध्यक्ष जोरावर सिंह, विभिन्न पंचायत प्रतिनिधि, चिकित्सक और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए उपयोगी पहल बताया।

# एम्स बिलासपुर के यूरोलॉजी विभाग में मिलेगी महानगरों जैसी हाईटेक सुविधा

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर में यूरोलॉजी विभाग की सुविधाएं जल्द ही नई ऊंचाई पर पहुंचने वाली हैं। विभाग को मिलने वाला अत्याधुनिक हाई-डेफिनिशन एंडोविजन सिस्टम मरीजों के इलाज को अधिक सटीक, सुरक्षित व आधुनिक बनाएगा। इस तकनीक के माध्यम से डॉक्टर शरीर के अंदरूनी हिस्सों को अत्यंत स्पष्टता के साथ देख सकेंगे, जिससे जटिल सर्जरी और उपचार प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक प्रभावी हो जाएगी।

यूरोलॉजी विभाग में आने वाले अधिकांश मरीज किडनी स्टोन, बढ़े हुए प्रोस्टेट, मूत्राशय की बीमारियों, मूत्र मार्ग में रुकावट, संक्रमण और अन्य जटिल समस्याओं से पीड़ित होते हैं। इन बीमारियों के इलाज में कई बार शरीर के अंदरूनी हिस्सों को बारीकी से देखना आवश्यक होता है। हाई-डेफिनिशन एंडोविजन सिस्टम डॉक्टरों को शरीर के भीतर का बेहद स्पष्ट और विस्तृत दृश्य उपलब्ध कराएगा, जिससे बीमारी की पहचान और उपचार दोनों अधिक सटीक हो सकेंगे।

◆ **बिना बड़े चीरे के दूरबीन आधारित सर्जरी होगी और अधिक प्रभावी**

विशेषज्ञों के अनुसार यह प्रणाली विशेष रूप से एंडोस्कोपिक और मिनिमल इनवेसिव सर्जरी में उपयोगी है। इन सर्जरी में शरीर पर बड़े चीरे लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। छोटे उपकरणों और कैमरे की सहायता से ऑपरेशन किया जाता है। इससे मरीज को कम दर्द होता है, खून कम बहता है और ऑपरेशन के बाद जटिलताओं की संभावना भी घट जाती है। नई तकनीक का लाभ खासकर किडनी की पथरी के मरीजों को मिलेगा। पथरी निकालने की प्रक्रिया के दौरान डॉक्टरों को अंदरूनी हिस्सों का स्पष्ट दृश्य मिलेगा, जिससे उपचार अधिक सुरक्षित होगा।

# मजारी स्कूल के बच्चों ने लगाई ठंडे पानी की छबील




अनंत ज्ञान

**स्वारघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी में अत्यधिक गर्मी से परेशान हो रहे छात्रों ने स्कूल में ही प्रधानाचार्य से अनुमति लेकर छबील लगाकर सभी के लिए ठंडे पानी सहित मीठे तरबूज और चने बांट कर, समाज सेवा की अनूठी मिसाल पेश की।

प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर ने बताया कि कक्षा बाहरवीं के विद्यार्थी उनके पास आए और अपनी इस छबील लगाने की योजना पर चर्चा की, बच्चों की समाज सेवा की इस भावना को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानाचार्य ने तुरंत हामी भर दी और जब इसकी जानकारी स्टॉफ सदस्यों को मिली तो सभी ने अपना अपना आर्थिक सहयोग बच्चों को देने की बात कहीं

इस पर छात्रों का मत था कि एक दिन की छबील हम सभी छात्र अपने-अपने खर्च से लगाएंगे और अध्यापकों से मिले सहयोग से किसी अन्य दिवस पर पुनः छबील लगाई जाएगी। आज लगभग 100बच्चों और अध्यापकों ने इस ठंडे पानी, चने और तरबूज का आनंद लेकर गर्मी से राहत पाई।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य नीलम, अनुराधा शर्मा, राजेश शर्मा हरप्रीत कौर सतनाम कौर रेखा अत्री रेणु शर्मा प्रमोद ठाकुर शैली अग्निहोत्री सुमन ठाकुर, बलबीर सिंह,कश्मीर सिंह वरिष्ठ सहायक शीला दर्शना डिंपी सहित अध्यापक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पांगी में ही शपथ ग्रहण कराने की मांग

**अनंत ज्ञान, पांगी।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा हिमाचल प्रदेश के सोशल मीडिया संयोजक पप्पू ठाकुर ने जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार से मांग की है कि 15 जून को होने वाले पंचायतों के नव-निर्वाचित प्रधानों और उपप्रधानों का शपथ ग्रहण समारोह चंबा जिला मुख्यालय के बजाय पांगी उपमंडल में ही आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि पांगी एक दुर्गम जनजातीय क्षेत्र है, जहां से चंबा पहुंचना काफी कठिन और खर्चीला है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों को लंबी दूरी तय करने के लिए मजबूर करना उचित नहीं होगा। ठाकुर ने कहा कि शपथ ग्रहण जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय स्तर पर ही होना चाहिए ताकि प्रतिनिधियों को सुविधा मिल सके। उन्होंने सरकार से संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने की अपील करते हुए कहा कि पांगी में आयोजन से जनजातीय क्षेत्र की भावनाओं का सम्मान होगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया अधिक सरल बनेगी।



### पांगी दौरे पर पहुंचे न्यायाधीश विवेक सिंह

**अनंत ज्ञान, पांगी।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर ने बुधवार को जनजातीय उपमंडल पांगी का दौरा कर विभिन्न संस्थानों का अनौपचारिक निरीक्षण किया। उन्होंने सन्सारी नाला स्थित अंतरराज्यीय बैरियर चेक पोस्ट, बाल-बालिका देखरेख संस्थान और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय छात्रावास सहित कई शैक्षणिक संस्थानों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, शिक्षण सुविधाओं और बच्चों के रहन-सहन की जानकारी ली। न्यायाधीश ने संस्थानों में रह रहे बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई और आवश्यकताओं के बारे में भी जाना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विद्यार्थियों के हितों को प्राथमिकता देने और सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। पांगी जैसे दुर्गम क्षेत्र में यह दौरा शिक्षा और बाल संरक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### आस्था-उल्लास संग मनाया सेक्रेड हार्ट पर्व

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डलहौजी में 12 जून 2026 को सेक्रेड हार्ट पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत सेंट फ्रांसिस चर्च में विशेष प्रार्थना सभा और पवित्र मिस्सा से हुई, जिसमें पैरिश प्रीस्ट फादर आनंद बैटली, सिस्टर्स, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसके बाद मदर प्लेसीडा ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, ऑर्केस्ट्रा और नाटी प्रस्तुति के माध्यम से ईश्वर के प्रेम, करुणा और मानवता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कक्षा दसवीं 'सी' के नाटक 'दयालु सामरी' ने विशेष संदेश दिया। प्रधानाचार्य सिस्टर मौली चेरियन ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की और सेक्रेड हार्ट पर्व के संदेश को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। अंत में विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित की गईं, जिससे उत्सव का आनंद और बढ़ गया।

### छात्र हितों से कोई समझौता नहीं: एनएसयूआई

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जिला चंबा ने छात्र हितों और जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्यपाल, राष्ट्रपति और जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की कार्यप्रणाली, नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और एचआरटीसी बस सेवाओं की खराब स्थिति पर गंभीर चिंता जताई गई। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय में परिणामों में देरी और समस्याओं के समाधान में लापरवाही से विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। संगठन ने चंबा में बस सेवाओं को सुदृढ़ करने की मांग भी उठाई, ताकि छात्रों, कर्मचारियों और ग्रामीणों को राहत मिल सके। एनएसयूआई ने चेतावनी दी कि छात्र हितों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी।

# महिला सफाई कर्मचारी से दुष्कर्म का आरोप, ठेकेदार-मुंशी पर एफआईआर

## चार दिन के पुलिस रिमांड पर आरोपी, मामले की गहन जांच जारी: एसपी

अनंत ज्ञान



**चंबा।** चंबा मेडिकल कॉलेज में कार्यरत एक महिला सफाई कर्मचारी द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद महिला थाना चंबा में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। शिकायत के आधार पर ठेकेदार एवं मुंशी पर महिला के साथ गलत कार्य करने का आरोप लगाया गया है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय से चार दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला कर्मचारी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि नौकरी का दबाव बनाकर उसके साथ अनुचित व्यवहार किया गया। शिकायत सामने आने के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक चंबा विजय सकलानी ने बताया कि एक महिला सफाई कर्मचारी ने वीरवार शाम को महिला थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है, जिसमें ठेकेदार के साथ उनके मुंशी पर उसके साथ गलत कार्य करने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है और आरोपी का चार दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है। मामले की आगामी कानूनी कार्रवाई जारी है। इससे पहले कुछ महिला कर्मचारियों ने भी आरोप लगाया था कि नौकरी से निकालने की धमकी देकर उन पर दबाव बनाया जाता था तथा उनके साथ अनुचित व्यवहार किया गया। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस का कहना है कि मामले के हर पहलू की निष्पक्ष और गहन जांच की जा रही है तथा तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### 37.23 ग्राम चिट्टे संग युवक पकड़ा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में नशे के कारोबार के खिलाफ विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। इंस्पेक्टर गगन की अध्यक्षता में एसआईयू टीम तथा एचसी योगराज ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 37.23 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान गगन कुमार (25 वर्ष), पुत्र पवन कुमार, निवासी गांव एवं डाकघर कंदला, तहसील व जिला चंबा के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर लिया गया है तथा उसके विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी का संबंध किसी बड़े नशा तस्करी नेटवर्क से तो नहीं है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



# नवीश की उपलब्धि क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत: कुलदीप पठानिया



सिहुंता छिंज मेले में कुलदीप पठानिया ने शिरकत की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा (सिहुंता)।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिहुंता में छिंज मेला कमेटी सिहुंता द्वारा 11 जून को आयोजित पारंपरिक छिंज मेले में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026 की कुश्ती प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत खरगट निवासी नवीश कुमार (नवू) को स्वर्ण पदक जीतने पर 51हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि मेले, उत्सव और त्योहार हमारी समृद्ध लोक संस्कृति एवं परंपराओं का अभिन्न अंग हैं। ऐसे आयोजन न केवल लोगों को मनोरंजन का अवसर प्रदान करते हैं बल्कि समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना समय की आवश्यकता है तथा खेलों के माध्यम से युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की प्रेरणा मिलती है। नवीश कुमार की उपलब्धि क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

# दिलदार अली बट्ट ने अल्पसंख्यक छात्रों की छात्रवृत्ति बहाल करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

- चंबा में हज हाउस और पासपोर्ट सुविधा की मांग

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश हज कमेटी के चेयरमैन दिलदार अली बट्ट ने केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू से नई दिल्ली में हुई मुलाकात के बाद चुराह विधानसभा क्षेत्र में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बैठक में उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश के अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े कई अहम विषय केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखे गए हैं।

दिलदार अली बट्ट ने कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रवृत्ति योजना बंद होने से हजारों छात्रों को नुकसान हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस योजना को पुन: शुरू करने का आग्रह किया ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो और उन्हें आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में दो हज हाउस स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा। बट्ट के अनुसार एक हज हाउस शिमला और दूसरा चंबा में स्थापित किया जाना प्रस्तावित है, जिससे प्रदेश के हज यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके लिए केंद्र सरकार से आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

इसके अलावा चंबा जिले में पासपोर्ट कार्यालय अथवा पासपोर्ट सेवा केंद्र खोलने की मांग भी उठाई गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोगों को पासपोर्ट संबंधी कार्यों के लिए दूर-दराज क्षेत्रों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। बट्ट ने चंबा में बड़े उद्योग की स्थापना की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उनका कहना है कि इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और जिले के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार इन मांगों पर सकारात्मक कदम उठाएगी, जिससे चंबा सहित पूरे प्रदेश को लाभ होगा।

# बारिश से अचानक आई जलधारा से बहे रास्ते, मक्की की फसल को भी नुकसान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले के डिगर प्रथम और डिगर द्वितीय क्षेत्रों में 11 जून को हुई भारी बारिश के बाद अचानक आई जलधारा ने व्यापक तबाही मचाई। तेज बहाव के कारण कई संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि किसानों की मक्की की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों के अनुसार जिन रास्तों का संपर्क नाले के माध्यम से था, वे जलधारा की चपेट में आकर पूरी तरह टूट गए हैं। कई खेतों में पानी और मलबा भर जाने से फसलें बर्बाद हो गई हैं। वहीं कुछ घरों में भी पानी घुसने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

समाजसेवी पंकज राणा ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस छोटी नाली में अचानक इतना अधिक पानी आया, उसे देखकर आशंका जताई जा सकती है कि ऊपरी क्षेत्र में कहीं बादल फटने जैसी घटना हुई हो। उन्होंने बताया कि आसपास के बड़े नाले में भी उतना पानी नहीं था, जितना इस छोटी नाली में देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र निरीक्षण कर नुकसान का आकलन करने तथा प्रभावित परिवारों और किसानों को उचित राहत प्रदान करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते सहायता उपलब्ध करवाई जाए ताकि लोगों को हुए नुकसान की भरपाई हो सके और क्षतिग्रस्त रास्तों को जल्द बहाल किया जा सके।

# सनवाल में पुलिस चौकी की मांग, सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की अपील

अनंत ज्ञान

- जम्मू-कश्मीर सीमा से सटी पंचायत में त्वरित पुलिस सहायता की जरूरत
- चुराह क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता

**चंबा/चुराह।** चंबा जिले के चुराह विधानसभा क्षेत्र की सनवाल पंचायत में पुलिस चौकी खोलने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। जम्मू-कश्मीर सीमा से सटी इस संवेदनशील पंचायत के लोगों का कहना है कि भौगोलिक स्थिति और समय-समय पर सामने आने वाली घटनाओं को देखते हुए यहां स्थायी पुलिस चौकी की स्थापना बेहद जरूरी हो गई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण कई बार इस मांग को प्रशासन और सरकार के समक्ष रख चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि सनवाल पंचायत से तीसा थाना काफी दूरी पर स्थित है, जिसके कारण किसी भी घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस को मौके पर पहुंचने में देर हो जाती है। कई बार पुलिस के पहुंचने तक स्थिति बिगड़ चुकी होती है।

ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में पंचायती राज चुनावों के दौरान भी यहां कई घटनाएं सामने आई थीं, जिसके चलते एक मतदान केंद्र पर दोबारा मतदान करवाना पड़ा और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करना पड़ा। लोगों का मानना है कि यदि पंचायत में स्थायी पुलिस चौकी स्थापित की जाती है तो कानून-व्यवस्था को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकेगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र जम्मू-कश्मीर सीमा से सटा होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत संवेदनशील है। आपात स्थिति में पुलिस सहायता समय पर न मिलने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और पुलिस विभाग से मांग की है कि क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए जल्द से जल्द सनवाल पंचायत में पुलिस चौकी स्थापित की जाए, ताकि लोगों को बेहतर सुरक्षा मिल सके और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके।

# जम्मू-कश्मीर में बिना विस्फोट के खनन का नया समाधान, वॉल्वो सीई ने लगाई उन्नत मशीन

अनंत ज्ञान




**चंडीगढ़/शिमला।** वॉल्वो कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट (वॉल्वो सीई) ने श्रीनगर के पास स्थित टीसीआई मैक्स के चूना पत्थर खनन क्षेत्र में अपनी उन्नत खनन तकनीक तैनात की है। कंपनी ने बीआर40पी वाइब्रो रिपर अटैचमेंट से लैस ईसी300 एक्सकेवेटर को साइट पर लगाया है।

खास बात यह है कि इस क्षेत्र में विस्फोटकों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं है। यह नई तैनाती उस समस्या का समाधान करेगी, जहां मौजूदा ब्रेकर मशीनें तय उत्पादन लक्ष्य हासिल नहीं कर पा रही थीं। इस तैनाती पर वॉल्वो सीई इंडिया के प्रबंध निदेशक दिमित्रोव कृष्णन ने कहा कि जहां ब्लास्टिंग की अनुमति नहीं होती, वहां सबसे बड़ी चुनौती ऐसा विकल्प ढूंढना होता है जो सुरक्षा और नियमों का पालन करते हुए पर्याप्त उत्पादन भी दे सके।

बीआर40पी वाइब्रो रिपर से लैस ईसी300 एक्सकेवेटर नियंत्रित तरीके से बड़े पैमाने पर चूना पत्थर निकालने में सक्षम है। यह पर्यावरण और आसपास रहने वाले लोगों के लिए भी अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्प है। हमारा प्रयास ऐसी तकनीक विकसित करना है, जिससे हमारे ग्राहक पर्यावरणीय जिम्मेदारियों का पालन करते हुए बेहतर उत्पादकता हासिल कर सकें। जिन क्षेत्रों में ब्लास्टिंग की अनुमति नहीं होती, वहां खनन कार्य को गति और दक्षता के साथ जारी रखना बड़ी चुनौती होती है। वॉल्वो का ईसी300-बीआर40पी संयोजन बिना ड्रिलिंग और बिना धमाके के, तेज कंपन (हाई-फ्रीक्वेंसी वाइब्रेशन) की मदद से लगातार चूना पत्थर को तोड़कर निकालता है।

# जींद में हेरोइन सहित एक युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जींद।** पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपराध शाखा सफीदों की टीम ने 21 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित एक आरोपित को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार नशा तस्कर से नशा नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। अपराध शाखा सफीदों के प्रभारी उप निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि उनकी एक टीम बस अड्डा खोखरी के निकट गश्त करर रही थी। तभी सूचना मिली कि गांव बोहतवाला निवासी सुखजिंद्र, जो नशीले पदार्थोंकी तस्करी करता है और गांव खोखरी से बोहतवाला की ओर जा रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए एक युवक को काबू कर लिया गया। आरोपित की नियमानुसार तलाशी लेने पर उसकी पहनी कैपरी की जेब से एक पॉलिथीन बरामद हुआ। जिसमें हेरोइन (चिट्टा) पाया गया। जिसका नियमानुसार वजन करने पर कुल 21 ग्राम हेरोइन पाया गया। बरामद नशीले पदार्थ को नियमानुसार कब्जा में ले सुखजिंदर के खिलाफ सदर थाना सफीदों पुलिस ने नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित से नशा नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। अपराध शाखा सफीदों के प्रभारी उप निरीक्षक राधेश्याम ने कहा कि पुलिस की आमजन से अपील करती है कि नशा तस्करी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# एसआईआर को लेकर जिला प्रशासन सख्त वोटर लिस्ट रिवीजन की तैयारियां तेज

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत वोटर लिस्ट के विस्तृत पुनरीक्षण कार्य को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी कोमल मित्तल के निर्देशों पर विभिन्न नोडल टीमें गठित की गई हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर गीतिका सिंह ने नोडल अधिकारियों की विशेष बैठक की और सभी को पूरी जिम्मेदारी और समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान पर विशेष जोर दिया गया। नोडल ऑफिसर (ट्रेनिंग) हरविंदर सिंह हुंदल को निर्देश दिए गए कि जिला मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से असेंबली मास्टर ट्रेनर्स और बूथ लेवल ऑफिसर्स का प्रशिक्षण जल्द पूरा किया जाए, ताकि वोटरों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं नोडल ऑफिसर (स्वीप) प्रो. गुरबख्शीश सिंह अंटाल और सहायक नोडल अधिकारी गिन्नी दुग्गल को स्कूलों, कॉलेजों, सामाजिक संगठनों और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 जून से 24 जून 2026 तक तैयारी, प्रशिक्षण और प्रिंटिंग का कार्य पूरा किया जाएगा। इसके बाद 25 जून से 24 जुलाई 2026 तक बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 3 अगस्त 2026 को प्रकाशित की जाएगी, जबकि अंतिम सूची एक अक्तूबर 2026 को जारी होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरी की जाएगी, ताकि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो सके।

# हांसी के सात निशानेबाजों ने स्टेट चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हिसार के हांसी स्थित हिंदू शूटिंग अकादमी के सात निशानेबाजों ने स्टेट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर शानदार उपलब्धि हासिल की है। इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन से अकादमी में उत्साह का माहौल है। अब ये सभी खिलाड़ी प्री-नेशनल प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों में राइफल वर्ग से मान्या और जयंत शामिल हैं, जबकि पिस्टल वर्ग से सरिता, अक्षत, कार्तिक, दक्ष और दक्ष पूनिया ने अपनी जगह पक्की की है। सभी खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के दौरान धैर्य, आत्मविश्वास और तकनीकी कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

अकादमी के प्रशिक्षक अनिल कुमार और सतबीर सिंह ने बताया कि खिलाड़ी लंबे समय से नियमित अभ्यास और कठिन प्रशिक्षण में जुटे हुए थे। उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक तैयारी का ही परिणाम है कि खिलाड़ियों ने यह सफलता हासिल की है। अकादमी संचालक अनिल कुमार ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी प्रतिभाओं को उचित प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्री-नेशनल में भी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे और आगे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। इस उपलब्धि पर अकादमी परिवार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सफलता अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# फरीदाबाद : मोदी सरकार के 12 साल देश के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय : कृष्णपाल गुर्जर

अनंत ज्ञान

**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2026 तक भारत ने विकास, अर्थव्यवस्था, आधारभूत ढांचे, सुरक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। वे शुक्रवार को सेक्टर-15 स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पहले दिन से ही राष्ट्र निर्माण के मिशन को लेकर काम किया है। यही कारण है कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि देश की जीडीपी लगातार मजबूत हुई है और जीएसटी संग्रह भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है। अप्रैल माह तक जीएसटी कलेक्शन 2.48 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। साथ ही केंद्र सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले खर्च में छह गुना तक वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, उद्योग और स्टार्टअप जैसे सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय विकास हुआ है। पहले देश में स्टार्टअप की संख्या बेहद कम थी, जबकि आज यह बढ़कर लाखों में पहुंच चुकी है। इसी प्रकार यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या में भी कई गुना वृद्धि हुई है। सड़क नेटवर्क का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 94 हजार किलोमीटर से बढ़कर डेढ़ लाख किलोमीटर से अधिक हो गई है।

उन्होंने दावा किया कि देश के 126 जिलों से नक्सलवाद को समाप्त करने में सफलता मिली है। साथ ही नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। प्रेस वार्ता के दौरान आरआरटीएस और एलिवेटेड पुल परियोजना के तहत नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में मकानों को तोड़े जाने के मुद्दे पर भी उन्होंने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के मकान प्रभावित हुए हैं, उनके प्रति सरकार पूरी संवेदनशीलता रखती है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है और सरकार किसी भी गरीब को उजाड़ने में नहीं, बल्कि बसाने में विश्वास रखती है।

# जींद में रिटायर्ड अकाउंटेंट हनी ट्रैप में फंसा, 60 लाख ठगे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जींद के गढ़ी थाना क्षेत्र में रिटायर्ड रोडवेज अकाउंटेंट को हनी ट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने और प्लॉट व करीब 60 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में सात महिलाओं समेत कुल 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता, गांव हमीरगढ़ निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह अप्रैल 2023 में रोडवेज से रिटायर हुआ था। आरोप है कि गांव की शशी, उसके पति रिंकू और अन्य लोगों ने उसे पहले प्लॉट खरीदने के बहाने संपर्क में लिया और धीरे-धीरे भरोसा जीत लिया।

शिकायत के अनुसार, कुछ समय बाद उसे झांसे में लेकर पैसे लिए गए और फिर एक होटल में बुलाकर उसे नशीला पदार्थ देकर अश्लील फोटो बना ली गई। इसके बाद इन तस्वीरों के आधार पर उसे लगातार ब्लैकमेल किया जाने लगा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उससे नौकरी और पारिवारिक मजबूरी का झांसा देकर कई बार में लाखों रुपए ऐंठे गए। विरोध करने पर बदनामी और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जाती रही। पुलिस के अनुसार, आरोपियों में शशी, उसका पति रिंकू, अंजू, ज्योति, केल्लो, सुशील समेत अन्य शामिल हैं। गढ़ी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बिजली संकट पर भड़के ग्रामीण हिसार-भादरा मार्ग पर लगाया जाम

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** हिसार के बालसमंद क्षेत्र में चार दिन पहले आई तेज आंधी के बाद बिजली आपूर्ति बहाल न होने से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। शुक्रवार को धीरनवास गांव के पास ग्रामीणों ने हिसार-भादरा मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की।

ग्रामीणों के अनुसार, आंधी और बारिश के दौरान 500 से अधिक बिजली के खंभे गिर गए थे, जिसके चलते धीरनवास, रावलवास खुर्द, टोकस, पातन और हिन्दवान सहित कई गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। बिजली नहीं आने से पेयजल संकट भी गंभीर हो गया है।


लगातार चार दिन से बिजली और पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद बिजली निगम ने पर्याप्त कार्रवाई नहीं की। इसी के विरोध में उन्होंने सड़क जाम कर यातायात बाधित कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

वहीं बिजली निगम के एसडीओ धर्मवीर ने कहा कि कर्मचारी दिन-रात मरम्मत कार्य में जुटे हैं और जल्द ही क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# स्ट्रीक्स प्रोफेशनल ने की ब्रूलेट 2026 के साथ लग्जरी ब्रूनेट के नए दौर की शुरुआत

अनंत ज्ञान




**चंडीगढ़।** स्ट्रीक्स प्रोफेशनल, भारत का अग्रणी सैलून-एक्सक्लूसिव हेयर कलर और केयर ब्रांड, ने गर्व के साथ ब्रूलेट-2026 पेश किया है। यह एक ट्रेंड-आधारित कलेक्शन है, जो लग्जरी, शिल्प-कौशल और आधुनिक परिष्कार के नजरिए से ब्रूनेट को नया अर्थ देता है। डार्क रोस्ट कॉफी की धीमी, समृद्ध गहराई, पुरानी वाइन की परिपक्वता और वेलवेट की मुलायम शालीनता से प्रेरित ब्रूलेट सिर्फ एक रंग कहानी नहीं है। यह शिल्प का एक उदाहरण है, जो याद दिलाता है कि सच्ची लक्ज़री कभी जल्दबाजी में नहीं बनती। इसमें परतें हैं, सधा हुआ संतुलन है और एक साफ इरादा है।

इस कलेक्शन के जरिए स्ट्रीक्स प्रोफेशनल ब्रूनेट को सिर्फ एक शेड नहीं, बल्कि गहराई, आयाम और निजी अभिव्यक्ति का सधा हुआ रूप मानता है। इस लॉन्च के बारे में प्रियंका पुरी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट-मार्केटिंग, हाइजीनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट प्राइवेट लि., ने कहा कि ब्रूलेट के साथ हम आज की ब्यूटी दुनिया में हो रहे बड़े बदलाव को पकड़ना चाहते थे। लग्जरी अब ज्यादा शोर मचाने या ज्यादा नाटकीय होने के बारे में नहीं है। यह प्रामाणिकता, शिल्प और इरादे के बारे में है।

हमने ब्रूनेट, जिसे अक्सर एक आम या जाना-पहचाना शेड माना जाता है, को और ज्यादा अभिव्यंजक, गहराई वाला और आधुनिक रूप देने का अवसर देखा। ब्रूलेट के पीछे सोच एक ऐसा कलेक्शन बनाने की थी जो धीरे-धीरे रचा गया, प्रीमियम और भावनात्मक रूप से जुड़ने वाला लगे। एक ऐसा कलेक्शन जो बालों के रंग को सिर्फ बदलाव नहीं, बल्कि निखार जैसा महसूस कराए।

# शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से 39 मांगों पर आज होगी चर्चा

अनंत ज्ञान

◆ शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल शिमला में करेगा मुलाकात

◆ शिक्षकों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर होगी बात

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र चौहान के नेतृत्व में शनिवार 13 जून को प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से सचिवालय में भेंट करेगा। प्रातः 10 बजे आयोजित होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक में शिक्षकों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।



संघ की ओर से शिक्षा मंत्री के समक्ष एक विस्तृत मांग-पत्र भी रखा जाएगा। बैठक में शिक्षा सुधारों से संबंधित 39 विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श होने की संभावना है। संघ का कहना है कि इन विषयों का संबंध शिक्षकों की समस्याओं के समाधान तथा प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने से है। शिक्षा मंत्री के साथ बैठक के उपरांत प्रातः 11 बजे समग्र शिक्षा निदेशालय, शिमला के सभागार में संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा होगी। बैठक में वर्ष 2026-29 के सदस्यता अभियान को लेकर रणनीति तैयार करने के साथ-साथ संगठन के आगामी चुनावों और विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा।

गौर रहे कि दो दिन पूर्व सीबीएसई सब-कैडर के लिए चयनित शिक्षकों ने नियुक्तियां पूरी तरह मेरिट के आधार पर किए जाने की मांग उठाई है। इस मुद्दे को लेकर शिक्षक संघ जल्द ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात करेगा और चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की पैरवी करेगा।

# 88 स्कूलों में खुलेंगे ओपन जिम

## पीएम श्री व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में आधुनिक फिटनेस सुविधाओं की शुरुआत

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में अब केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की फिटनेस और बेहतर स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। समग्र शिक्षा के तहत राज्य के 74 पीएम श्री विद्यालयों और 14 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में आधुनिक ओपन जिम स्थापित किए जा रहे हैं। करीब 3.40 करोड़ रुपए की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में ही व्यायाम और फिटनेस की सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उनका शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास एक साथ सुनिश्चित हो सके।

जानकारी के अनुसार, समग्र शिक्षा द्वारा शुरू की गई यह पहल नई शिक्षा नीति की उस सोच को मजबूती देती है, जिसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी गई है। पहले चरण में 74 पीएम श्री विद्यालयों में लगभग 2.70 करोड़ रुपये की लागत से ओपन जिम स्थापित किए जा रहे हैं, जबकि 14 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में करीब 70 लाख रुपये खर्च कर आधुनिक फिटनेस उपकरण लगाए जा रहे हैं।



ओपन जिम में विद्यार्थियों को मुहैया करवाई जाएंगी आधुनिक फिटनेस सुविधाएं। अनंत ज्ञान

### स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन की दिशा में बड़ा कदम

समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास संभव है। इसी सोच के तहत पीएम श्री विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में ओपन जिम स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी और बच्चों में फिटनेस व स्वस्थ जीवनशैली की मजबूत नींव रखेगी।

बता दें कि प्रदेश में पीएम श्री विद्यालयों को उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों के रूप में विकसित करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों, स्वास्थ्य सुविधाओं और आधुनिक अधोसंरचना के विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है।

इसी कड़ी में विद्यालय परिसरों में ओपन जिम स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे छात्र-छात्राओं को नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों के बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

# कुल्लू में दूध के 28 नमूनों में मिले डिटर्जेंट के अवशेष

अनंत ज्ञान

◆ खाद्य सुरक्षा विभाग ने दी सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी

**ब्यूरो, कुल्लू।** खाद्य सुरक्षा विभाग कुल्लू द्वारा चलाए गए विशेष निरीक्षण अभियान में दूध के अधिकांश नमूनों में डिटर्जेंट अवशेष पाए जाने का मामला सामने आया है। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा कुल्लू अनिल शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी खीम सिंह के नेतृत्व में विभागीय टीम ने शुक्रवार सुबह भुट्टी चौक में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 15 दूध के नमूनों और एक पनीर के नमूने की जांच की गई। अभियान का उद्देश्य फिलहाल जागरूकता एवं निगरानी रहा, इसलिए तत्काल कानूनी कार्रवाई करने के बजाय संबंधित विक्रेताओं को सुधार का अवसर प्रदान किया गया। निरीक्षण के दौरान मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब की प्रभारी एवं फूड एनालिस्ट दिव्या ठाकुर ने नमूनों की प्रारंभिक जांच की। जांच में यूरिया, स्टार्च और डिटर्जेंट की मौजूदगी का परीक्षण किया गया। परिणामों में अधिकांश दूध के नमूनों में डिटर्जेंट के अंश पाए गए, जबकि यूरिया और स्टार्च की मिलावट नहीं मिली। विभाग के अनुसार प्रथम दृष्टया यह संभावना है कि दूध रखने वाले कंटेनरों और केनों की सफाई के बाद उन्हें पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी से अच्छी तरह नहीं धोया गया, जिससे डिटर्जेंट के अवशेष दूध में पहुंच गए। अधिकारियों ने कहा कि खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से यह गंभीर चिंता का विषय है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने सभी दूध विक्रेताओं से कंटेनरों की सफाई के लिए उपयुक्त डिशवॉशिंग लिक्विड का उपयोग करने तथा इस्तेमाल से पहले उन्हें स्वच्छ बहते पानी से अच्छी तरह धोने की अपील की है, ताकि किसी भी प्रकार के रासायनिक अवशेष की संभावना समाप्त हो सके।विभाग ने संबंधित विक्रेताओं को चेतावनी जारी करते हुए स्वच्छता मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में यदि दोबारा रासायनिक अवशेष पाए जाते हैं तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 59 के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मोदी सरकार में हिमाचल को मिली विकास की नई पहचान: नड्डा

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बोले- एम्स, मेडिकल कॉलेजों और राष्ट्रीय राजमार्गों से बदली प्रदेश की तस्वीर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे '12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के' अभियान के अंतर्गत राजधानी शिमला में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री तथा भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों को भारत के इतिहास का परिवर्तनकारी और स्वर्णिम कालखंड बताया। नड्डा ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में बीते 12 वर्षों में मजबूत नींव रखी गई है, जिसका लाभ देश के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश को भी बड़े स्तर पर मिला है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। बिलासपुर में स्थापित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर, नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार तथा विभिन्न फोरलेन परियोजनाओं ने प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान की है। उनका कहना था कि इन परियोजनाओं से न केवल स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हुई हैं, बल्कि दूरदराज के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होने से आर्थिक और सामाजिक विकास को भी बल मिला है। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल देश के उन राज्यों में शामिल है जहां विकास की रफ्तार स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।





भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा।

नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं ने आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचा है, उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को धुएं से राहत दिलाई है और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों परिवारों को पक्की छत उपलब्ध हुई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भी बड़ी संख्या में परिवार इन योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं। सरकार की नीतियों का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना रहा है और इसी सोच के कारण जनविश्वास लगातार मजबूत हुआ है।

### मोदी के नेतृत्व में असंभव कार्य भी हुए संभव: जयराम

**शिमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शिमला के पीटरहॉफ में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नरेंद्र मोदी के रूप में देश को एक सशक्त, राष्ट्रभक्त और निर्णायक नेतृत्व मिला, जिसके कारण दशकों से लंबित और असंभव माने जाने वाले कार्य भी संभव हो सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में विकास, सुशासन और जनकल्याण की नई कार्यसंस्कृति स्थापित हुई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का वर्षों पुराना सपना नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के साथ साकार हुआ और उनके नेतृत्व में अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, तीन तलाक जैसी कुप्रथा का अंत तथा गरीब कल्याण की अनेक योजनाओं का सफल क्रियान्वयन संभव हुआ। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान से आगे बढ़कर चौथे स्थान तक पहुंची है, जो भारत की बढ़ती शक्ति का प्रमाण है। जयराम ने जगत प्रकाश नड्डा के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने संगठन और केंद्र सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हुए हिमाचल प्रदेश के हितों की प्रभावी पैरवी की, जिसके परिणामस्वरूप राज्य को केंद्र से रिकॉर्ड सहायता प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का 12 वर्षों का कार्यकाल पूरी तरह अतुलनीय रहा है और यह भारत के पुनरुत्थान का स्वर्णकाल साबित हुआ है।

# लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर के निरंतर प्रयासों का असर

## विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राजनयिक को किया तलब

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा ओमान के निकट अमरीकी मिसाइल हमले में हिमाचल प्रदेश के युवा नाविक आदित्य शर्मा के दुखद निधन के मामले को लगातार गंभीरता से उठाने और विदेश मंत्रालय के साथ सतत संपर्क बनाए रखने के परिणामस्वरूप भारत सरकार ने इस मामले में सख्त रुख अपनाया है। गौरतलब है कि अनुराग सिंह ठाकुर ने 11 जून को भारत सरकार के विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर आदित्य शर्मा के निधन के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने तथा पार्थिव शरीर को शीघ्र भारत लाने की मांग की थी। इसके अतिरिक्त वे लगातार विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में रहे तथा मामले की हर प्रगति पर व्यक्तिगत रूप से निगरानी रखते रहे। इसी क्रम में आज विदेश मंत्रालय ने भारत में अमेरिकी प्रभारी राजनयिक जेसन मीक्स को तलब किया।



भारत सरकार की ओर से उन्हें ओमान की खाड़ी में भारतीय नाविकों को लेकर चल रहे वाणिज्यिक जहाजों पर अमेरिकी नौसैनिक बलों द्वारा किए जा रहे हमलों को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। इन घटनाओं के कारण अब तक तीन भारतीय नागरिकों की दुखद और टाली जा सकने वाली मृत्यु हो चुकी है, जिनमें हिमाचल प्रदेश के युवा नाविक आदित्य शर्मा भी शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी पक्ष से स्पष्ट रूप से कहा कि भारत इस प्रकार की घटनाओं को अत्यंत गंभीरता से देखता है तथा अमेरिकी प्रशासन तक भारत की गहरी चिंता पहुंचाई जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि क्षेत्र में संचालित अमेरिकी सैन्य बल भविष्य में नागरिकों और वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं, ताकि निर्दोष नागरिकों की जान को किसी प्रकार का खतरा न हो। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आदित्य शर्मा जैसे युवा भारतीय की असमय मृत्यु पूरे प्रदेश और देश के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि इस मामले में उन्होंने प्रथम क्षण से ही विदेश मंत्रालय, भारतीय दूतावास तथा संबंधित एजेंसियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखा है। उनका प्रमुख उद्देश्य शोकाकुल परिवार को न्याय दिलाना, घटना की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करना तथा भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार द्वारा अमेरिकी राजनयिक को तलब किया जाना इस बात का प्रमाण है कि देश अपने नागरिकों की सुरक्षा के प्रश्न पर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करता।

# शिपकी ला में दिखा सीमा के प्रहरी का साहस

## विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने जवानों से की बात

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारत-तिब्बत सीमा से सटे दुर्गम व सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण शिपकी ला क्षेत्र में विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण के छठे दिन आयोजित इस विशेष भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने न केवल देश की सीमाओं को नजदीक से देखा, बल्कि सीमा पर तैनात जवानों के अदम्य साहस, समर्पण और कठिन जीवन परिस्थितियों को भी समझने का अवसर पाया। इस यात्रा ने सीमांत गांवों के लोगों में राष्ट्रप्रेम, जागरूकता और आपसी सहयोग की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया। जानकारी के अनुसार शिपकी ला पहुंचने पर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जवानों ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और उन्हें सीमा क्षेत्र के सामरिक महत्व, सुरक्षा व्यवस्था तथा यहां की भौगोलिक चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान आईटीबीपी कमांडो द्वारा आयोजित विशेष संवाद सत्र प्रतिभागियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें जवानों ने अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अपने दैनिक जीवन, कठिन मौसम में ड्यूटी और सीमा सुरक्षा से जुड़े अनुभव साझा किए। बटालियन द्वारा आधुनिक उपकरणों, कार्य प्रणाली और विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसे प्रतिभागियों ने बेहद रोचक और ज्ञानवर्धक बताया। कार्यक्रम के समापन के बाद प्रतिभागी अपने-अपने गांवों चुलिंग, लियो और हांगो के लिए रवाना हुए।



शिपकी ला में आईटीबीपी अधिकारियों एवं जवानों के साथ प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

प्रतिभागियों ने कहा कि यह भ्रमण उनके जीवन का एक अविस्मरणीय अनुभव रहा, जिसने उन्हें देश की सीमाओं की वास्तविकताओं से परिचित कराया। विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम सीमांत क्षेत्रों को विकास, जागरूकता और राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक प्रभावी प्रयास के रूप में उभर रहा है।

# हिमफेड में अधिकतम 20 लीटर दूध की होगी खरीद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण आर्थिकी और दुग्ध उत्पादकों से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। राज्य सहकारी विपणन और उपभोक्ता संघ (हिमफेड) के निदेशक मंडल की हालिया बैठक में एक बेहद चौंकाने वाला और बड़ा फैसला लिया गया है। इस नए निर्णय के तहत, हिमफेड ने अब किसानों से की जाने वाली दूध की खरीद पर एक कड़ा दायरा यानी 'कैपिंग' लगा दी है। अब कोई भी पशुपालक या किसान हिमफेड को प्रति दिन अधिकतम केवल 20 लीटर दूध ही बेच सकेगा। इस फैसले के सार्वजनिक होते ही शिमला सहित प्रदेश के तमाम ग्रामीण इलाकों और दुग्ध उत्पादकों के बीच हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार पशुपालकों और किसान संगठनों का मानना है कि सरकारी और सहकारी संस्थाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देना और किसानों को बिचौलियों के शोषण से बचाना होता है। लेकिन हिमफेड का यह नया फरमान उन प्रगतिशील किसानों के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है, जिन्होंने कर्ज लेकर या अपनी जमा-पूंजी निवेश कर डेयरी उद्योग को बड़े स्तर पर अपनाया है। इस बंदिश के बाद अब सबसे बड़ा संकट यह खड़ा हो गया है कि जो किसान रोजाना 40 से 50 लीटर या उससे अधिक दूध का उत्पादन कर रहे हैं, वे अपने बचे हुए दूध को कहाँ और किस दाम पर खपाएंगे।

# जो सोशल मीडिया पर उपलब्धि के लिए बांट रहे बधाई उन्हें खतरे की जद में रह रही बेटियों पर दया नहीं आई

## जर्जर भवन में रह रहीं गर्ल्स बास्केटबॉल हॉस्टल सरकाघाट की 20 छात्राएं

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** फरियाद के बावजूद होनहार बेटियों के जीवन की सुरक्षा से नजर चुराई, असुरक्षा के माहौल में जब एक बेटी ने इतिहास रच दिया तो सोशल मीडिया पर 'सरकार' बांट रहे बधाई। जी हां, वर्ल्ड स्कूल गेम्स में कन्या बास्केटबाल हॉस्टल सरकाघाट की खिलाड़ी काव्या शर्मा के चयन पर खिलाड़ी की पीठ थपथपाने के बहाने प्रदेश सरकार खिलाड़ियों की हिमायती होने के दमगज्जे भर रही है, पर अंदर का सच यह है कि इस स्पोर्ट्स हॉस्टल की छात्रा खिलाड़ी जान जोखिम में डाल कर खेल मानचित्र पर देश का नाम रोशन करने की जद्दोजहद कर रही हैं। भवन जर्जर और परिसर बिना बाउंडरी के। इस हाल में देश के लिए खेल के सितारे तराशने के लिए प्रदेश सरकार का 'व्यवस्था परिवर्तन' स्लोगन खोखला दिख रहा है।



गर्ल्स बास्केटबॉल हॉस्टल सरकाघाट का जर्जर भवन। अनंत ज्ञान

मामला प्रदेश के एकमात्र गर्ल्स बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल का है जहां वर्ष 2019 में एक जर्जर भवन में शुरू किए इस हॉस्टल की 20 खिलाड़ी छात्राएं पिछले 6 वर्षों के दौरान भारी मानसिक परेशानियां झेलने के बावजूद देश और विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। इस बारे में एसडीएम राजेंद्र गौतम ने बताया कि स्पोर्ट्स हॉस्टल के लिए साइट प्लान और नक्शा बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी को आदेश दिए थे। वहीं, लोक निर्माण विभाग सरकाघाट के अधिशासी अभियंता भूपेंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद स्पोर्ट्स हॉस्टल के लिए साइट प्लान और एस्टीमेट बनाकर शिक्षा विभाग को सौंप दिया था उसके बाद उन्हें कोई भी निर्देश नहीं आया है।

### चुनौतियों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलने पहुंची काव्य

**तमाम** चुनौतियों के बावजूद भी खिलाड़ी छात्रा काव्य शर्मा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गई। काव्य इस हॉस्टल में आठवीं कक्षा में आई थीं और हॉस्टल में कई असुविधाओं के बाद भी कड़ी मेहनत से सर्बिया में होने वाले इंटरनेशनल टूर्नामेंट में शामिल हुई है। हॉस्टल के कोच पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी राकेश ठाकुर की अगवाई में अब तक 70 छात्राएं राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं खेल चुकी हैं।



# उपलब्धि 1080 एमएसएमई का डिजिटल आकलन, 890 इकाइयों में हरित उत्पादन को बढ़ावा

## रैंप कार्यक्रम में हिमाचल की बड़ी छलांग, केंद्र ने सराहा मॉडल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज करते हुए केंद्र सरकार का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। उद्योग निदेशालय में आयोजित समीक्षा बैठक में भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं विकास आयुक्त डॉ. रजनीश ने राइजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (रैंप) कार्यक्रम के तहत राज्य में हुए कार्यों की सराहना की। बैठक में बताया गया कि एमएसएमई स्मार्ट पहल के अंतर्गत 1080 उद्यमों का डिजिटल तत्परता आकलन पूरा किया गया है, जबकि 890 इकाइयों में संसाधन दक्षता एवं स्वच्छ उत्पादन अध्ययन कर हरित औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया गया है। साथ ही जिला उद्योग केंद्रों और संबंधित संस्थानों के 7492 पुराने अभिलेखों का डिजिटलीकरण कर प्रशासनिक दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार लाया गया है। जानकारी के अनुसार उद्यमिता को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से प्रदेश में 48 प्री-इन्क्यूबेशन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनसे लगभग 19 हजार युवा जुड़े हैं। इन केंद्रों के माध्यम से नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा मिलने के साथ युवाओं को स्वरोजगार और उद्योग स्थापना के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं एमएसएमई इकाइयों की वित्तीय पहुंच मजबूत करने के लिए इनवॉइस मार्ट और आरएक्सआईएल के साथ समझौते किए गए हैं, जिससे व्यापार देयक छूट प्रणाली के माध्यम से भुगतान में देरी जैसी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित होगा। समीक्षा बैठक में सामाजिक समावेशन को भी प्राथमिकता देते हुए महिला एवं वंचित वर्गों के उद्यमों को वित्तीय और व्यावसायिक अवसरों से जोड़ने के प्रयासों की जानकारी दी गई।



### वैश्विक मॉडल अपनाकर और मजबूत होगा हिमाचल प्रदेश का उद्यमिता तंत्र

**बैठक** में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। डॉ. रजनीश ने पात्र कारीगरों को ऋण सुविधाएं और टूलकिट उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए तथा योजना के प्रति व्यापक जागरूकता पर बल दिया। समीक्षा के दौरान यह भी बताया गया कि 1325 ग्रामीण महिला उद्यमियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जबकि विभिन्न कार्यशालाओं और नेटवर्किंग कार्यक्रमों के माध्यम से सैकड़ों महिलाओं को उद्यमिता से जोड़ा गया। डॉ. रजनीश ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने रैंप कार्यक्रम के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने में प्रभावशाली कार्य किया है। उन्होंने संकेत दिए कि भविष्य में अंतरराष्ट्रीय अध्ययन एवं अनुभव यात्राओं के माध्यम से वैश्विक सर्वोत्तम मॉडल अपनाकर प्रदेश के उद्यमिता तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा।

# 17 लक्की ड्रॉ विजेताओं को चेक और महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला रेड क्रॉस सोसाइटी ऊना के सौजन्य से शुक्रवार को बचत भवन ऊना में लक्की ड्रा विजेताओं को पुरस्कार वितरण तथा सामर्थ्य योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान करने के लिए एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त ऊना एवं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष जतिन लाल ने की। इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष डॉ. रेणु सहरावत भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के 17 लक्की ड्रा विजेताओं को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि सामर्थ्य योजना के अंतर्गत 15 पात्र महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रोत्साहित किया गया। इसके अतिरिक्त रेड क्रॉस टिकटों की सर्वाधिक बिक्री करने वाले विभागों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी ऊना से चार नए पैट्रन सदस्य भी जुड़े, जिनमें उपायुक्त जतिन लाल, सुरिंदर कुमार, राकेश कौशल तथा सुरेश कुमार शर्मा शामिल हैं। इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी मानवता और सेवा का प्रतीक है, जो बीमार, असहाय, जरूरतमंद एवं आपदा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों के आयोजन से लेकर सामाजिक कल्याण और आपदा राहत कार्यों तक रेड क्रॉस समाज के हर वर्ग तक सहायता पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी रेड क्रॉस की गतिविधियों से जुड़कर जरूरतमंदों की मदद करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने लक्की ड्रॉ के 17 विजेताओं को नकद पुरस्कार, मिक्सर ग्राइंडर, प्रेशर कुकर और दीवार घड़ी प्रदान कर सम्मानित किया। लक्की ड्रा में खुशी राम चौधरी को 70 हजार रुपये, राजीव कुमार को 50 हजार रुपये तथा पवन कुमार को 20 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा जोगिंदर पाल, आर्यन राणा और कमलजीत कौर को 2,500-2,500 रुपये, जबकि राकेश कुमार, ऋतु रानी, रजनी शर्मा और अनूप कुमार को 2-2 हजार रुपये तथा सुरिंदर मोहन को 500 रुपये का पुरस्कार दिया गया। वहीं ललिता देवी और नरेश को मिक्सर ग्राइंडर, शिवशाशी पुरी को प्रेशर कुकर तथा सनम को दीवार घड़ी भेंट की गई।